फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 19, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन 14
देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक 13

## किसानों का दिल्ली कूच सीमाओं पर चौकसी बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

किसानों के विरोध-प्रदर्शन और दिल्ली कूच के मद्देनजर दिल्ली की सीमाओं पर बुधवार को यातायात प्रभावित हुआ। बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की वजह से दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर और दिल्ली-नोएडा सीमा पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गयीं।

पुलिस ने सीमाओं और शहर के अन्य हिस्सों में अवरोधक लगाए हैं और मध्य दिल्ली की ओर जाने वाली सड़कों पर जांच तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पुलिस बल टिकरी, सिंघु और गाजीपुर सीमाओं के साथ-साथ रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रख रहा है। एक अधिकारी ने बताया हमने तीनों सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि हमने कोई सीमा या मार्ग को बंद नहीं किया है।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी दिल्ली) जिमी चिराम ने बताया कि दिल्ली-हरियाणा सीमा पर बल पहले से ही तैनात है। किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान के मद्देनजर हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सिंघु और टिकरी सीमाओं पर अस्थायी रूप से लगाए गए अवरोधकों को वाहनों की आवाजाही के लिए हटा दिया गया है।

# देश-दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी की सर्वाधिक रेटिंग : धामी

संवाददाता, रुद्रपुर

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित
- कहा-18 घंटे लगातार काम करने के बाद भी नहीं थकते हैं प्रधानमंत्री

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मजबूत इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति हैं, वह 18 घंटे तक लगातार काम करने के बाद भी रुकते नहीं हैं। देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति से भी प्रधानमंत्री का अटूट प्रेम है। उत्तराखंड का विकास उनकी प्राथमिकता में हैं। हर गरीब का अपना मकान होगा यह उनकी ही सोच है। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को रुद्रपुर में नजूल भूमि के निशुल्क पट्टा वितरण एवं किफायती आवास आवंटन के दौरान कही।

सीएम धामी ने बुधवार को गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश हित में सोचते हैं। इस वजह से आज देश तरक्की कर रहा है, दुनिया में हमारे देश ने एक अलग पहचान बनाई है। लालकुआं से अमृतसर को ट्रेन संचालित करना हो या फिर किच्छा में एम्स और पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण सभी प्रधानमंत्री मोदी के ही विकास की सोच है। मुझे बहुत खुशी है कि आज आखिरकार वह दिन आ गया है जब गरीबों को उनका घर और पट्टा मिल रहा है।



गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का माला पहनाकर कर स्वागत करते सांसद, विधायक व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### 2600 परिवारों को मिला मालिकाना हक

मुख्यमंत्री धामी ने 2600 लोगों को मालिकाना हक के स्वीकृति पत्र सौंपे। जिला विकास प्राधिकरण की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 403 लाभार्थियों को आवास आवंटन पत्र भी सौंपे।

### 56704.93 लाख के कार्यों का किया शिलान्यास



सीएम धामी ने ऊधमसिंह नगर की नौ विधानसभा सीटों पर 56704.93 लाख की 222 विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसमें 35758.69 लाख के 106 कार्यों का शिलान्यास और 20946.24 लाख के 116 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

### एक नजर

#### प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त महिला पायलट घायल

**गुना।** मध्यप्रदेश की गुना हवाईपट्टी पर आज एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार महिला पायलट घायल हो गई। पुलिस सूत्रों ने प्रारंभिक सूचना के हवाले से कहा कि प्रशिक्षु विमान राज्य के नीमच से सागर जिले के ढाना तक की उड़ान पर था। उड़ान के दौरान महिला पायलट को कुछ तकनीकी परेशानी प्रतीत हुई। इसके बाद उसने गुना हवाईपट्टी पर अनुमति के बाद आपातकालीन लैंडिंग कराई। लैंडिंग के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और झाड़ियों में जा घुसा। वहां मौजूद लोगों ने महिला पायलट को विमान से निकाला और तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। महिला पायलट का नाम नैनसी मिश्रा (22) बताया गया है।

### प्रधानमंत्री ने कहा-संदेशखालि के गुनहगारों को बचाने में लगी ममता सरकार

# महिलाओं पर अत्याचार ने किया शर्मसार

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

## बोले-संदेशखालि का ज्वार पूरे बंगाल में फूटेगा, तृणमूल कांग्रेस का कर देगा सफाया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संदेशखालि में नारी शक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है और इससे हर किसी का सिर शर्म से झुक गया है। आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेतृत्व वाली सरकार राज्य की महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है जबकि उसे हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में झटका लगा है। राज्य सरकार के इस व्यवहार से बंगाल की महिलाएं... देश की महिलाएं आक्रोश में हैं। नारी शक्ति के आक्रोश का यह ज्वार संदेशखालि तक ही सीमित नहीं रहने वाला है, बल्कि यह पूरे बंगाल तक जाएगा और पूरे राज्य में टीएमसी को खत्म कर देगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख और उनके साथियों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोप हैं।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर 24 परगना जिले के मुख्यालय बारासात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से आयोजित 'नारी शक्ति वंदन अभिनंदन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा, कहा कि 'संदेशखालि का ज्वार' पूरे पश्चिम बंगाल में फूटेगा, जहां 'नारी शक्ति' लोकसभा चुनावों में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मोदी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि तुष्टीकरण और तोलाबाजों के दबाव में काम करने वाली टीएमसी सरकार कभी भी बहन-बेटियों को सुरक्षा नहीं दे सकती है। वहीं दूसरी तरफ केंद्र की सरकार है जिसने बलात्कार जैसे संगीन अपराध के लिए फांसी की सजा तक की व्यवस्था की है। लेकिन यहां नारी पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है।



### पानी के भीतर देश की पहली मेट्रो का किया लोकार्पण

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता मेट्रो के एस्प्लेनेड–हावड़ा मैदान खंड का लोकार्पण किया। यह खंड देश में पहली बार पानी के अंदर बने परिवहन सुरंग के माध्यम से हुगली नदी के नीचे से होकर गुजरता है। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की। यह सुरंग देश की उन्नत अभियांत्रिकी क्षमताओं का साक्ष्य है। प्रधानमंत्री के साथ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि 4.8 किलोमीटर लंबा हावड़ा मैदान–एस्प्लेनेड खंड ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर का हिस्सा है और इसका निर्माण 4,960 करोड़ रुपये की लागत से 14 अप्रैल 2009 को शुरू हुआ था।

### ईडी को अवमानना याचिका की अनुमति

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को नहीं सौंपे जाने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की बुधवार को अनुमति दी। ईडी की ओर से पेश डिप्टी सॉलीसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने अवमानना याचिका दाखिल करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

### सीबीआई को सीआईडी ने शाहजहां शेख की हिरासत सौंपी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की हिरासत अंततः बुधवार शाम को सीबीआई को सौंप दी। सीआईडी ने यह कदम कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा उसे केंद्रीय एजेंसी को सौंपने के लिए लगातार दो दिन दिए निर्देश के बाद उठाया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में ईडी टीम पर हमले की जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को सौंपने के उसके मंगलवार के आदेश को तुरंत लागू करे। सीबीआई टीम अपराह्न चार बजे से पहले ही भवानी भवन पहुंच गई। लेकिन सीआईडी ने शाहजहां को शाम 6:48 बजे केंद्रीय एजेंसी को सौंपा।

## बॉक्सिंग कोच को पांच साल का कठोर कारावास

संवाददाता, रुद्रपुर



- पॉक्सो न्यायाधीश ने सुनाया फैसला, बीस हजार का अर्थदंड
- नाबालिग छात्रा खिलाड़ी से की थी अश्लील हरकत

**अमृत विचार:** वर्ष 2019 में एक नाबालिग छात्रा खिलाड़ी से अश्लील हरकत करने के दोषी को पोक्सो न्यायाधीश की अदालत ने पांच साल का कठोर कारावास और बीस हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया है। इस दौरान डीजीसी ने दस गवाह पेश किए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना निर्णय दिया।

विशेष अभियोजक फौजदारी विकास गुप्ता ने बताया कि काशीपुर स्थित स्टेडियम में डे बोर्डिंग की एक नाबालिग छात्रा बॉक्सिंग सीखने आती थी। आरोप था कि वहां तैनात बॉक्सिंग कोच हरजिंदर सिंह संधू नाबालिग छात्रा खिलाड़ी से अश्लील हरकतें करता रहता था। आरोप था कि जब नाबालिग विरोध करती, तो आरोपी उसे भयभीत करता था। बार-बार अश्लील हरकतों से परेशान नाबालिग ने 17 जुलाई 2019 को घर जाकर माता-पिता को आपबीती बताई। अभिभावकों ने मामले की शिकायत भारतीय खेल प्राधिकरण ट्रेनिंग सेंटर काशीपुर की प्रभारी ज्योति साह से की। मामले की विभागीय जांच कमेटी बनाकर जांच करवाई गई तो नाबालिग के आरोप सही पाए गए और पुलिस ने प्राधिकरण की काशीपुर प्रभारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत चार्जशीट कोर्ट में पेश की। मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो न्यायाधीश अश्विनी गौड़ की अदालत में हुई। जहां विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने अदालत के सामने दस गवाह पेश किए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने दोषी बॉक्सिंग कोच हरजिंदर सिंह संधू को पांच साल कठोर कारावास और बीस हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया। साथ ही प्रदेश सरकार को आदेशित किया कि पीड़िता को एक लाख रुपये की क्षतिपूर्ति भी दी जाए।

## नेताओं और नौकरशाहों ने जन विश्वास को डाल दिया है कचरे में : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

### कॉर्बेट अवैध निर्माण मामला




- पूर्व वन मंत्री और पूर्व वन अधिकारी को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार
- तीन माह के भीतर स्थिति की रिपोर्ट सौंपने के सीबीआई को दिए निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड के कॉर्बेट बाघ अभयारण्य में अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई को मंजूरी देने के लिए राज्य के पूर्व वन मंत्री एवं कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत तथा पूर्व मंडल वन अधिकारी किशन चंद को बुधवार को कड़ी फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि यह वह मामला है जहां नौकरशाहों और नेताओं ने जन विश्वास के सिद्धांत को 'कचरे के डिब्बे' में डाल दिया है। उच्चतम न्यायालय ने मामले की जांच कर रहे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को तीन माह के भीतर स्थिति रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए। पीठ ने कहा, रावत और चंद ने कानून की घोर अवहेलना की और पर्यटन को बढ़ावा देने की आड़ में व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए इमारतें बनाने के वास्ते बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई में संलिप्त रहे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह कानूनी प्रावधानों को पूरी तरह ताक पर रख देने की रावत और चंद की धृष्टता से चकित है। शीर्ष अदालत ने एक समिति भी गठित की है, ताकि यह तय किया जा सके कि देश के राष्ट्रीय उद्यानों के सीमांत क्षेत्रों अथवा बफर क्षेत्रों में बाघ सफारी की अनुमति दी जा सकती है या नहीं। प्रवर्तन निदेशालय ने इससे पहले बाघ अभयारण्य में अवैध निर्माण के मामले में रावत और चंद के आवासों पर छापे मारे थे।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा

जौनपुर, एजेंसी

- अपहरण, रंगदारी मांगने के मामले में पाए गए थे दोषी

जौनपुर की एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट ने अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में बुधवार को बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके एक सहयोगी को सात-सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि 10 मई 2020 को नमामि गंगे के परियोजना प्रबंधक के अपहरण, रंगदारी मांगने, षड्यंत्र रचने तथा अपशब्द कहने और धमकी देने के मामले में विशेष एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को मंगलवार को दोषी ठहराया था। बुधवार को उन्हें सात-सात साल की कैद और 75-75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह सजा के बाद धनंजय अब चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो गए हैं।

सजा का ऐलान होते ही न्यायालय परिसर में जमा धनंजय सिंह के तमाम समर्थक मायूस हो गए। धनंजय सिंह ने 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी की थी।

## आम चुनाव के बाद आयोजित होगा उत्तराखंड ओलंपिक : रेखा आर्या

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कांपलेक्स और बद्रीपुरा स्थित मिनी स्टेडियम को निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद उत्तराखंड ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अभी लोकसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। जल्द ही आचार संहिता लागू होने वाली है। चुनाव बाद जैसे ही आचार संहिता हटेगी, उत्तराखंड ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। बेहतरीन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर कोच को निर्देश दिए गए हैं कि 50 में से पांच ऐसे खिलाड़ी तैयार करें जो मेडल लेकर आएं। पांच का पंच के आधार पर कोचों से काम करवाया जा रहा है। स्टेट ओलंपिक के लिए कागजी काम पूरा हो चुका है। राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी उत्तराखंड और स्टेट से खिलाड़ियों का चयन उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन करेगा। खिलाड़ियों के चयन में खेल एसोसिएशन की भी भूमिका रहेगी। खिलाड़ियों को हर सरकारी योजना का लाभ दिलाने के लिए खिलाड़ियों की जानकारी एकत्रित की जा रही है।

## देहरादून से अयोध्या के लिए विमान सेवाएं शुरू, 71 यात्री पहुंचे अयोध्या

अयोध्या/ देहरादून

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया पहली फ्लाइट को रवाना, पहले दिन 13 लोग अयोध्या से आए



**अमृत विचार :** अयोध्या से उत्तराखंड के देहरादून के लिए फ्लाइट का संचालन बुधवार से शुरू हो गया। देहरादून एयरपोर्ट से सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विमान सुबह साढ़े नौ बजे टेकऑफ हुआ और दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या पहुंचा।

अयोध्या एयरपोर्ट निदेशक विनोद कुमार के मुताबिक देहरादून से 71 यात्री अयोध्या पहुंचे। इसके बाद विमान दोपहर में दो बजे के करीब यहां से 13 यात्रियों को लेकर टेकऑफ हो गया। उन्होंने बताया कि अयोध्या के लिए हवाई सेवा सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होगी। यह हवाई सेवा देहरादून से सुबह 9.40 बजे अयोध्या के लिए रवाना होगी और 11.30 बजे अयोध्या पहुंचेगी। अयोध्या से 12.15 बजे वापसी करेगी और 1.55 बजे देहरादून पहुंचेगी। इसके साथ ही अयोध्या से उड़ानों की संख्या 22 हो जाएगी। उधर, उत्तराखंड सरकार की ओर से देहरादून से अयोध्या के बीच विमान सेवा के लिए विशेष छूट प्रदान की गई है। 20 मार्च तक प्रत्येक यात्री का किराया 1999 रुपये होगा। इसके बाद इसका नियत किराया 7006 रुपये ही लिया जाएगा।

## सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ नए शिखर पर



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लाभ में रहे और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंक और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 408.86 अंक यानी 0.55 प्रतिशत उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर 74,085.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 474.14 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 117.75 अंक यानी 0.53 प्रतिशत मजबूत होकर नए शिखर 22,474.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 140.9 अंक तक चढ़ गया था।

### इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान | मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पुलों की सुरक्षा को लेकर की समीक्षा बैठक

# पिछले वर्ष आई आपदा से 79 पुल असुरक्षित

ब्यूरो, देहरादून



- लोनिवि को एसओपी व गाइड लाइन बनाने और पालन कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में पिछले वर्ष आई आपदा के बाद अभी भी 79 पुल असुरक्षित हैं। शासन ने इन पुलों की सुरक्षा के लिए लोक निर्माण विभाग को खनन, वन एवं सिंचाई विभाग के लिए स्पष्ट एसओपी व गाइड लाइन बनाने और लागू करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बुधवार को राज्य की सुरक्षा के लिए समीक्षा बैठक की। उन्होंने पुलों के निर्माण एवं मेंटनेस में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन तथा निर्माण की लगातार निगरानी के सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी संबंधित विभागों व जिलाधिकारियों को पुलों के निर्माण एवं देखरेख के लगातार पर्यवेक्षण के निर्देश दिए हैं।

प्रतिबंधित क्षेत्रों में खनन रोकने के लिए सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्रों में खनन गतिविधियों की शिकायत जनता की ओर से की जा सके इसलिए हेल्प लाइन का मैकेनिज्म मजबूत किया जाए। रतूड़ी ने सिंचाई विभाग को नदी पर स्थित पुल की सुरक्षा के लिए अपस्ट्रीम व डाउनस्ट्रीम में रिवर ट्रेनिंग/फील्ड प्रोटेक्शन वर्क के निर्माण के लिए हाइड्रोलॉजिकल पैरामीटर्स के आधार पर हाइड्रोलिक एनालिसिस कर डिजाइन के निर्देश दिए हैं। सभी संबंधित विभागों को इंटीग्रेटेड एप्रोच से काम करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में लोनिवि अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष अत्यधिक बारिश से बाढ़ आने से लोनिवि के अंतर्गत 97 पुल असुरक्षित हो गए थे। इनमें से अब 18 पुल असुरक्षित श्रेणी से बाहर हैं। वहीं, 49 पुलों की मरम्मत की जारी है, जबकि 30 पुलों की मरम्मत कार्यवाही गतिमान है। इस दौरान सचिव डॉ. पंकज पांडेय, अपर सचिव विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# 8 किलो पॉलीथिन जब्त 23 व्यापारियों का चालान

## नगर पंचायत लालकुआं की टीम ने बुध बाजार में मारा छापा

- व्यापारियों से पॉलीथिन का इस्तेमाल न करने की अपील
- दोबारा पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की दी चेतावनी

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** नगर को पॉलीथिन मुक्त कराने के लिए नगर पंचायत ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बुध बाजार में 23 व्यापारियों का चालान कर करीब 8 किलो पॉलीथिन जब्त की गई। लालकुआं क्षेत्र को पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए बुधवार को नगर पंचायत लालकुआं के अधिशासी अधिकारी राहुल सिंह के निर्देश पर कर्मचारियों ने हाट बाजार में चेकिंग अभियान चलाया। इसके तहत व्यवसायी पातीराम, सारिक, आरिफ, सलीम अहमद सहित कुल 23 दुकानदारों का पॉलीथिन का इस्तेमाल करने पर नगद चालान काटा गया। साथ ही 8 किलो पॉलीथिन जब्त की गई। साथ ही दुकानदारों को पॉलीथिन का प्रयोग न करने की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि भविष्य में जो भी पॉलीथिन का इस्तेमाल करते हुए पाया जाएगा उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर पंचायत कर्मियों ने हाट बाजार में व्यापारियों से पॉलीथिन का इस्तेमाल ना करें कपड़े से बने थैले का इस्तेमाल करें करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां इससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है वही नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को भी खासा नुकसान हो रहा है इसलिए नगर को पॉलिथीन मुक्त बनाने में सहयोग दें। औचक निरीक्षण अभियान में मुख्य रूप से लिपिक धर्मानंद शर्मा, लिपिक सोनू भारती, मनोज बर्गली, दिनेश सिंह, कृष्ण विजय आदि शामिल थे।


नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा जब्त की गई पॉलीथिन। ● अमृत विचार

# इस महाशिवरात्रि में लीजिए 4 तरह के बेरों का स्वाद

- एप्पल बेर सबसे मीठा व महंगा, पौंडा बेर सबसे सस्ता
- बाजार में चमेली व गोला प्रजाति का बेर भी बिक रहा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के लिए बाजार में 4 तरह के बेर आ चुके हैं। एप्पल बेर सबसे मीठा व महंगा, जबकि पौंडा बेर सस्ता है।

इनके आलावा बाजार में चमेली व गोला प्रजाति का बेर भी बिक रहा है। बेर भगवान शिव का प्रिय फल माना जाता है। आगामी शुक्रवार को महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर बेर चढ़ाए जाते हैं।

इसके लिए बाजार में भी तरह-तरह के बेर आ चुके हैं। मंगल पड़ाव सब्जी बाजार में फल बेच रहे शाने आलम ने बताया कि उन्होंने फिलहाल पौंडी प्रजाति (सामान्य) के 60 किलो बेर लगाए हैं, ये बिक जाएगा तो फिर मंडी से ले आएंगे। उन्होंने कहा कि बाजार काफी मंदा है, बुधवार तक कम ही बेर बिक पाए हैं। एक अन्य फल विक्रेता मो. हाकिम अली ने बताया कि उन्होंने भी सामान्य बेर बेच रहे हैं लेकिन अन्य के मुकाबले उनके बेर का आकार बड़ा है। उन्होंने 10 बोरी बेर मंगाए हैं और उन्हें उम्मीद है कि आज उनका सारा माल बिक जाएगा। उन्होंने बताया कि मैदानी क्षेत्रों में बेर हमेशा, जबकि हल्द्वानी आदि में महाशिवरात्रि पर ही बिकता है। उन्होंने बताया कि सामान्य बेर की कीमत 40 से 60 रुपये प्रति किलो चल रही है। फल विक्रेता मो. सलमान ने बताया कि वे एप्पल व सामान्य प्रजाति के बेर बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि एप्पल बेर सबसे मीठा व सबसे महंगा है। उन्होंने बताया कि एप्पल बेर नासिक से आता है और यह 100 रुपये किलो बिक रहा है।

इधर, बाजार में चमेली व गोला प्रजाति का बेर भी बिक रहा है। दुकानदारों ने बताया कि चमेली 80-90 रुपये किलो और गोला 60 रुपये किलो बिक रहा है। उन्होंने बताया कि मंडी में ज्यादातर बेर कासगंज, बरेली व राजस्थान से आता है।


हल्द्वानी बाजार में शिवरात्रि के लिए बेर खरीदते लोग। ● अमृत विचार

### तरुड़, शकरकंद व मीठा कद्दू भी खरीद रहे हैं लोग

बाजार में तरुड़, शकरकंद और मीठा कद्दू मौजूद हैं। लोग इनकी खरीदारी भी कर रहे हैं। तरुड़ 60 रुपये, शकरकंद 50 रुपये, मीठा कद्दू 80 रुपये किलो बिक रहा है। इसके अलावा, स्ट्रॉबेरी को भी लोग खूब खरीद रहे हैं, जिसके 250 ग्राम के एक पैकेट की कीमत 25 रुपये है। इधर, अन्य फलों के दाम अचानक से बढ़ गए हैं। मंगल बाजार मंडी में अनार का दाम 120 रुपये, सेब 100 रुपये, पपीता 50 रुपये, अमरुद 100 रुपये प्रति किलो, जबकि केला 60 रुपये दर्जन और अंगूर 100 रुपये में डेढ़ व संतरा 100 में ढाई किलो है।

# मेला : आठ किमी लंबी निकलेगी कलश यात्रा

- शिवरात्रि मेले को तैयार हुआ अमृतपुर बानना मार्ग
- जिला पंचायत ने मुख्य गेट पर रंगरोगन किया, श्रद्धालु भी पहुंचने लगे

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** छोटा कैलास में आज से प्रारंभ होने वाले शिवरात्रि मेले की तैयारियां पूर्ण हो गई हैं।

जहां मंदिर में श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया है वहीं पहली बार जिला पंचायत ने अमृतपुर मार्ग पर बने मुख्य द्वार पर रंगरोगन कर मेले के लिए तैयार कर लिया है।

आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलडिया ने बताया कि शिवरात्रि मेले में पहली बार जटा मंदिर से कलश यात्रा मंदिर तक जाएगी जिसकी दूरी आठ किमी है।

कलश यात्रा के लिए मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष त्रिलोचन पलडिया ने 25 कलश दिए हैं। 101 कलश की व्यवस्था की जा रही है। इधर क्षेत्र में भंडारे आयोजित करने वाले श्रद्धालु भी पहुंचने लगे हैं।


छोटा कैलाश में कांवड़ लेकर जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### वृद्धजनों एवं दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक किया


वृद्धजनों एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाते अधिकारी।

**हल्द्वानी/भीमताल :** श्री आनंद आश्रम बजवालपुर में समाज कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में वृद्धजनों (80+) एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। शिविर में जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने चुनाव में समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को मतदान के दिन दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। शिविर में सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल आर्य, सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय बिष्ट, स्वीप नैनीताल से प्रदीप उपाध्याय, प्रबंधक आनंद आश्रम कनक चंद आदि मौजूद रहे।

### कर निरीक्षक हिमांशु को मिला एसआई का अतिरिक्त पदभार



**नैनीताल।** नगर पालिका के एसआई को भीमताल प्रभारी ईओ बनाये जाने के बाद रिक्त पड़े एसआई के पद पर कर निरीक्षक हिमांशु चंद्रा की नियुक्ति कर दी गई है। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि पर्यटन नगरी व जिला मुख्यालय होने के चलते नगर में सफाई की व्यवस्था को दुरस्त रखने के लिए रिक्त एसआई के पद पर जल्द तैनाती करनी जरूरी थी। इसके लिए कर निरीक्षक हिमांशु चंद्रा को एसआई का अतिरिक्त पदभार दिया गया है।

### माउंट क्रिकेट टूर्नामेंट कप पर ब्लू डायमंड का कब्जा


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम व मुख्य अतिथि।

**नैनीताल।** माउंट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला ब्लू डायमंड और माउंट क्रिकेटर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 130 रन बनाए। जवाब में माउंट क्रिकेटर मात्र 59 रन ही बना पाई। फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि मां नयना देवी व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य दीपक मेलकानी ने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

### पर्वतीय सभा की आम बैठक 10 को

**रामनगर।** पर्वतीय सभा लखनपुर में वार्षिक आम सभा की बैठक रविवार 10 मार्च को प्रात: 11 बजे से होगी। सभा के महामंत्री हेम चन्द्र पांडे ने बताया कि बैठक में विगत वर्ष सभा द्वारा किए गए कार्यों का विवरण तथा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। इस माह होने वाले अगली त्रिवार्षिक कार्यकारिणी के चुनाव की तिथि निर्धारण पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी सदस्यों को बैठक में नियत समय पर पहुंचने का आग्रह किया है।

# भवाली में पेयजल संकट पर सरकार से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने भवाली में पेयजल समस्या को लेकर अधिवक्ता राहुल कंसल के पत्र का स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 5 जून की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार अधिवक्ता राहुल कंसल ने मुख्य न्यायधीश को पत्र भेजकर कहा है कि भवाली शहर पेयजल संकट से जूझ रहा है। शहर में पहले दिन दो बार पानी आपूर्ति होती थी, फिर इसे एक बार किया गया और अब दो दिन में एक ही बार आपूर्ति होती है। इसकी वजह से जनता को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। भवाली में पानी की आपूर्ति शिप्रा नदी से होती है लेकिन नगर पालिका ने नदी की सतह पर कंक्रीट किया जा रहा है इसकी वजह से नदी में पानी नहीं ठहर रहा है ।

पत्र में यह भी कहा है कि जल संस्थान ने श्यामखेत व अन्य जगहों पर निजी बोरिंग की अनुमति दी इसकी वजह से भी नदी में पानी नहीं आ रहा है। पत्र में हाईकोर्ट से प्रार्थना की गई है कि शहर में पानी की नियमित सप्लाई की जाए। जल संस्थान की ओर से निजी बोरिंग की अनुमति पर रोक लगाई जाए और नदी की सतह पर कंक्रीट नहीं किया जाए।

### मंडलायुक्त को ज्ञापन देकर क्षेत्र की समस्या से कराया अवगत

**भीमताल :** भीमताल नगर और ग्राम सभा पांडे गांव के ग्रामीणों ने क्षेत्र की विकास योजनाओं को लेकर मंडलायुक्त दीपक रावत से मुलाकात की और समस्याओं के संबध में ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट के नेतृत्व में मंडलायुक्त से मिले लोगों ने पांडे गांव से भांकर मार्ग और ओखण से करकोटक नाग देवता के मंदिर तक सीसी रोड के निर्माण की मांग और पांडे गांव में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्य में गति लाने की मांग को प्रमुखता से रखा। इस दौरान निर्वतमान सभासद नीरज रैकुनी भी साथ थे।

# भौर्सा-पिनरौ मार्ग के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** शिवरात्रि के उपलक्ष्य में शासन ने भीमताल विधानसभा के अंतर्गत भौर्सा पिनरौ मार्ग की दशा सुधारने के लोक निर्माण विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। उत्तराखंड शासन में संयुक्त सचिव श्याम सिंह के हस्ताक्षर से जारी स्वीकृति के मुताबिक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना खंड से हस्तांतरित लोक निर्माण विभाग को भौर्सा पिनरौ मार्ग को वन टाइम मेंटेनेंस के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में संयुक्त सचिव ने प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग को आदेश भी जारी कर दिया है। शासन ने 265.25 लाख के धन की स्वीकृति प्रदान की है। मालूम हो कि वर्ष 2009 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत इस 17 किलोमीटर 400 मीटर मार्ग का डामरीकरण किया गया था। उसके बाद इस मोटर मार्ग की सुध किसी ने नहीं ली थी। इधर उमेश पलडिया, संतोष कुमार, विपिन जोशी, ईश्वरी राम, त्रिलोचन जोशी, रेवाधर, शंकर दत्त, प्रेम कुलियाल आदि ने शासन और विभाग का आभार जताया है।

# दो छात्रों को प्रतिमाह मिलेगी 7500 रुपये की फेलोशिप

- स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए वाइस चांसलर इंटर्न फेलोशिप योजना

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन सभागार में बुधवार को सभी संकायाध्यक्षों एवं सभी विभागाध्यक्षों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने कहा कि शिक्षण संस्था के मूल में विद्यार्थी हैं। सदैव उनके कल्याण और लाभ को ध्यान में रख कार्य करने हैं। वे स्वयं नियमित रूप से सभी विभागों एवं महाविद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। विश्वविद्यालय के सभी पक्षों के साथ नियमित रूप से सभी विभागों से संवाद करेंगे।

कहा कि इस वर्ष से प्रत्येक विभाग में स्नातकोत्तर कक्षाओं के दो छात्रों को प्रति माह 7500 रुपये की वाइस चांसलर इंटर्न फेलोशिप प्रदान की जाएगी।

वाइस चांसलर इंटर्न फेलोशिप के लिए छात्रों के प्रथम वर्ष के प्रदर्शन/परीक्षाफल को आधार माना जाएगा।


संबोधित करते कुलपति। ● अमृत विचार

### अमृतसर रेल सेवा के लिए आभार जताया

**लालकुआं :** पंजाबी महासभा की बैठक में लालकुआं से अमृतसर पंजाब हेतु सीधी रेल सेवा संचालित करने के लिए पूर्व केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट व केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से अमृतसर पंजाब के लिए सीधी रेल सेवा की मांग की जा रही थी, जिसे मोदी सरकार ने गंभीरता से लेते हुए समस्या का समाधान कराया है। बैठक में मुख्य रूप से पंजाबी सभा के अध्यक्ष सरदार गुरुदीप सिंह, सचिव राजकुमार सेतिया, हेमंत नरूला, आशीष भाटिया, राजकुमार अरोड़ा, संजय अरोड़ा, अनिल अरोड़ा, गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरबंस सिंह, अनूप भाटिया आदि उपस्थित रहे।

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर द्वारा आयोजित
115 वाँ अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी
मार्च 09-12, 2024

प्रमुख उन्नतशील प्रजातियाँ
- धान: पंत धान 26, पंत धान 24, एच.के.आर. 47, एच.के.आर. 127, पी.आर. 113, पी.आर. 121, पी.आर. 126, पी.आर. 127, पी.आर 128, पी.आर. 129, नरेन्द्र 359, सरजू 52, एम.टी.यू. 7029, पूसा 1121 (पूसा सुगन्ध 4), पूसा 2511 (पूसा सुगन्ध 5), पंत सुगन्ध धान 17, पूसा बासमती 1509, पूसा बासमती 1619, पूसा बासमती 1718, पंत सुगन्ध धान 27
- दलहन: अरहर (पंत अरहर 6, पंत अरहर 291), मूँग (पंत मूँग 5, पंत मूँग 6, पंत मूँग 8, पंत मूँग 9, विराट, शिखा), उर्द (पंत उर्द 7, पंत उर्द 8, पंत उर्द 9, पंत उर्द 10, पंत उर्द 11, पंत उर्द 12, पंत उर्द 40)
- तिलहन: सोयाबीन–पी.एस. 1225, पी.एस. 1347, पी.एस. 21, पी.एस. 24, पी.एस. 25, पी.एस. 26

प्रमुख आकर्षण
- अनुसंधान केन्द्रों पर प्रदर्शनों का अवलोकन
- आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन
- कृषि उद्योग प्रदर्शनी
- कृषि सूचना केन्द्र का अवलोकन
- उन्नतशील बीज और पौधों की बिक्री
- व्याख्यानमाला एवं कृषक गोष्ठी

विशेष कार्यक्रम एवं प्रतियोगितायें
- उद्घाटन समारोह:– गाँधी हॉल (पूर्वाह्न 11:00 बजे) 09 मार्च
- फल–फूल, शाक–भॉजी एवं परिरक्षित पदार्थों की प्रदर्शनी व प्रतियोगिता:–मेला प्रांगण 09–10 मार्च
- संकर बछियों की नीलामी:– शैक्षणिक डेरी फार्म, नगला (अपराह्न 2:00 बजे) 10 मार्च
- मत्स्य उत्पादन प्रदर्शनी व प्रतियोगिता (अपराह्न 3:00 बजे) 10 मार्च
- पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता:– पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय (पूर्वाह्न 10:00 बजे) 11 मार्च
- व्याख्यानमाला एवं कृषक गोष्ठी:– गाँधी हॉल (अपराह्न 3:00 बजे) 09–11 मार्च
- सांस्कृतिक कार्यक्रम:– गाँधी हॉल (सायं 7.00 से 8:30 बजे) 09–11 मार्च
- समापन एवं पुरस्कार वितरण:– गाँधी हॉल (अपराह्न 3:00 बजे) 12 मार्च

किसान मेले को स्वच्छ बनाने एवं पॉलीथीन मुक्त रखने में सहयोग करें
विशेष जानकारी हेतु सम्पर्क करें – निदेशक प्रसार शिक्षा
गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर, ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)
:05944-233336

## चिंताजनक

पक्षी प्रेमियों ने अवीयन फ्लू का जताया अंदेशा, रोकथाम करने की उठाई मांग

# भीमताल के जंगल में बीमार मिले कालिज पक्षी

राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचार :** जौंस स्टेट में पिछले दो सालों से विलुप्त हुआ कालिज पक्षी का एक जोड़ा दिखाई दिया है पर जोड़े के दोनों ही पक्षी बीमारी की अवस्था में हैं।

बटरफ्लाई शोध संस्थान के निदेशक पीटर स्मैटाचैक ने बताया कि उनके शोध संस्थान के सामने मैदान में एक कालिज पक्षी बैठा था जिसका उन्होंने वीडियो और फोटो भी खींचे पर वह उड़ नहीं पा रहा था। काफी समय तक वहीं बैठा रहा। उन्होंने इसको सामान्य सी प्रक्रिया समझी तभी जब वह गेट के आगे गए तो वहां भी अलग से एक कालिज पक्षी बैठा देखा। वह भी नहीं उड़ पा रहा था। उन्होंने उसका भी वीडियो बनाया। संभवतः हो सकता है कि जंगली मुर्गियों में अवीयन फ्लू बीमारी फैल रही हो। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से जंगलात में जाकर जंगली मुर्गियों में फैली इस बीमारी का पता करने और रोकथाम करने की बात कही है। अंदेशा जताया कि संभवतः जंगल में मुर्गियों में बर्ड फ्लू फैला हो।


जौंस स्टेट में दिखा कालिज पक्षी। ● अमृत विचार

> पिछले दो सालों से रिकार्ड नहीं किया गया था यह पक्षी। अब दिखा भी तो बीमार अवस्था में। वन विभाग से इस बीमारी का पता करने का निवेदन किया है। ताकि समय रहते इसका उपचार हो सके। ताकि अन्य पक्षियों में न फैल पाए।
>
> **-पीटर स्मैटाचक**, निदेशक बटर फ्लाई शोध संस्थान भीमताल

> निदेशक सर का फोन आया था। वीडियो भी उन्होंने शेयर किया है। क्षेत्र में तैनात कर्मचारियों से पक्षी के मल आदि के सैंपल को एकत्र करने को कह दिया है। सैंपलों को देहरादून वन विभाग की लैब में भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही किसी बीमारी की पुष्टि हो सकेगी।
>
> **-विजय मिलकानी, वन क्षेत्राधिकारी भवाली भीमताल रेंज**

# अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में अब दोबारा बनेगा क्रिकेट ग्राउंड

## मानकों के आधार पर नहीं बना है क्रिकेट स्टेडियम, इस बार खेल विश्वविद्यालय के अंतर्गत होगा पूरे स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का विकास

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि गौलापार में अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कांपलेक्स में बने क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण मानकों के आधार पर नहीं हुआ है। स्टेडियम का निर्माण मानकों के आधार पर दोबारा किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान खेल मंत्री ने कहा कि क्रिकेट देश का सबसे लोकप्रिय खेल है। अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉप्लेक्स में जो क्रिकेट स्टेडियम बना है, वह मानकों के आधार पर नहीं बनाया है। इस पूरे अंतरराष्ट्रीय कॉप्लेक्स का विकास अब खेल विश्वविद्यालय के आधार पर होगा। कहा कि इस वजह से यहां बने क्रिकेट स्टेडियम को फिर से मानकों के आधार पर बनाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट मैच का आयोजन नहीं हो पाया है। क्रिकेट स्टेडियम की दुर्दशा भी होने लगी है। खेल विश्वविद्यालय के भूमि हस्तांतरण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिया गया है कि वह भूमि हस्तांतरण के एवज में दिए जाने वाले भूमि की तलाश करें। जैसे ही वह भूमि मिल जाएगी, खेल विश्वविद्यालय के लिए व्यवस्था हो जाएगी। अब खेल विश्वविद्यालय के मानकों के आधार पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अन्य सुधार भी किये जाएंगे।

**खेल कोटे से मिलेंगी 31 खिलाड़ियों को नियुक्तियां :** खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं नियुक्ति पत्र देंगे। राज्य सरकार ने खिलाड़ियों को नौकरी देने के लिए छह विभागों में 156 पदों के लिए आवेदन मांगा था। इनमें 120 आवेदनों में से 31 का चयन किया गया है। 11 मार्च को आचार संहिता से पहले खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। इनमें से तीन खिलाड़ियों को खेल विभाग में ही नौकरी दी जा रही है।



गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निरीक्षण करतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य। ● अमृत विचार

### जल्द निर्माण करने के आदेश

खेल मंत्री रेखा आर्य ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को हल्द्वानी स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में विभिन्न निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने निर्माण कार्य में लापरवाही होने पर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, स्विमिंग पूल सहित विभिन्न गेम्स के बन रहे स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को जल्द निर्माण खत्म कर विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। मंत्री रेखा ने हल्द्वानी में स्पोर्ट्स स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के लिए लगातार प्रयास कर रही है। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक खेल रशिका सिद्धकी, प्रभारी खेल अधिकारी जानकी कार्की थे।

### राज्य के हर स्टेडियम में लगेंगे सोलर पैनल

**हल्द्वानी।** राज्य के हर स्टेडियम में बिजली का बिल बचाने के लिए सोलर पैनल लगाया जाएगा। गौलापार स्पोर्ट्स कांपलेक्स में 500 किलोवॉट क्षमता के सोलर पैनल लगाए जाएंगे। मिनी स्टेडियम बद्रीपुरा में भी सर्वे के लिए कह दिया गया है। मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि स्टेडियम के संचालन में हजारों रुपये का बिजली का बिल आता है। सोलर पैनल लगाए जाने के बाद जहां बिजली का अतिरिक्त उत्पादन होगा तो वहीं स्टेडियम में बिजली बिल का खर्च बचेगा। कहा कि देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्टेडियम और रायपुर स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में भी सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इसके अलावा राज्य में सभी स्टेडियम में सोलर पैनल लगाने का काम किया जाएगा।

### टेबिल टेनिस कोर्ट में बंदरों का आतंक

स्पोर्ट्स कांपलेक्स में बने टेबिल टेनिस कोर्ट में बंदरों का आतंक है। जब मंत्री रेखा आर्य ने देखा कि कोर्ट की छत की पीवीसी कई जगह टूटकर नीचे झूल रही है तो वह अधिकारियों पर बिफर उठीं। खेल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बंदरों की वजह से यह नुकसान हुआ है। मंत्री ने बंदरों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगाने के इंतजाम करने के लिए कहा है।



अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम से क्रिकेट 'आउट', पिच 'रिटायर्ड हर्ट'

### 65 करोड़ की लागत से बना था स्टेडियम

**खबर का असर**

क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण में तत्कालीन सरकार पूर्व में 65 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। अमृत विचार ने अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम से क्रिकेट आउट, पिच रिटायर्ड हर्ट शीर्षक के साथ समाचार प्रकाशित किया था। जिसमें इस बात का उल्लेख किया था कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद स्टेडियम में क्रिकेट का आयोजन नहीं हुआ है। अब मौजूदा सरकार की ओर से मानकों के आधार पर क्रिकेट स्टेडियम बनाए जाने की बात कही जा रही है।

### यूसीसी का मिलेगा लोस चुनाव में लाभ

रेखा आर्य ने कहा कि यूसीसी का लोकसभा चुनाव में लाभ मिलेगा और भाजपा पांचों लोकसभा सीट जीतेगी। उन्होंने धामी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं, बच्चों और खिलाड़ियों के लिए सरकार बेहतर काम कर रही है। मंत्री रेखा आर्य एसटीएच भी पहुंचे। वह यहां अपने किसी परिचित को देखने आईं थीं।

### पीपीपी मोड पर नहीं जाएगा अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कांपलेक्स

मंत्री रेखा आर्य ने अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम को पीपीपी मोड पर दिए जाने की संभावनाओं पर पूरी तरह से विराम लगा दिया है। कहा कि खेल विश्वविद्यालय के तहत स्टेडियम में काम किया जाएगा। कहा कि यहां राष्ट्रीय खेल भी आयोजित होने हैं। ऐसे में सरकार इस स्टेडियम को अपने पास ही रखेगी।

### बच्चों और महिलाओं के जाने हाल

प्रभारी मंत्री रेखा आर्य ने किशोर व महिला संप्रेषण गृह का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बच्चों व महिलाओं से बातचीत की और उनके हालचाल जाने। विभागीय अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# जिले में नहीं होगा स्कूलों का विलय

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जिले में छात्रों की कम संख्या वाले स्कूलों को विलय करने के अपने फैसले पर शिक्षा मंत्रालय ने फिलहाल रोक लगा दी है। शिक्षक संगठनों के विरोध के बाद सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा।

पूरे प्रदेश सहित नैनीताल जिले में भी कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को बंद कर उनका विलय पास के इंटर कॉलेज को क्लस्टर विद्यालय बनाकर उसमें करने का निर्णय लिया गया था लेकिन जिले के विद्यालयों में यह योजना फिलहाल लागू नहीं होगी।

योजना में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और कम विद्यार्थियों की संख्या वाले स्कूलों का राजकीय इंटर कॉलेज में विलय किया जाना था। इधर, जिले के शिक्षक संगठनों ने योजना का विरोध किया था। उनका तर्क था कि ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों के स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को इस योजना के लागू होने के बाद परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

ग्रामीण क्षेत्र कोटाबाग की एक शिक्षिका ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी पहले ही कई दिक्कतों का सामना कर दूर-दराज से अध्ययन करने स्कूल पहुंचते हैं और जब इस पर भी उनके आस-पास के स्कूल बंद हो जाएंगे और उनको दूर स्थित स्कूल में जाना पड़ेगा तो उनको दिक्कतें होंगी। साथ ही राजकीय इंटर कॉलेजों को क्लस्टर विद्यालय बनाने के बाद एक ही स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ जाएगी जिसको संचालित करने में भी समस्या सामने आएगी। स्कूल बस छूटने पर कई बार विद्यार्थी स्कूल नहीं जा पाएंगे। वहीं, मुख्य शिक्षा अधिकारी जेएम सोनी ने बताया कि जिले के क्लस्टर विद्यालयों के संबंध में नैनीताल जिले के लिए कोई आदेश नहीं आया है।

**निर्णय**

- शिक्षक संगठनों ने विलय और क्लस्टर पर जताया था विरोध
- कम विद्यार्थी संख्या वाले कई स्कूल होने थे विलय




### प्रदेश के 21 राजकीय इंटर कॉलेज बनेंगे क्लस्टर विद्यालय

बीते दिनों प्रदेश के 21 राजकीय इंटर कॉलेजों को क्लस्टर विद्यालय बनाने की मंजूरी मिल गई है। चयनित विद्यालयों में भवन निर्माण व अन्य कार्यों के लिए लगभग 24 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हो गई है, जिसमें पहली किस्त के रूप में 14.24 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है। योजना के पहले चरण में रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी गढ़वाल और पिथौरागढ़ जिले के चयनित राजकीय इंटर कॉलेजों को क्लस्टर विद्यालय के रूप में स्थापित किया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में शिक्षा विभाग से करीब 100 विद्यालयों को क्लस्टर विद्यालय के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार को मिला है।

# बार चुनाव आज, 10 पदों पर 33 प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**सरगर्मी**

- किशोर और गोविंद में अध्यक्ष पद के लिए सीधा मुकाबला
- 907 अधिवक्ताओं के मत तय करेगा प्रत्याशियों का भविष्य

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी बार एसोसिएशन चुनाव में गुरुवार (आज) 33 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। इससे पहले बुधवार को आखिरी दिन प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। अध्यक्ष पद पर किशोर पंत और गोविंद सिंह बिष्ट के बीच सीधी टक्कर है। 907 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। गुरुवार को सुबह नौ बजे से चार बजे तक मतदान होगा। पांच बजे बाद मतगणना होगी।

चुनाव अधिकारी दीवान सिंह बिष्ट ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह 9 बजे मतदान शुरू होगा। कहा कि इसकी तैयारी पूरी हो गई हैं। चुनाव पर्यवेक्षक भी सुबह हल्द्वानी जजी पहुंचेंगे। उधर बुधवार को 33 प्रत्याशियों ने अपने-अपने प्रचार के लिए पूरी ताकत झोंक दी। प्रत्याशियों ने वोटरों को रूझाने के लिए अनेकदावे भीकिए। चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में अधिवक्ता महेंद्र पाल, प्रभात कुमार चौधरी रहेंगे। चुनाव प्रकिया संपन्न करने में भुवन गुणवंत, महेश सोराड़ी, महेंद्र सिंह, निर्मल थापा, गोकुल पनेरू, दलीप सिंह रावल किशोर जोशी, ललित मोहन जोशी, बृजेश बिष्ट, सौरभ बिष्ट बतौर सहायक चुनाव आयुक्त के तौर पर हैं।

### बार चुनाव में इन्होंने ठोंकी है दावेदारी

अध्यक्ष पद पर मैदान में किशोर पंत, गोविंद सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सोलंकी, सुनील सिंह पुंडीर, संजय कुमार, जितेंद्र सिंह बोरा, संजय कुमार, सचिव पद पर मोहन सिंह बिष्ट, संतोष कुमार नेगी, ललित मेर, जितेंद्र सिंह बिष्ट, महिला उपाध्यक्ष पद पर भगवती पलड़िया, सुलक्षणा श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव पद पर योगेश कुमार लोहानी, विपिन कुमार, प्रदीप लोहनी, संयुक्त सचिव (प्रेस) मे योगेश कुमार पाठक, रविंद्र पाल सिंह तोमर, सुधांशु तिवारी, कोषाध्यक्ष पद पर आदित्य कुमार, चंदन बोरा, लेखाधिकारी पद पर राजेंद्र प्रसाद पांडे, गौरव सिंह बिष्ट, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर वशीरत जहां, मो आसिफ सिद्दीकी, भरत सिंह बिष्ट, सदस्य पद पर पंकज कंबडवाल, मोहित पांडे, लोकेश राज चौधरी, हरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार सागर, विवेक कुमार गुप्ता, विनोद कुमार श्रीमाली।

# रंजिश में गढ़ी पॉक्सो की कहानी, अब होगा केस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अधिवक्ता से रंजिश भुनाने के लिए एक महिला ने पॉक्सो की झूठी कहानी गढ़ी, जो कोर्ट में टिक नहीं सकी। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो नंदन सिंह राणा की अदालत ने महिला के आरोप झूठे पाए और मुकदमा खारिज कर दिया। अधिवक्ता के खिलाफ झूठा मुकदमा दायर करना महिला को भारी पड़ गया है।

हल्द्वानी तल्ली बरेली रोड निवासी अधिवक्ता शिवकुश सक्सेना ने बताया कि उनका पड़ोसी सत्यमवदा उर्फ अनुप्रिया, अनुप्रिया का पति शंकर मंडल उर्फ सागर सिंह निवासी पुरानी आईटीआई बरेली रोड से घर के आगे दवा जलाने को लेकर कई वर्ष पहले विवाद हुआ था। महिला व उसके पति ने शिवकुश पर जानलेवा हमला किया, जो वहीं लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। जिसके आधार पर अधिवक्ता ने महिला व उसके पति पर तीन मुकदमे दर्ज कराए। दोनों पर चार सिविल के मामले भी चल रहे हैं। जिनसे पति-पत्नी के मुकदमे चल रहे हैं, उनका केस भी शिवकुश लड़ रहे हैं। एक मुकदमे में कुर्की भी की गई। उसके दो दिन बाद अनुप्रिया ने अपनी बेटी के जरिये अधिवक्ता के खिलाफ पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया और अधिवक्ता पर उनके विरुद्ध दर्ज 7 मुकदमे वापस लेने का दबाव बनाने लगी। बात नहीं बनी तो छोटी बेटी से पॉक्सो में मुकदमा दर्ज करा दिया और फिर अधिवक्ता से 10 लाख रुपये की मांग करने लगी। समझौते के बजाय शिवकुश ने कोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट में अनुप्रिया आरोप सिद्ध नहीं कर पाई। शिवकुश पर लगे आरोपों को 11 पुलिस अधिकारियों की जांच पहले ही खारिज कर चुकी थी। अब महिला पर झूठा मुकदमा दर्ज करने के साथ मानहानि का मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा।

**मामला**

- महिला ने मुकदमे वापस लेने के लिए बेटियों को आगे कर रचा था षड्यंत्र

# टाइगर सफारी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मच गया हड़कंप

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कॉर्बेट पार्क में टाइगर सफारी पर रोक के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आते ही पर्यटन कारोबारियों में सारे दिन हड़कंप मचा रहा। सोशल मीडिया में दिनभर पर्यटन कारोबारी परेशान दिखाई दिए अलबत्ता शाम होते-होते हुए जब स्थिति साफ हुई तो कारोबारियों ने राहत की सांस ली।

टाइगर सफारी का फिलहाल यहां पर्यटन गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि कोर्ट का आदेश पाखरो जोन में प्रस्तावित टाइगर सफारी को लेकर है। सीटीआर निदेशक ने भी कहा है कि टाइगर सफारी अभी शुरू ही नहीं की गई है।

बता दें कि, बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने कार्बेट पार्क में टाइगर सफारी बंद करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने सिर्फ बफर जोन में ही टाइगर सफारी करने की अनुमति दी है। इस फैसले की खबर दोपहर में सोशल मीडिया में चलने लगी थी, सोशल मीडिया में आधी-अधूरी खबर देखकर रिसोर्टस, जिप्सी समेत पर्यटन कारोबारी परेशान जरूर दिखाई दिए। मगर दिन ढलते-ढलते उनके चेहरों पर छाई मायूसी मुस्कुराहट में बदलती दिखाई दी।



कॉर्बेट पार्क में भ्रमण को जातीं जिप्सियां। ● अमृत विचार

**असमंजस**

- निदेशक बोले, टाइगर सफारी अभी चालू नहीं
- दिनभर कारोबारी परेशान, शाम को खिले चेहरे

> न्यायालय का फैसला पाखरो में टाइगर सफारी को लेकर है, जो अभी शुरू नहीं की गई है। कोर्ट के फैसले का अध्ययन किया जा रहा है, जिसका पूर्णत: पालन किया जाएगा। कार्बेट में अभी पर्यटन गतिविधियों का बड़ा हिस्सा बफर जोन में ही चलता है।
> -डॉ. धीरज पांडे, निदेशक सीटीआर

**सख्ती** कई बार स्थानीय लोग नगर निगम से लेकर जिला प्रशासन तक अधिकारियों के चक्कर काट चुके हैं

# बारिश में कहर बनकर टूटता है दमुवाढूंगा से निकलने वाला नाला

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पिछले करीब 10 वर्षों से जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा वन चौकी के निकट से निकलने वाला बरसाती नाला यहां की जनता के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। कई बार स्थानीय लोग नगर निगम से लेकर जिला प्रशासन तक नाले के निर्माण को लेकर अधिकारियों के चक्कर काट चुके हैं लेकिन जिम्मेदारों से आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिला।

दमुवाढूंगा में बहने वाले रकसिया नाले की तरह ही एक और बरसाती नाला भी बहता है। रकसिया नाला जहां जमरानी कॉलोनी के ऊपर पहाड़ियों से निकलकर प्रेमपुर लोशज्ञानी तक जाता है तो वहीं बरसाती नाला मित्रपुरम की पीछे की पहाड़ियों से करीब 2 किलोमीटर लंबा बरसाती नाला चौकी के निकट से निकलते हुए गैस गोदाम तक जाता है लेकिन नाले का स्थायी निर्माण नहीं होने के चलते बारिश के दिनों में सारा पानी कठघरिया रोड और लोगों के घरों एवं खेतों में भर जाता है। जिसके चलते आमजनों को आर्थिक नुकसान की चोट झेलनी पड़ रही है। मूसलाधार बारिश के सीजन में इस बरसाती नाले के उफान पर आने से कठघरिया रोड पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। बरसाती नाले के पानी के साथ ही मलबा और कूड़ा भी लोगों के घरों और खेतों में घुस जाता है, जिसके चलते घरों में रखा समान के साथ ही लोगों के खेतों की फसल भी नष्ट हो जाती हैं। बता दे कि बरसाती नाले के चलते कुमाऊं मल्ला, मित्रपुरम और कुसुमखेड़ा तक की करीब 8 हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। लेकिन इसके बाद भी नगर निगम व प्रशासन ने इसका कोई स्थाई हल नहीं निकाल पाया है।



बारिश के दिनों ने उफान पर आने वाला बरसाती नाला। ● अमृत विचार

> नाले के निर्माण के लिए विभाग की ओर से शासन स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है, बजट की संस्तुति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। -**बीसी नैनवाल**, ईई, सिंचाई विभाग, हल्द्वानी



> मानसून सत्र में यह बरसाती नाला और भी ऊफान पर आ जाता है, पानी के तेज बहाव के चलते कई बार लोग हादसे का भी शिकार हो चुके है। लेकिन इसके बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारी अनजान बने हुए है। जल्द ही इसका समाधान नहीं किया तो समस्या और जटिल हो जाएगी।
> -**त्रिलोक सिंह पपोला**



> बारिश के दिनों में बरसाती नाला का पानी घरों में प्रवेश कर जाता है, जिसमें भारी मात्रा में कीचड़ व गंदगी समाई हुई रहती है। पानी निकलने के बाद घरों की सफाई करने में ही कई दिनों का वक्त गुजर जाता हैं इस समस्या का निदान केवल नाले का निर्माण ही बचा हुआ है। -**गीता**



> अभी बीते दिनों ही हुई बारिश में इस बरसाती नाले का पानी लोगों के घरों और खेतों में घुस गया था जिसके चलते लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। नाले की समस्या को लेकर कई बार शिकायती पत्र दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं निकल पाया है। -**धर्मानंद**

### मंडलायुक्त ने 45 दिनों का दिया था समय

**हल्द्वानी :** कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने संबंधित अधिकारी को 45 दिन का समय दिया था जिसपर सितंबर माह में तत्कालीन सीटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने स्थलीय दौरा किया था और लोगों को आश्वासन दिया था कि 45 दिन के अंदर नाले का निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। लेकिन समय बीतने के बाद भी अब तक इस बरसाती नाले का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। आने वाले बारिश के दिनों में इस बरसाती नाले का हल नहीं निकाला गया तो लोगों पर यह नाला किसी कहर से कम नहीं टूटता है।

# नलकूप खराब होने से गहराया पेयजल संकट

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** जल संस्थान के 2 नलकूप खराब होने के चलते पेयजल की समस्या गहरा गई है। नलकूप खराब होने के चलते लोगों को पानी के लिए कड़ी मशक्कत करना पड़ा रहा है।



शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में नियमित लोगों के सामने पानी का संकट गहराने लगा है। इधर गौला नदी के पानी को फिल्टर प्लांट में साफ कर जल संस्थान पेयजल की आपूर्ति करता है। जिसके बाद मांग के मुताबिक भी लोगों को पानी की आपूर्ति नहीं करा पा रहा है। स्थानीय लोगों के साथ ही जरूरतमंदो को भी पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा हैं। लगातार हो रही पानी की किल्लत के चलते विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है। इधर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रविशंकर लोशाली ने बताया कि नलकूप ठीक करने का काम जारी है जल्द ही सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

# बनभूलपुरा हिंसा के दो और आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी जारी है। इस मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। जेल जाने वालों की संख्या अब 94 हो चुकी है।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक के बगीचा से हिंसा फैली थी और उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाना फूंक दिया था। इस मामले में मास्टर माइंड बताए जा रहे अब्दुल मलिक और उसके वांटेड बेटे अब्दुल मोईद को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। जिसके बाद भी उपद्रवियों का चिह्निकरण जारी है। मंगलवार को पुलिस ने हिंसा से जुड़े फैजान पुत्र जाविर निवासी वार्ड 24 बनभूलपुरा और शाहनवाज उर्फ सानू पुत्र वशीफ अहमद निवासी वार्ड 29 शनि बाजार गेट के पास बनभूलपुरा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पांच महिला उपद्रवियों को भी गिरफ्तार कर चुकी है।



पुलिस की गिरफ्त में हिंसा के आरोपी।

**कार्रवाई**

- दो गिरफ्तारियों के बाद जेल जाने वालों की संख्या 94 पहुंची
- अब्दुल मलिक और अब्दुल मोईद बंद हैं नैनीताल जेल में

### सफाई कमर्चारी संघ ने की विधायक पर कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें संघ ने देहरादून के नगर आयुक्त के साथ सल्ट के विधायक महेश जीना के दुर्व्यवहार करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहत मासी, अमित कुमार, अशोक चौधरी, जयप्रकाश, रवि चंडालिया, श्याम बाबू, रोहित, विजय तोमर, रोहित मसीह मौजूद रहे।

लोग बोले-कुमाऊं और गढ़वाल का प्रवेश द्वार रामनगर का दावा भी नैनीताल उच्च न्यायालय के लिए विकल्प के रूप में हो सकता है

# उत्तराखंड हाईकोर्ट के लिए रामनगर सबसे बेहतर स्थान

लामबंद

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार :** हल्द्वानी स्थित गौलापार में प्रस्तावित उच्च न्यायालय का प्रस्ताव अस्वीकृत हो जाने के बाद अब रामनगर में हाईकोर्ट की संभावनाएं अधिक बढ़ गई हैं। स्थानीय अधिवक्ताओं के अलावा आम जनमानस की मंशा है कि हाईकोर्ट के लिए रामनगर से बेहतर कोई उपयुक्त स्थान अन्य नहीं हो सकता।

गौलापार में भूमि हस्तांतरण में पर्यावरण मंत्रालय द्वारा दिलचस्पी न दिखाने के बाद अब हाईकोर्ट के लिए बहुमंजिले निर्माण का सुझाव दिया गया है। कुमाऊं और गढ़वाल का प्रवेश द्वार रामनगर का दावा भी नैनीताल उच्च न्यायालय के लिए विकल्प के रूप में आ सकता है। जहां तक उपयुक्त भूमि का सवाल है रामनगर में आमपोखरा, सावल्दे आदि स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में राजस्व विभाग की भूमि उपलब्ध है। बेलवाल स्पीनिंग मिल की भूमि भी एक अच्छा स्थान हो सकता है। इसका स्वामित्व सिडकुल पास है। रामनगर में हाईकोर्ट स्थापित करने के लिए अधिवक्ता व स्थानीय नागरिक अपने-अपने तर्क दे रहे हैं।

## क्या कहते हैं लोग



कुमाऊं की तलहटी और पौड़ी से सटा होने से दोनों मण्डलों के केंद्र में स्थित रामनगर सबसे उपयुक्त है। यहाँ सड़क और रेल से जुड़ा होने और दिल्ली से भी सीधी आवाजाही है। रामनगर में हाईकोर्ट आने से कुमाऊं के साथ साथ गढ़वाल और देहरादून हरिद्वार के वादियों का समय भी बचेगा। साथ ही अवस्थापना विकास के लिए यहाँ ज्यादा संभावना है। ऐसे में इससे बेहतर विकल्प नहीं हो सकता। - **दुष्यन्त मैनाली**, हाईकोर्ट के अधिवक्ता



रामनगर में उच्च न्यायालय स्थापित होने के लिए बेहतर विकल्प है। क्योंकि रामनगर कुमाऊं और गढ़वाल का प्रदेश द्वार है और सभी क्षेत्रो से रामनगर आने के लिए सुगम मार्ग है। इतना ही नहीं उच्च न्यायालय स्थापित होने पर शहर में बेहतर कानून व्यवस्था के साथ-साथ रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। क्योंकि उच्च न्यायालय स्थापित होने पर वादकारी और अधिवक्ताओं के रहने के लिए और रोजमर्रा यापन के लिए भी व्यवस्थाएं करनी पड़ेगी जो रोजगार के लिए बड़ा विकल्प होगा। -**हिमांशु अग्रवाल**, अधिवक्ता



रामनगर क्षेत्र में हाई कोर्ट खुलने से जनता को सस्ता व सुलभ न्याय मिल सकेगा। रामनगर क्षेत्र कुमाऊं व गढ़वाल का प्रवेश द्वार है जोकि मैदानी, तराई भावर क्षेत्र से जुड़ा होने के चलते वाद कारियो की आसानी से यहां से बस व ट्रेन तक पहुंच है साथ ही वादकारियों के रहने खाने के लिए सस्ते होटल धर्मशालाएं भी हैं। क्षेत्र में हाई कोर्ट खुलने से रामनगर व आसपास के क्षेत्र का भी विकास होगा साथ ही विकास की अपार संभावनाएं होगी। - **दीपक जोशी**, अधिवक्ता



रामनगर हर तरह से सुविधाजनक है। रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग व रेलवे की सुविधा सहित निकट पंतनगर में हवाई सेवा भी उपलब्ध है। वातावरण के दृष्टि से भी रामनगर एक उचित स्थान है। खानपान सहित रहने की सुविधा भी अन्य स्थानों से यहाँ अधिक उपयुक्त है। -**गौरव गोला**, अधिवक्ता



यह स्थान कुमाऊं और गढ़वाल के अधिकांश जिलो से समान दूरी पर है। कहते है कई बबार हरिद्वार व देहरादून में हाईकोर्ट की बेंच उठाने की मांग उठी है रामनगर में हाईकोर्ट बन जाने से यह मांग भी शांत हो जाएगी क्योंकि रामनगर दोनों जगहों से कुछ घण्टे की दूरी पर स्थित है। - **गणेश रावत**, भाजपा नेता



रामनगर में हाई कोर्ट बने इसकी मांग भी रामनगर के अधिवक्ता समेत नागरिक संगठन कर रहे है। रामनगर में सरकारी भूमि का प्रयोग इसके लिए हो सकता है साथ ही हाई कोर्ट आने से रामनगर का विकास भी होगा क्योंकि राज्य की सबसे बड़ी न्यायपालिका होने के कारण रामनगर पर सरकार और प्रशासन भी प्रमुखता से जिम्मेदारी निभाएंगे। - **पूरन पांडे**, अध्यक्ष, टैक्स बार

## स्मैक डिलीवरी में पकड़ा पैडलर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** स्मैक की डिलीवरी लेने आया पैडलर पुलिस के हत्थे चढ़ा गया, लेकिन सप्लायर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद की है।

एसआई दिवान सिंह ग्वाल, हेड कांस्टेबल उमेश जोशी, एनटीएफ टीम के कां. नवीन कुमार और अरविंद कार्की के साथ चौफला पहुंचे। यहां रिंग रोड कालोनी बिठौरिया नंबर एक में स्कूटी सवार दो लड़के को देखकर भागने लगे। एक को पुलिस ने मय स्कूटी रोक लिया और दूसरा फरार हो गया। आरोपी ने अपना नाम सुशील त्यागी उर्फ बबलू निवासी दमुआढूंगा तोक पनियाली हरिपुर नायक काठगोदाम बताया। इसके पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद की गई। जो लड़का भागा है उसका नाम संजय आर्या उर्फ संजू निवासी लालडांठ रोड का रहने वाला है। वह स्मैक देने आया था।

## सार-संक्षेप



एनएसएस शिविर में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

### एनएसएस शिविर में बच्चों ने देखी फिल्म रेड बलून

**रामनगर :** पीएनजी महाविद्यालय रामनगर के एनएसएस कैंप की विधिवत शुरुआत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रामनगर में हो गई है। सात दिनों तक चलने वाले इस कैंप में एक पुस्तकालय की शुरुआत की है। रचनात्मक शिक्षक मंडल के राज्य संयोजक नवेंदु मठपाल की पहल पर भारतीय साहित्यकारों के साथ साथ विश्व साहित्यकारों की 50 पुस्तकों का सेट बच्चों के लिए शिविर में रखा गया है। कालजई फिल्मों में बुधवार को ऑस्कर पुरस्कार से नवाज़ी गई फिल्म रेड बलून देखी गई। कैंप का उद्घाटन बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या जेपी माथुर ने की। कैंप का संचालन डॉ. ममता भदोला जोशी ने किया। इस दौरान भारती जोशी, हेमा मेहरा, चेतना त्रिपाठी, गुरसंगीत कौर, तनीषा, आशा, दीपा मेहरा मौजूद रहे।

### जिला कार्यकारिणी की कार्यशाला 17 मार्च को

**हल्द्वानी :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की प्रदेश कार्यकारिणी पहली बार सभी 19 जिलों की कार्यशाला आयोजित करवाएगी। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि जिला इकाइयों को अपने जिले की सभी नगर इकाइयों से बेहतर तालमेल के साथ काम करने पर जोर दिया जाएगा। प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने कहा कि हमारी सभी 19 जिला इकाइयां प्रतिभाग करेंगी। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने बताया कि कार्यशाला के लिए आयोजन समिति बनाई गई जिसमें जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता , हर्षवर्धन पांडे और रूपेन्द्र नागर को जिम्मेदारी दी गई।

### मतदान बढ़ाने को लेकर बैठक संपन्न

**भीमताल :** विकास भवन सभागार में सीडीओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप अशोक कुमार पांडे की अध्यक्षता में अधिकारियों की सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। सीडीओ पांडे ने जनपद के सभी कर्मिकों को शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए शपथ दिलाते हुए मतदाताओं को जागरूक करने को कहा। जनपद में नैनीताल के समस्त प्रवासी मतदाताओं को दूरभाष के माध्यम से लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने दिए।




छात्रों को पैराग्लाइडिंग की जानकारी देते हुए पंकज।

### उद्यमिता शिविर में छात्रों ने बनाई अगरबत्ती व धूप

**कालाढूंगी :** राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग में देवभूमि उद्यमिता विकास केन्द्र की ओर 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ईडीपी द्वारा शुरू किया गया है। नोडल अधिकारी बिन्दिया राही ने बताया कि भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद व भारतीय उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बुधवार को मुख्य वक्ता बबीता बिष्ट ने छात्रों को अगरबत्ती उत्पादन, मार्केटिंग की जानकारी दी। पंकज ने छात्रों को पैराग्लाइडिंग की बारीकियों से अवगत कराया।

### डब्ल्यूएचओ ने नैनीताल में टीकाकरण की समीक्षा की

**नैनीताल :** डब्ल्यूएचओ की टीम ने नैनीताल के बीडी पांडे अस्पताल में टीकाकरण व पोलियो अभियान का जायजा लिया। बुधवार को डब्ल्यूएचओ की कुमाऊं टीम बीडी पांडे अस्पताल पहुंची। जहां टीम ने बच्चों के टीकाकरण व पोलियो अभियान के तहत हुए कार्य की समीक्षा की। बीडी पांडे अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव खर्कवाल और हेल्थ विजिटर विद्या शुक्ला ने बताया कि नैनीताल शहर में बूथ लगाकर व तल्लीताल व मल्लीताल में 24 टीमों ने 454 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई।



प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी।

### एनके आर्य मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नैनीताल :** डीएसए मैदान में एनके आर्य मैमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट और केनरा बैंक के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन नैनीताल के अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी, विधायक सरिता आर्य ने किया। आयोजक सचिव मोहित आर्या ने बताया कि विजेता टीम को 51 हजार रुपये, उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये, मैन ऑफ द सीरिज 11 हजार रुपये, विशिष्ट बल्लेबाज, गेंदबाज, विकेटकीपर एवं क्षेत्ररक्षण में प्रत्येक को 51 सौ रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता के तहत पहला मुकाबला नैनीताल ज्वाइंट एवं गेमचेंजर के मध्य खेला गया। इसमें नैनीताल ज्वाइंट ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला भोले बॉयज एवं बैड बॉयज के मध्य खेला गया जिसमें भोले बॉयज ने जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला सन साइन और पावर रेंजर के मध्य खेला गया जिसमें सन साइन ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम का संचालन नवीन पांडे ने किया।

# आचार संहिता में किसी भी जांच की वीडियोग्राफी हो

## मास्टर ट्रेनर्स ने लोकसभा चुनाव को लेकर दिया चुनावी प्रशिक्षण

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एमबीपीजी कॉलेज सभागार में मास्टर ट्रेनर्स ने दो पालियों में 400 अधिकारी-कर्मचारियों को एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीपीटी का प्रशिक्षण दिया।

परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी ने कहा कि चुनाव में अनाधिकृत खर्च पर प्रभावी रोक के लिए उल्लंघन पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करना व्यय निगरानी तंत्र का दायित्व है। सभी सदस्य प्रशिक्षण गंभीरता से लें, यदि कोई शंका हो तो समाधान कर लें। सभी टीमें आपसी समन्वय बनाते हुए टीम भावना से दायित्वों का निर्वहन करेगें। आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी जांच की वीडियोग्राफी अवश्य की जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा होते ही उड़न दस्ता सक्रिय हो जाता है। सभी प्रकार की शिकायतों का तत्काल निराकरण उड़न दस्ता करेगा। सभी टीमें प्रतिदिन रिपोर्ट समय से भेजें ताकि प्रत्याशियों के व्यय की निगरानी हो सके।



एमबीपीजी कॉलेज के सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण लेते कर्मचारी।

व्यय नियंत्रक वित्त के नोडल अधिकारी अनीता आर्या ने कहा कि सभी टीमें अपनी-अपनी तैयारियां कर लें, जो भी दायित्व सौंपे गए हैं उनका समय से निर्वहन करें। सभी प्रत्याशियों को समान अवसर मिले इसलिए निर्धारित व्यय के अनुसार चुनाव हो। उन्होंने कहा कि जनपद में 6 विधानसभावार टीमों का गठन किया गया है। सभी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यों का संपादन करेगें। नगदी व सामग्री की सीजर कार्यवाही नियमानुसार की जाए और सभी प्रपत्रों को सावधानी से भरें। प्रशिक्षण में कोषाधिकारी इंद्र सिंह मौजूद थे।



भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पोस्टरों के साथ महिलाएं। ● अमृत विचार

## लोकसभा चुनाव को लेकर महिला कांग्रेस ने किया मंथन

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बुधवार को महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में नगर अध्यक्ष भावना भट्ट के निवास पर महिला कांग्रेस की बैठक हुई, जिसमें कई कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का नारी न्याय है, तैयार हम पोस्टर भी जारी किया गया।

कार्यक्रम में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि पार्टी जिसको भी प्रत्याशी बनाए हम सभी महिलाओं को उनको विजयी बनाने का प्रण लेना होगा। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मुन्नी तिवारी, निवर्तमान सभासद सपना बिष्ट, रेखा आर्य, निर्मला चंद्रा, सरस्वती खेतवाल, उषा पंत, बीडी पांडे अस्पताल की मेट्रन शशिकला पांडे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।बैठक में नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल, आशा भट्ट, गंगा, रईसा, चंपा सनवाल, भगवती बिष्ट, तुलसी बिष्ट, अंचला भट्ट,कमला फर्त्याल मौजूद रहे।

## नैनीताल में दो पक्षों में जमकर मारपीट

**नैनीताल:** मल्लीताल क्षेत्र में बीती रात दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष के दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए।

पापुलर कंपाउंड निवासी मोहम्मद परवेज ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि मंगलवार रात करीब नौ बजे दुकान बंद कर दोस्त चंदन राम के साथ घर की ओर जा रहे थे। गाड़ी पड़ाव के समीप अचानक चलते हुए वह एक युवक से टकरा गया। यह देख उसके साथी गाली गलौच पर उतर आए। जब उन दोनों ने विरोध किया तो युवक व उसके अन्य दो साथियों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान एक युवक ने पत्थर से दोनों के सिर पर हमला कर गंभीर रुप से चोटिल कर दिया। इसमें दोनों के सिर पर टांके आए है। शिकायत पर पुलिस ने दूसरे पक्ष को कोतवाली बुलाया तो वह भी मारपीट के आरोप लगाने लगे। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

# नारी शक्ति वंदन समारोह में जीत का संकल्प

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** भाजपा के नगर मंडल महिला मोर्चा ने मुखानी स्थित केवीएम स्कूल में नारी शक्ति वंदन समारोह आयोजित किया। प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष राशि जैन ने की।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वंदन समापन समारोह का सीधा प्रसारण हुआ, जिसे लगभग 200 महिलाओं ने देखा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री चित्रा सुयाल और भावना गुप्ता ने किया। इस मौके पर अलका जीना, प्रतिभा जोशी, सुमित्रा प्रसाद, प्रताप रैकवार, मधुकर, शांति भारती, रविंद्र बाली, रेनू टंडन, कामायनी मिश्रा, अमिता अग्रवाल उपस्थित रहे। उधर, भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा ने बिठौरिया मंडल में नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत व भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



केवीएम स्कूल में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।



रामनगर में कार्यक्रम के दौरान संयोजक माया रावत व अन्य। ● अमृत विचार

### भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताएंगे

**रामनगर :** भाजपा के नारी शक्ति वन्दन के समापन समारोह में मातृशक्ति ने लोकसभा चुनाव जीतने का संकल्प लिया। पम्पापुरी पार्क में आयोजित समारोह में भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री का लाइव कार्यक्रम देखकर गदगद दिखीं। कार्यक्रम संयोजक माया रावत ने कहा कि पौड़ी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाकर भेजने का सभी को संकल्प लेना है। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक माया रावत, नगर अध्यक्ष मदन जोशी, पूर्व चेयरमैन भगीरथ लाल चौधरी, नवीन करगेती, नगर महामंत्री आशीष ठाकुर, उपाध्यक्ष अरुण कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीमा मठपाल आदि मौजूद रहीं।

# लंबित समस्याएं हल करने की मांग

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** शिक्षकों ने नवनियुक्त उप शिक्षा अधिकारी सुरेश आर्य को ब्लॉक में कार्यरत शिक्षकों की लंबित समस्याओं के बारे में बताया।

उन्होंने बुधवार को सुरेश आर्य से मुलाकात कर शिक्षकों को पिछले सालों के बोनस का भुगतान, चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान, कोविड काल में काम के बदले उपार्जित अवकाश स्वीकृत करने, चयन/ प्रोन्नत वेतनमानों के एरियर का भुगतान और चुनाव में की गई ड्यूटी के टीए बिलों का भुगतान करने की मांग की। साथ ही उन्होंने पुरानी पेंशन के लिए शिक्षकों के विकल्पों को शासनादेश के अनुरूप विभागीय उच्च अधिकारियों को जल्दी भेजने और जीपीएफ व सेवा पंजिकाएं पूरी कर शिक्षकों को अवलोकित कराने के साथ ही कार्यालय में शिक्षकों के प्रकरण के निस्तारण की समय सीमा तय करने सहित कई समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की। इससे पहले राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन ने हल्द्वानी ब्लॉक में नवनियुक्त उप शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र आर्य का कार्यभार ग्रहण करने पर स्वागत किया। शिक्षक संगठन के जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार के नेतृत्व में बुधवार को ब्लॉक के शिक्षक प्रतिनिधियों ने उनका माल्यार्पण और बुके देकर स्वागत किया। इधर, सुरेश चंद्र आर्य ने कहा कि वह एक परिवार के मुखिया की तरह काम करेंगे और सभी विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए सभी को सतत रूप से मिलजुल कर प्रयास करना होगा। इस मौके पर अनुपमा बमेठा, आशीष बिष्ट, हरिश्चंद्र शर्मा, रेखा उप्रेती, अर्चना वर्मा, हरीश बिष्ट, जीवन खत्री, ममता मुरारी, पूरन बिष्ट, ललित धपोला, हरि सिंह, मनोज बार्शिलिया उपस्थित रहे।



उपशिक्षा अधिकारी का स्वागत करते राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन के सदस्य।

# हनीमून पर शराब के नशे में पति ने की मारपीट

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** हनीमून पर गई नवविवाहिता के साथ पति ने शराब के नशे में मारपीट की। लौटने पर वादा किया कि वह फिर ऐसा नहीं करेगा, लेकिन मलेशिया ले जाने के बाद उसने पत्नी को बंधक बनाकर फिर से प्रताड़ित किया। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति व उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

एसएसपी को दी शिकायत में मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता ने कहा, उसकी शादी वर्ष 2022 दिसंबर में गाजियाबाद निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी के 2-3 दिन सब सही रहा, लेकिन जब वह हनीमून के लिए मॉरीशस गई तो पति ने मारपीट व बदसलूकी की। शराब के नशे में प्रताड़ित करता रहा। वो 10 लाख रुपये और कार की मांग करने लगा। एक सप्ताह बाद लौटे तो सास, ससुर, जेठ और जेठानी दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। न चाहने के बावजूद पति पीड़िता को मलेशिया ले गया और दोबारा परेशान न करने का वादा किया। 4 फरवरी 2023 को मलेशिया के लिए निकले। उसने वियतनाम में फिर लड़ाई की। 6 फरवरी को मलेशिया पहुंचे तो वहां बुरा बर्ताव किया। तकिये से मुंह दबाकर मारने की कोशिश की। दीवार पर सिर पटका, घसीटा और बंधक बना कर रखा। पुलिस ने पति और उसके परिवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

होम्योपैथिक हैल्थकेयर क्लीनिक



डॉ. गौरव बिष्ट
(बी.एच.एम.एस., एन.डी.डी.वाई.)
होम्योपैथिक फिजिशियन

होम्योपैथी एक सुरक्षित और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है, जो बीमारी को दबाने के बजाय बिना किसी साइड इफेक्ट के उसे जड़ से खत्म करती है।

उपलब्ध सुविधायें :-

चर्म रोग
- मुंहासे, मस्से, स्किन एलर्जी
- सफेद दाग
- बालों का झड़ना, डैण्ड्रफ

नाक व श्वास के रोग
- अस्थमा, बार-बार जुकाम होना
- टॉन्सिल
- साइनस संबंधित रोग

पेट के रोग
- अपच, कब्ज, गैस
- अल्सर, आँत में सूजन
- फैटी लिवर

हड्डी के रोग
- जोड़ों का दर्द
- गठिया, सर्वाइकल
- कमर दर्द, साइटिका

मानसिक रोग
- माइग्रेन, सिरदर्द, मिर्गी के दौरे
- नींद न आना, डिप्रेशन, तनाव

बच्चों के रोग
- चिड़चिड़ापन, भूख न लगना
- दांत देरी से और दिक्कत से आना
- बिस्तर गीला करना
- बच्चे का विकास सही से न होना

पुरुष रोग
- प्रोस्टेट ग्रंथि की समस्यायें
- नपुंसकता, शीघ्रपतन
- वैरिकोसील

स्त्री रोग
- मासिक धर्म की अनियमितता
- सफेद पानी
- बच्चेदानी में गांठ, पीसीओडी
- बांझपन

अन्य जटिल रोग
- गुर्दे की पथरी, ब्लड प्रेशर पीलिया
- डायबिटीज, टाइफाइड बार-बार होना
- शरीर के किसी भी हिस्से में कमजोरी
- लकवा इत्यादि

क्लीनिक में आने का रास्ता




बिना ऑपरेशन बवासीर, पथरी, शरीर में गांठ आदि जटिल बीमारियों का सफल इलाज

समय
सुबह 10:00 AM से 02:00 PM
सायं 05:00 PM से 08:00 PM
रविवार पूर्ण अवकाश

लालडांट रोड, शिवालिक विहार के सामने, निकट देवदुर्गा वैडिंग प्वाइंट, हल्द्वानी
7737269262

## एक नजर

### जाति धर्म में बंटे समाज का विकास नहीं हो सकता



सभा के दौरान मंच पर मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी। ● अमृत विचार

**रामनगर :** जाति धर्म छुआछूत में बंटा समाज विकास नहीं कर सकता। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मालधन में आयोजित समरसता व सहभोज कार्यक्रम के दौरान कही। पर्वतीय जन जागृति शिल्पकार समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि किसी भी सभ्य समाज की परिकल्पना तब तक सार्थक नहीं हो सकती जब तक समाज में समरसता न हो। क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि जनता केंद्र व राज्य की योजनाओं का लाभ उठाए। इस दौरान पूर्व सैनिकों को अंग वस्त्र ओढाकर सम्मानित किया और एकल विद्यालय के बच्चों को सम्मानित किया। संचालन संजय डोर्बी ने किया। इस दौरान पर्वतीय जनजागृति शिल्पकार समिति के अध्यक्ष जीतेश टम्टा, मंडल अध्यक्ष दीपा भारती, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, भाजपा प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल मौजूद रहे।

### संजय अध्यक्ष, दीपक महामंत्री, मनोज उपाध्यक्ष बने



उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के चयनित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की एक बैठक बुधवार को बरेली रोड स्थित होटल में संपन्न हुई। इसमें सर्व सम्मति से संजय प्रसाद को महानगर अध्यक्ष, दीपक भंडारी को महामंत्री और मनोज भट्ट को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री प्रयाग पांडे, अनुशासन समिति अध्यक्ष गणेश पाठक, डॉ. विपिन चंद्र, अनुज सक्सेना, पंकज सक्सेना, मुकेश सक्सेना, सर्वेश तिवारी, राहुल सिंह दरमवाल, ऋषि कपूर, रक्षित टंडन, अंजलि पंत, शमी आलम मौजूद रहे।

# वार्षिक समारोह में बिखरी भारतीय संस्कृति की सुगंध

संवाददाता, रामनगर




कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान ईएसटीसी-एसेल के वार्षिक समारोह उत्सव 2024 में छात्र-छात्राओं ने ऐसी मनमोहक प्रस्तुति दी कि भारत की संस्कृति की सुगंध कार्यक्रम स्थल पर महक उठी। इस दौरान पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में राजस्थानी, कुमाउनी, गढ़वाली, पंजाबी, गुजराती, नेपाली लोक नृत्यों पर आधारित सामूहिक नृत्यों के अलावा कथक, भरतनाट्यम जैसे शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुति दी। इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईएसटीवी कानिया के निदेशक दिनेश चंद्रा, स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के प्रधानाचार्य डॉ. संजय सिंह तथा वीके पंत ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र देशबंधु उनियाल, प्रकाश पाठक, नवीन पपने, इमराना को सम्मानित भी किया गया।

इस दौरान वीके पंत, मितेश्वर आनंद, निदेशक सुनील किशतवाल, गणेश रावत, मिनाक्षी ध्यानी, यशपाल रावत, विनोद पपनै, प्रियांशु देवल, नीरज कुमार, मनीष, जानकी पांडे, जफरीन, प्रियंका रावत, मानव जोशी, कामाक्षी, काव्यांजलि, रेणु, रिद्धिमा आदि उपस्थित रहे।



कत्थक नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा।

### ऐड़ी देवता के जयकारों से गुंजायमान हुई कोसी घाटी

**गरमपानी :** क्षेत्र के आराध्य कहे जाने वाले ऐड़ी देवता मंदिर में हवन पूर्णाहुति व महाआरती के बाद लगे भंडारे में आस्था का सैलाब उमड़ा। आसपास के गांवों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। ऐड़ी देवता के जयकारों से समूचा माहौल भक्तिमय हो उठा। थुआ के जंगल में स्थित ऐड़ी देवता मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान से माहौल भक्तिमय हो उठा। धर्माचार्यों ने यजमानों ने धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद लगे भंडारे के साथ अंखड रामायण पाठ का पारायण हुआ। आसपास के गांवों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भजन मंडली ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दे श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। देर शाम तक भजन कीर्तनों का दौर जारी रहा।

## यदि आज रेट तय नहीं हुआ तो कल से निकासी ठप

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डंपर एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि आज (गुरुवार) तक आरबीएम का भाड़ा 29 रुपये प्रति क्विंटल तय नहीं हुआ तो कल (शुक्रवार) से सभी गेटों पर उपखनिज निकासी बंद कर दी जाएगी।

डंपर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि बीते जनवरी माह में प्रशासनिक अधिकारियों की मध्यस्थता में उपखनिज का रेट 29 रुपये प्रति क्विंटल तय हुआ था। नदी में विधिवत खनन शुरू हुए एक माह भी नहीं हुआ है, स्टोन क्रशर्स स्वामियों ने चार रुपये प्रति क्विंटल कम कर दिया गया है, सिर्फ 25 रुपये प्रति क्विंटल ही भुगतान किया जा रहा है। इससे वाहन स्वामियों में जबरदस्त आक्रोश है। चेतावनी दी कि यदि गुरुवार तक प्रशासन के साथ हुई वार्ता के अनुसार 29 रेट की सूची चस्पा नहीं की गई तो शुक्रवार से सभी गेटों से उपखनिज निकासी ठप कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गौला नदी में 7452 वाहन खनन के लिए पंजीकृत हैं। हजारों लोगों का रोजगार जुड़ा हुआ है ऐसे में प्रशासन को इसका ध्यान रखते हुए फैसला लेना चाहिए।

# जहूर आलम को मिला संगीत नाटक अकादमी सम्मान




रंगकर्मी जहूर आलम को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति। ● अमृत विचार

**अमृत विचार, नैनीताल :** वरिष्ठ रंगकर्मी व युगमंच के संस्थापक निदेशक जहूर आलम को संगीत नाटक अकादमी की ओर से 2023 के राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया था। बुधवार को दिल्ली में जहूर आलम ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों सम्मान प्राप्त किया। इसके बाद उनके चाहने वालों में खुशी है।

रंगकर्म, लेखन, लोक संगीत, होली महोत्सव के आयोजन के लिए जाने जाने वाले जहूर आलम को अब तक दर्जनों सम्मान मिल चुके हैं। सम्मान के लिए चयन होने पर जहूर आलम ने परिजनों सहित रंगकर्मियों व नाटक प्रेमियों का आभार व्यक्त किया है। कहा कि सम्मान मिलने के बाद मेरी संस्कृति को आगे बढ़ाने की मेरी जिम्मेदारी और बढ़ गई है।

### कोसी घाटी पहुंचे लोकसभा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत

**गरमपानी :** अल्मोड़ा पिथौरागढ़ संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के कोसी घाटी पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी को आसपास के गांवों से रिकार्ड मतों से जीताकर लोकसभा भेजने का भरोसा दिलाया। अजय टम्टा ने कहा की हमेशा की तरह जनसमस्याओं के समाधान को गंभीरता से कार्य किया जाएगा। अल्मोड़ा पिथौरागढ़ संसदीय सीट से भाजपा के घोषित प्रत्याशी अजय टम्टा खैरना पहुंचे। व्यापार मंडल अध्यक्ष गजेंद्र नेगी की अगुवाई में पातली, भुजान, टूनाकोट, मंडलकोट, तिपोला, सुखोली आदि गांवों से पहुंचे लोगों ने अजय टम्टा का स्वागत किया।

### जनसंवाद में छाईं मूलभूत समस्याएं

**भीमताल :** विकासखंड सभागार में ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों ने मूलभूत समस्याओं को उठाते हुए समाधान की मांग की। इस दौरान विगत दिवस हुई भारी ओलावृष्टि, बारिश से फसल व बागवानी को नुकसान की जानकारी दी गई। प्रमुख ने बताया कि अतिवृष्टि में तत्काल उचित मुआवजा देने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया है। जनसंवाद में प्रधान लक्ष्मण गंगोला, अमित कुमार, विपिन जंतवाल, धर्मेन्द्र रावत, पूरन भट्ट, शेखर भट्ट, मदन मोहन कुल्याल, गोपाल कृष्ण भट्ट, नवीन पलड़िया, प्रदीप कुमार, प्रेम मेहरा, धर्मेन्द्र शर्मा, मनोज चनियाल, राजेंद्र कोटलिया, नवीन क्वीरा आदि मौजूद रहे।

### सुराज सेवा दल ने संपत्ति जांच की मांग



अभियंता के खिलाफ प्रदर्शन करते सुराज सेवा दल के कार्यकर्ता।

**हल्द्वानी :** सुराज सेवा दल ने जल निगम के अभियंता की संपत्ति की जांच सीबीआई से कराने की उठाई है। बुधवार को बुद्धपार्क में सुराज सेवा दल से जुड़े लोगों ने अभियंता का पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान दल से जुड़े लोगों ने कहा कि अभियंता ने आय से अधिक की संपत्ति अर्जित की हुई है। पूर्व में हुई विजिलेंस जांच में 1.85 लाख रुपये का जुर्माना लगाकर फिर से सेवा में बहाल कर दिया गया। इसी के साथ बताया कि अभियंता पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं मांग की गई कि आय से अधिक संपत्ति की जांच निष्पक्ष सीबीआई से कराई जाए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष दया किशन भट्ट, लता रौतेला, पुष्पा कोठारी, गोविंद कन्याल उपस्थित रहे।

### नाबार्ड के अधिकारियों ने किया निरीक्षण



नैनीताल दुग्ध संघ का स्थलीय निरीक्षण करते टीम।

**लालकुआं :** नाबार्ड से प्रस्तावित 80 करोड़ की धनराशि की सैद्धान्तिक सहमति होने के बाद नाबार्ड व कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग ने कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के अधिकारियों के साथ नैनीताल दुग्ध संघ का स्थलीय निरीक्षण किया है। यूसीडीएफ के एमडी जयदीप अरोड़ा ने बताया कि दुग्ध संघ का प्रशासनिक भवन तथा मशीनें काफी पुरानी हो गई हैं, जिनके नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव बनाकर नाबार्ड को भेजा गया, जिस पर आज संबंधित विभागों की टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। नाबार्ड के उत्तराखंड प्रभारी विनोद बिष्ट, उत्तराखंड डेयरी कोऑपरेटिव फेडरेशन के प्रशासक मुकेश सिंह बोरा, मदम विक्रमार्जुन एएम एसपीडी नाबार्ड मुंबई, अमित पांडे एजीएम नाबार्ड देहरादून, खंड सिंचाई विभाग देहरादून से ईई कमल सिंह सजवान, अरुण जोशी मौजूद थे।

### पं. पंत की पुण्यतिथि पर आज कार्यक्रम

**नैनीताल :** उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 7 मार्च को 63 वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। गोविंद बल्लभ पंत जयंती प्रदेश के संयोजक ललित भट्ट ने बताया कि भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 63वीं जयंती उत्तराखंड के साथ-साथ पूरे देश में 7 मार्च को मनाई जाएगी। भारत के दूसरे गृह मंत्री तथा भारतीय संविधान में हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने और जमींदारी प्रथा को खत्म कराने में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

### तकनीकी शिक्षा का ज्ञान जरूरी

**गरमपानी :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ढोकाने के तत्वाधान में अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर सुयालबाड़ी मुख्य बाजार व आसपास के क्षेत्रों में तकनीकी शिक्षा के प्रसार प्रसार व आईटीआई में प्रवेश के लिए जागरुकता रैली निकाली गई। संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल ने क्षेत्र क्षेत्रवासियों से नौनिहालों को तकनीकी शिक्षा दिलाने का आह्वान किया। बताया कि वर्तमान समय में रोजगार के लिए तकनीकी शिक्षा जरूरी है। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर सुयालबाड़ी, सुयालखेत, नैनीपुल आदि बाजार क्षेत्रों में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के शिक्षकों व विद्यार्थियों तथा स्थानीय लोगों ने जागरुकता रैली निकाली।



# कार से कांवड़िया घायल, जाम लगाकर किया प्रदर्शन

## घायल कांवड़िया हायर सेंटर रेफर, चार घंटे जाम में फंसे रहे सैकड़ों वाहन, एसडीएम और सीओ ने आश्वासन देकर खुलवाया जाम



केलाखेड़ा थाना क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाइवे पर आक्रोशित कांवड़ियों के जाम लगाने से लगी वाहनों की कतार व मौके पर मौजूद पुलिस।



आक्रोशित कांवड़ियों को समझाने का प्रयास करते एसडीएम बाजपुर आरसी तिवारी व एएसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे शक्तिफार्म सितारगंज के कावड़ियों का जत्था जब राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर गणेशपुर तिराहे पर पहुंचा तो जत्थे में चल रहे कांवड़िये सितारगंज के शक्तिफार्म बैकण्ठपुर एक नंबर निवासी गोविंद मित्र पुत्र भोला मित्र को एक कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गया। इससे साथ चल रहे कांवड़िये आक्रोशित हो गए और नारेबाजी करते हुए हाइवे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही केलाखेड़ा थाना अध्यक्ष ललित मोहन रावल मय फोर्स घटनास्थल पर पहुंच गए तथा घायल कांवडिये को तत्काल उप जिला चिकित्सालय बाजपुर पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घटना के बाद वहां कांवड़ियों का जमावड़ा लग गया। कांवड़िये वन वे ट्रैफिक व्यवस्था करने तथा चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी बाजपुर रमेश चंद तिवारी, क्षेत्राधिकारी काशीपुर अनुषा बड़ौला भी मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए और जाम लगाकर बैठे कांवड़ियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन कांवड़िया कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए। स्थानीय लोगों ने भी उनसे वार्ता की। जिसमें विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस ने भी कांवड़ियों को समझाया, लेकिन कोई हल निकल पाया। इस दौरान हाइवे पर काफी लंबा जाम लग गया और जाम में फंसे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कांवड़ियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही थी, जिसके चलते प्रशासन के हाथ-पांव फूलने लगे। आसपास के थानों से भी पुलिस को मौके पर बुला लिया गया। आखिरकार अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा घायल कांवड़िये के परिजनों से दूरभाष पर वार्ता करने, अज्ञात कार चालक के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की कापी दिखाने तथा ट्रैफिक प्लान के तहत वन साइड कावड़ियों के लिए आरक्षित करने व चालक की जल्द गिरफ्तारी करने के आश्वासन देने पर करीब चार घंटे बाद कांवड़ियों ने जाम खोला और गंतव्य को रवाना हुए। इस पर प्रशासन ने भी चैन की सांस ली।

### कांवड़िये के साथी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**बाजपुर।** पुलिस ने घायल कांवड़िये के साथी की ओर से दी गई तहरीर पर अज्ञात कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। शक्तिफार्म बैकुण्ठपुर सितारगंज निवासी निरंजन बड़ाई पुत्र निर्मल बड़ाई ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह हम लोग गंगा जल लेकर जा रहे थे तो केलाखेड़ा नेशनल हाइवे-74 पर गणेशपुर तिराहे से लगभग 100 मीटर दूर रुद्रपुर की तरफ प्रातः 5.30 बजे एक आल्टो कार ने सड़क किनारे आकर पीछे से गोविंद मित्र को टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उसे बाजपुर सरकारी हॉस्पिटल ले गए, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद आरोपी चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। घटना के वक्त हमारी टोली में परिमल बड़ाई, राकेश चक्रवती, मंजीत मंडल, कमलेश हालदार आदि शामिल थे।

### गंगाजल लेकर पहुंचने लगे कांवड़िये

**बाजपुर।** पांच दिवसीय कांवड़ यात्रा पर हरिद्वार गए शिवभक्त गंगा जल लेकर वापस लौटने लगे हैं। बुधवार सुबह से लेकर सायं तक सैकड़ों कांवड़ियों की टोलियां नगर के बीच से होकर गुजरीं। शिवभक्त जयकारा वीर बजरंगी, हर-हर महादेव..., महादेव का महामंत्र से मुक्ति का उपाय, ऊं नमः शिवाय बोलो ऊं नमः शिवाय... आदि का उद्घोष करते हुए चल रहे थे। शहर में श्रीरामभवन धर्मशाला में शिवभक्तों के लिए भंडारा लगाया गया है तथा उनके रात्रि विश्राम की व्यव्यवस्था भी की गई है। वहीं नई सड़क बरहैनी में भंडारा व रहने की व्यवस्था की गई है तथा भजन-कीर्तन किया जा रहा है। एसडीएम कोर्ट के सामने व अन्य कई जगहों पर भी शिवभक्तों के लिए भंडारे के साथ ही ठहरने की व्यवस्था की गई है।

# गंगाजल लेकर पहुंचे छोटे बच्चे



काशीपुर में परिजनों के साथ हरिद्वार से गंगाजल लाते बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** अभिभावकों से प्रेरित होकर बालक भी कांवड़ लाने लगे हैं। ये भगवान भोले के प्रति आस्था ही है, जो कि खेलकूद और घर की सभी सुविधाओं को दरकिनार कर शिव भक्ति में लीन होकर हरिद्वार, ऋषिकेश से कांवड़ ला रहे हैं। ऐसा ही नजारा काशीपुर शहर में देखने को मिला। जब स्कूल में पढ़ने वाले किशोर कांवड़ लाते हुए नजर आए।

बुधवार को शहर में किच्छा क्षेत्र के दोपहरिया गांव के कांवड़ियों की टोली हरिद्वार से गंगाजल लेकर आई, जो शहर से होते हुए किच्छा जा रही थी। इन टोली में छोटे-छोटे शिवभक्त भी हाथों में कांवड़ उठाए नजर आए। भाई व पिता की प्रेरणा से गंगा जल लेने गए इन छोटे शिव भक्तों को भोले की कृपा से थकान का एहसास भी नहीं हुआ। 8 वर्षीय पल्स शर्मा, 10 वर्षीय शिवम शर्मा और केशव कश्यप ने बताया कि वह अपने पिता व भाई से प्रेरणा लेकर हरिद्वार गंगा जल लेने गये थे। तीनों दोस्तों के जज्बे को देख कई किलोमीटर का पैदल सफर भी आसान लगता नजर आ रहा था। साथ में चल रहे भोलो ने बताया कि यह हमें भी पीछे छोड़कर आगे निकल जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कल शाम तक किच्छा पहुंच कर शुक्रवार को अपने ही गांव के मंदिर में जल चढ़ाएंगे। उधर रुद्रपुर के शिव नगर चामुंडा मंदिर निवासी 11वर्षीय अनुराग सागर भी अपने पिता अशोक के साथ हरिद्वार से पहली बार कांवड़ लेकर आया।

### प्रत्येक थाना व चौकी में रहेगी गंगा जल व कांवड़ की व्यवस्था

**काशीपुर।** महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए हरिद्वार से गंगाजल लाने वाले कांवड़िए लौटने लगे हैं। कांवड़ियों को बेहतर सुविधा व सुरक्षा मुहैया कराने के लिए पुलिस विभाग भी तत्पर नजर आ रहा है। पुलिस ने कांवड़ियों के लिए प्रत्येक थाने में गंगा जल व कांवड़ की व्यवस्था भी कर रखी है। जगह-जगह पुलिस फोर्स कांवड़ यात्रा को भोले की सेवा में भी लगा नजर आ रहा है।

### कांवड़ियों की सेवा में लगी पुलिस

**काशीपुर।** हरिद्वार से जल लेकर आ रहे कांवड़ियों के लिए शहर में जगह जगह भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस विभाग ने कांवड़ियों के लिए रामलीला मैदान में भण्डारे का आयोजन किया है। जहां उन्होंने कांवड़ियों के लिए खाने पीने के साथ ही पंडाल लगा कर कांवड़ियों के ठहरने की व्यवस्था की है। शिवभक्त भोलेनाथ के जयकारों और डीजे पर बज रहे भक्तिमय भजनों की धुन पर थिरकते हुए अपने गंतत्व की ओर जा रहे हैं।

## सार-संक्षेप



मंदिर में शिवलिंग की स्थापना पर कलश में जलाभिषेक को पहुंची महिलाएं।

### बंडिया शिव मंदिर में विधि विधान से शिवलिंग की स्थापना

**खटीमा।** ग्रामसभा बंडिया के शिव मंदिर में शिवलिंग की स्थापना विधि विधान के साथ धूमधाम से की गई। नवनिर्मित शिव मंदिर में बुधवार को दोपहर बाद शिवलिंग की स्थापना की गई। जिसमें खुदागंज शिव मंदिर से श्रद्धालु जल भरकर बंडिया के शिव मंदिर लेकर पहुंचे और शिवलिंग का जलाभिषेक किया और श्रद्धालुओं ने मिलकर प्रार्थना की। पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



किच्छा में पदयात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### नारी शक्ति वंदन पद यात्रा निकाली

**किच्छा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के बैनर तले महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन पद यात्रा निकालते हुए भाजपा के पक्ष में प्रचार किया। नगर के दीनदयाल चौक स्थित स्वास्तिक राइस मिल से तमाम महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी के झंडे एवं टोपी के साथ नारी शक्ति वंदन यात्रा प्रारंभ की। पदयात्रा में तमाम महिलाओं ने शिरकत की। इस दौरान तमाम महिलाएं पैदल यात्रा करती हुई बरेली रोड एवं आवास विकास पहुंची। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री शैली फुटेला एवं महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दया डसीला ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में महिला मोर्चा अपनी अग्रिम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के10 वर्ष के कार्यकाल को स्वर्णिम बताया।



झनकट में भाजपा कार्यालय का शुभारंभ करते लोकसभा चुनाव प्रभारी भौर्याल।

### झनकट में भाजपा कार्यालय का शुभारंभ

**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने झनकट में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी हिमांशु विष्ट, विमला विष्ट, विधानसभा विस्तारक हरीश भट्ट, भुवन जोशी, किशोर जोशी, जानकी पाण्डेय, अंजू देवी, मनोज राणा, महेश राणा, प्रेमा महर, अनिता ज्याला, हरीश वर्मा, हरेंद्र राणा, रमनदीप चिमा, राजनाथ मोर्या, कौशल्या बाफिला, हेमा जोशी, श्वेता रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

### महिला सहित तीन वारंटी गिरफ्तार

**काशीपुर।** चेक बाउंस, पशु क्रूरता व शराब तस्करी के तीन वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। कोतवाली पुलिस ने धारा 60 आबकारी अधिनियम में आरोपी मनोज निवासी ग्राम ब्रह्म नगर काशीपुर, धारा 3 (1) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के आरोपी सोनू निवासी नंबर-1 शिव नगर काशीपुर और धारा 138 एनआई एक्ट के आरोपी कमलजीत कौर निवासी हरिनगर ढकिया नंबर-2 कोतवाली को गिरफ्तार किया।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# नशे के बढ़ते कारोबार से ग्रामीणों में आक्रोश



कंजाबाग में बैठक को संबोधित करते भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जोशी।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** कंजाबाग क्षेत्र के निवासियों ने बैठक कर कंजाबाग छेत्र में नशे की बढ़ते व्यापार एवं अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों द्वारा नशाखोरों को संरक्षण देने के विरोध में आक्रोशित कॉलोनी वासियों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

नगरपालिका के पूर्व सभासद गोकुल ओली की अध्यक्षता में हुई बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि जल्द ही इस छेत्र में पुलिस की स्थाई चौकी का निर्माण के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन जल्द ही ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करेगा और नशे की चपेट में आ चुके युवाओं को मेडिकल सहायता दी जाएगी। पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत ने कहा कि कंजाबाग क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध कॉलोनी का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा और बिना सत्यापित बाहरी लोगों को बसाने का विरोध किया जाएगा। यहां भाजपा नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, गणेश चंद, विनोद जोशी, नरेश राणा, शांति पांडे, सावित्री चंद, लीलाधर पाठक, मीणा मेहता, अनीता रहे।

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, पति को किया घायल

**काशीपुर।** एक महिला ने पड़ोसी युवक पर घर में घुसकर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। युवक पर महिला के पति पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का आरोप भी है। मामले में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्यवाही की मांग की है।

ग्राम बैलजूड़ी निवासी एक महिला ने थाना कुंडा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह वह अपने घर पर थी। तभी गांव का एक युवक उसके घर में जबरदस्ती घुस आया और महिला के साथ अश्लील हरकत करने लगा। महिला के चिल्लाने पर बीच बचाव को उसका पति आया तो युवक ने उस पर धारदार हथियार से वार कर दिया। जिसमें उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गये। शोर होने पर आसपास के लोगों के एकत्र होने पर आरोपी युवक तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घायल को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत देख रेफर कर दिया गया है।

# बिजली दरें बढ़ने से उद्योगों पर पड़ा विपरीत प्रभाव

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** विद्युत दरों के बढ़ने से उत्तराखंड के उद्योगों पर पड़ा विपरीत प्रभाव पर देहरादून में आयोजित विद्युत सलाहकार समिति की बैठक में केजीसीसीआई अध्यक्ष अशोक बंसल ने उत्तराखंड राज्य के विकास एवं रोजगार सृजन में उद्योगों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के समय कुछ सुझाव भी रखे। जिनमें उद्योगों पर पड़ने वाले क्रॉस सब्सिडी के भार व विद्युत बिलों पर लगने वाले टैक्स को समाप्त करने। साथ ही कंटीन्यूअस सप्लाई पर लगने वाले 15 प्रतिशत अतिरिक्त चार्ज को कम करके अधिकतम 2 प्रतिशत ही रखने, उद्योगों से अधिकतम 15 दिन की सिक्योरिटी ही जमा कराने, विद्युत की दरें न बढ़ाए जाने और अध्यक्ष वोल्टेज कैटेगरी के अनुसार लाइन लॉस का आंकलन कर विद्युत दरों का निर्धारण करना शामिल है। अशोक बंसल ने यह भी मांग की कि राज्य के उद्योग यूपीसीएल के जटिल नियमों के ओपन असेस से बिजली नहीं खरीद पा रहे हैं तथा कंटीन्यूअस सप्लाई न मिलने के कारण उद्योगों की उत्पादन प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। जिस कारण ओपन असेस से बिजली खरीदने हेतु नियमों का सरलीकरण किया जाना चाहिए तथा राज्य में विद्युत की दरों पर नियंत्रण रखते हुए उद्योगों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# कांग्रेस नेता के भाई के होटल में दरोगा ने दिखाई दबंगई

संवाददाता, रुद्रपुर

### सौंपी तहरीर

▸▸ **नहीं दिया कमरा तो तोड़ डाले स्टाफ के मोबाइल, होटल स्वामी ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर**

**अमृत विचारः** रंपुरा चौकी का प्रभारी बताते हुए एक दरोगा पर पुलिसिया रौब दिखाने और कमरा नहीं देने पर कर्मचारियों के मोबाइल तोड़ने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि होटल कांग्रेस नेता के भाई का है और होटल स्वामी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार गाबा चौक काशीपुर मार्ग स्थित होटल स्वामी शैलेंद्र कुमार चिलाना कांग्रेस नेता के भाई है और उनका गाबा चौक पर चिलाना टावर नाम से होटल है। होटल स्वामी शैलेंद्र का कहना है कि पांच मार्च की रात साढ़े ग्यारह बजे विकास नाम का एक व्यक्ति आया, जो खुद को रंपुरा चौकी पुलिस का प्रभारी बता रहा था। आरोप था कि दरोगा ने होटल में एक कमरा खुलवाने की बात कही। जब होटल स्टाफ ने शादी के लिए पूरा होटल बुक होने की बात कही। जिसे सुनकर दरोगा का पारा चढ़ गया और पुलिसिया रौब दिखाते हुए कर्मचारियों का मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया और जमकर हंगामा काटा। जिससे होटल में रहने वाले लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा और दरोगा धमकी देते हुए एंट्री रजिस्टर लेकर साथ चला गया। बताया कि पूरा घटनाक्रम होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो चुका है। होटल स्वामी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी



साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)



पीएम आवास योजना, नजूल पर मालिकाना हक व प्रोत्साहन प्राप्त लोगों के साथ सीएम धामी। ● अमृत विचार



रुद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद भीड़। ● अमृत विचार

# 56704.93 लाख के कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण

## रुद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने किया 106 कार्यों का शिलान्यास और 116 विकास कार्यों का लोकार्पण

कार्यक्रम

**20296.92** लाख रुपये से रुद्रपुर विस क्षेत्र के लिए कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**7498.97** लाख से काशीपुर के लिए 13 कार्यों का किया गया लोकार्पण व शिलान्यास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम के दौरान ऊधमसिंह नगर की नौ विधानसभाओं में 56704.93 लाख से बनने वाले 222 कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसमें 35758.69 लाख के 106 कार्यों का शिलान्यास और 20946.24 लाख के 116 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

बुधवार को गांधी पार्क में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने रुद्रपुर विधानसभा में 20296.92 लाख रुपये से होने वाले 23 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसी तरह जसपुर में 1411.04 लाख रुपये से होने वाले 31 कार्यों, काशीपुर में 7498.97 लाख रुपये से 13 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके अलावा बाजपुर में 3077.88 लाख रुपये से 21 कार्यों, गदरपुर में 2532.03 लाख रुपये से 19 कार्यों, किच्छा में 3404.52लाख रुपये से 25 कार्यों, सितारगंज में 6866.68 लाख रुपये से 22 कार्यों, नानकमत्ता में 5558.49 लाख रुपये से होने वाले 36 कार्यों और खटीमा विधानसभा में 6058.40 लाख रुपये से 32 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



गांधी पार्क में विकास कार्यों का लोकापर्ण एवं शिलान्यास करते सीएम धामी। ● अमृत विचार

### पट्टे दिलाने में पीएम मोदी का है विशेष योगदान

**रुद्रपुर।** मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जब मालिकाना हक का पट्टा देने के लिए विधानसभा में विधेयक पारित किया तो विधेयक की अंतिम मंजूरी के लिए राजभवन के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजा गया था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने गरीबों की समस्या, पीड़ा और संघर्ष समझने में देर नहीं लगाई और इसे अपनी मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि आज जो मालिकाना हक का पट्टा आपको मिल रहा है उसमें प्रधानमंत्री मोदी का भी बहुत बड़ा योगदान है। इसके लिए हम सभी लोग मिलकर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हैं।

### इनसे पूछे सीएम ने कई सवाल

मालिकाना हक का पट्टा मिलने के बाद सीएम धामी ने शिवनगर वार्ड नंबर 2 की मेघना सिंह और वार्ड 37 राजेंद्र नगर के वीरेंद्र से बात की और बधाई दी। साथ ही कई सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि मालिकाना हक के लिए एक्ट लागू होने के बाद लोगों को लगा था कि अब दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ेंगे पैसा खर्च करना पड़ेगा। सीएम ने पट्टाधारकों से पूछे ये सवाल।

## सभी का होता है घर बनाने का सपना : सीएम

संवाददाता, रुद्रपुर

**मालिकाना हक**

▸▸ **बोले-जो वादा किया वह आज पूरा हो गया, आठ, नौ, 10 हजार जितने भी पात्र हैं सबको मिलेगा मालिकाना हक**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अपना एक आशियाना हो यह हर गरीब का सपना होता है। लेकिन घर बनाना सपने से कम नहीं होता है। जमीन खरीद उससे भी बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि जो वादा किया वह आज पूरा हो गया है। पहले चरण में आज 2600 लोगों को मालिकाना हक के स्वीकृति पत्र सौंपे गये हैं। बाद में अन्य को स्वीकृति पत्र सौंपे जाएंगे। इसमें आठ, नौ, 10 हजार जितने भी पात्र होंगे सबको मालिकाना हक दिया जाएगा।

सीएम धामी ने कहा कि जब हाईकोर्ट ने नजूल नीति को खारिज कर दिया था और भूमि को खाली करने का आदेश दे दिया था। हमारी सरकार इस मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट लेकर गई थी। हमने आपके हक की लड़ाई लड़ी। सुप्रीम कोर्ट में आप सबकी जीत हुई, हम जीते क्योंकि हमारे साथ केंद्र सरकार व आप सभी का आशीर्वाद था। इसके बाद हमने विधानसभा में कानून पास किया, नजूल नीति 2021 लागू की। तमाम कानूनी प्रक्रियाएं अपनाई, तब जाकर आपको यह पट्टा देने में सफलता मिली है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने यह तय किया कि पट्टा लेने के लिए आपको भाग दौड़ नहीं करनी पड़े, बल्कि सरकारी दफ्तरों के कर्मचारी-अधिकारी खुद आपके दरवाजे तक चल कर आएं और सारे जरुरी काम निपटाएं। ताकि गरीबों का जीवन सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने में न बीतें। साथ ही यह तय किया कि इस पूरी प्रक्रिया में लाभार्थी परिवारों का एक भी रुपया खर्च नहीं होना चाहिए।

**सवाल**

- मकान का काम पूरा हो गया है।
- करते क्या हैं।
- घर में कौन–कौन लोग रहते हैं।
- इससे पहले कहां रहते थे।
- यह योजना कौन सी है।
- इसके लिए कहीं जाना तो नहीं पड़ा।
- कोई परेशानी तो नहीं हुई।
- किसी ने कोई शुल्क तो नहीं लिया।
- आप किसी कार्यालय में तो नहीं गये।

## वेंडिंग जोन में दी जाएंगी व्यापारियों को दुकानें

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जी-20 कार्यक्रम के दौरान जिन व्यापारियों के दुकानें ध्वस्त की गयी थी उन सभी को वेडिंग जोन में दुकानें दी जाएंगी। इसके लिए मुख्यमंत्री धामी ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह को निर्देश भी दे दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेंडिंग जोन में 300 से अधिक दुकानें बनेंगी।

बुधवार को गांधी पार्क में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के कारण जिनका रोजगार छीना है। उनके लिए रुद्रपुर शहर में वेंडिंग जोन अति शीघ्र बनाया जाएगा। जिसमें लगभग से 300 अधिक दुकानें बनाई जाएंगी। इसमें लोग आसानी से रोजगार कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि रुद्रपुर में कारोबार को बढ़ावा दिया जा रहा है। जैसे सिडकुल में आने के बाद कई लोगों को रोजगार मिला था। बता दें कि जी-20 कार्यक्रम के दौरान नैनीताल रोड स्थित रोडवेज स्टेशन के पास कई सड़क चौड़ीकरण होने के बाद लोगों का रोजगार छिन गया था। इसको लेकर व्यापारियों ने कई बार धरना प्रदर्शन किया। जनप्रतिधियों व डीएम को ज्ञापन भेजकर पुनर्वास की मांग की थी। विधायक शिव अरोरा से भी पुनर्वास करने की मांग की थी।

## पुष्प वर्षा से किया सीएम धामी का स्वागत

**परंपरा**

▸▸ **बांग्ला एवं पर्वतीय संस्कृति का दिखा समावेश, जब सीएम ने किया बच्चे को दुलार**

संवाददाता, रुद्रपुर



बंगाली वेशभूषा में सीएम के स्वागत के लिए खड़ीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गांधी पार्क में नजूल भूमि फ्री होल्ड पट्टा वितरण एवं किफायती आवास आवंटन लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर जितना उत्साह प्रशासन को था। उससे ज्यादा कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। जहां बांग्ला एवं पर्वतीय संस्कृति का समावेश के साथ सीएम को पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ।

बुधवार को सीएम धामी के कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही बंगाली और पर्वतीय समाज की महिलाएं अपनी अपनी पारंपरिक वेशभूषा सीएम आगमन मार्ग पर खड़ी थी और जैसे ही दोपहर बारह बजे सीएम आगमन गैलरी में पहुंचे। वैसे ही सीएम पुष्कर सिंह धामी पर पुष्प वर्षा होने लगी। जिसे देखकर सीएम धामी भी गदगद हो गए। इस दौरान बैरिकेडिंग के अंदर खड़े सीएम धामी का इंतजार कर रहे एक व्यक्ति की गोद में बच्चा देखा। सीएम कुछ देर रुके और बच्चे को दुलार कर आगे बढ़ने लगे। पुष्पवर्षा से पूरा कार्यक्रम स्थल पट गया।

**बताईं उपलब्धियां** गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे सीएम, बोले–धर्मांतरण के खिलाफ बनाया कठोर कानून

## मैं भी साधारण परिवार से हूं, संघर्षों को करीब से देखा है : धामी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रुद्रपुर के गांधी पार्क में आयोजित नजूल भूमि का निशुल्क पट्टा वितरण एवं किफायती आवास आवंटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान मुख्यमंत्री का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन में शक्ति वंदन अभियान के समापन अवसर पर प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद में प्रतिभाग किया।

बुधवार को गांधी पार्क में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मैं भी एक साधारण परिवार से हूं, गांव में जन्मा और पला-बढ़ा हूं, मैंने जिंदगी के संघर्षों को करीब से



जनसभा को संबोधित करते सीएम धामी।

देखा समझा है। लोगों की जिंदगी का अधिकांश समय मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान की समस्याओं को सुलझाने में ही गुजर जाता है। ऐसे में सवाल घर बनाना किसी बड़े सपने से कम नहीं होता है। सभी को पट्टा मिल रहा है तो मुझे खुशी हो रही है कि आपका सपना पूरा हो रहा है। अब आप इस भूमि पर अपने सपनों का आशियाना बनाइए।

उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के खिलाफ कठोर कानून बनाया। युवाओं का भविष्य संवारने के लिए हमने देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून बनाया। सरकार लैंड जिहाद को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार कार्यवाही कर रही है। अभी दो दिन पहले ही हमने दंगा करने वाले दंगाइयों से ही सारे नुकसान की भरपाई का नियम लागू किया है। ऐसे तमाम काम हमने कर दिखाए, जिनके बारे में कभी सोचा नहीं जा सकता था। उन्होंने कहा कि नजूल भूमि का मालिकाना हक देने के बारे में भी हमसे पहले की सरकारों ने कभी गंभीरता से सोचा नहीं था लेकिन हमने आपके बारे में सोचा और असंभव सा दिखने वाला यह कार्य भी कर दिखाया।

### सीएम ने किया नीलम, दीपा, पूनम और कनकलता को सम्मानित

रुद्रपुर। मुख्यमंत्री धामी ने नगर निगम रुद्रपुर में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 की नामित ब्रांड एंबेसडर नीलम कोहली को उनके उत्कृष्ट योगदान दिए जाने के फलस्वरूप प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उत्तराखंडी ऐपण कला को देश–विदेश में विख्यात करने पर दीपा मटेला, सिलाई एवं फैशन डिजाइन के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने पर पूनम और दोना पत्तल का लघु उद्योग स्थापित कर महिलाओं को रोजगार देने के सराहनीय कार्य के लिए कनकलता को सम्मानित किया। इसके अलावा नगर निगम रुद्रपुर के द्वारा प्रधानमंत्री फेरी फड़ व्यवसायी आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत ऋष पाल कौर, पुष्पा विश्वास, चांदमुनी एवं रेखा को 50–50 हजार रुपये की धनराशि चेक सौंपा।

### गरीबों का उत्थान कर रही डबल इंजन की सरकार

**रुद्रपुर।** केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने सभी लाभार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिये डबल इंजन की सरकार हर संभव प्रयासरत है। गरीबों के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। उन्होंने लालकुआं से अमृतसर तक रेल संचालित करने के लिए केंद्र सरकार का व गरीबों को नजूल पट्टा फ्री होल्ड करने व प्रधानमंत्री आवास आवंटन करने के लिये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया।



सभा को संबोधित करते मंत्री अजय भट्ट।

## झलकियां



पर्वतीय वेशभूषा में खड़ी पर्वतीय समाज की महिलाएं। ● अमृत विचार

### सीएमओ ने सीएम को सौंपी श्रीकृष्ण लीला पुस्तक

**रुद्रपुर।** गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम धामी ने स्वास्थ्य विभाग के लगे स्टॉल पहुंचे। जहां सीएम ने पांच बच्चों को पल्स पोलियो ड्राप पिलाई। इस दौरान सीएमओ ने पल्स पोलियो अभियान की प्रगति रिपोर्ट बताई और अभियान को शत–प्रतिशत लक्ष्य के साथ पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सीएमओ डॉ मनोज कुमार शर्मा ने सीएम को श्रीकृष्ण लीला से प्रेरित पुरुषोत्तम भगवान पुस्तक भेंट की। इस मौके पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरडी भट्ट, मैनेजर अजय वीर, लक्ष्मी पोखरियाल, आशा कोऑर्डिनेटर, भोपाल सिंह मेहरा, हेम चंद पंत, बबिता सामंत आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में आती बुजुर्ग महिला। ● अमृत विचार

### गश खाकर गिरी बुजुर्ग महिला

**रुद्रपुर।** गांधी पार्क में आयोजित सीएम कार्यक्रम में शिरकत पहुंची अचानक एक बुजुर्ग महिला गश खाकर नीचे गिर गई। जिसे देखकर वहां तैनात सीओ सदर निहारिका तोमर ने तत्काल बुजुर्ग को उठाने का प्रयास किया और अधीनस्थों को आदेशित किया। इसके बाद बुजुर्ग महिला को स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर ले जाकर डॉक्टरों ने उपचार किया और सीओ के आदेश पर शीघ्र एंबुलेंस से महिला को जिला अस्पताल ले गई। जहां कुछ देर बाद महिला पूर्णतया ठीक हो गई। डॉक्टरों का कहना था कि ब्लड प्रेशर बढ़ने के कारण बुजुर्ग की तबीयत खराब हुई थी। फिलहाल वह बिल्कुल ठीक है।

### कई स्थानों पर एसएसपी ने लगाई रोक

**रुद्रपुर।** सीएम के गांधी पार्क में पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने सीएम से मिलने की बहुत कोशिश की। मगर पंडाल के मुख्य मार्ग पर खड़े एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कार्यकर्ताओं को रोक दिया और वापस कर दिया। इस दौरान एसएसपी ने अधीनस्थों को बेवजह सीएम से मिलने वालों पर रोक लगा दी और मुख्य रास्तों को बंद कर दिया। एसएसपी की सक्रियता देखकर हर कोई चर्चा कर रहा था।

### पहले होती थी राजनीति अब मिला मालिकाना हक

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने कहा मुख्यमंत्री धामी सदैव गरीब कल्याण की धारणा के साथ कार्य करते हैं। जिसका उदाहरण हमारे निर्धन परिवारों को बिना कोई रुपया खर्च किये निशुल्क मालिकाना हक देने का कार्य है। इससे पहले मालिकाना हक को लेकर सिर्फ राजनीति हुई और जनता को निराशा हाथ लगी। राज्य में मुख्यमंत्री धामी और रुद्रपुर में आपके सेवक शिव अरोरा को सेवा करने का अवसर मिला। तब से हमने पूरी प्राथमिकता के आधार पर नजूल भूमि पर मालिकाना हक देने के लिए सदन से लेकर सचिवालय हो या मुख्यमंत्री के समक्ष सदैव वार्ता की। जिसका परिणाम है कि पहले चरण में 2600 परिवारों को उनकी भूमि का मालिकाना हक नि:शुल्क प्राप्त मिल रहा है।

### आज मेयर नहीं पर सपना साकार हुआ: रामपाल

**रुद्रपुर।** निवर्तमान मेयर रामपाल ने कहा कि भले ही आज वह मेयर नहीं हैं, लेकिन उनका सपना साकार हो गया है। नजूल भूमि का सरलीकरण न होने तक कुर्सी पर नहीं बैठने का ऐलान किया था। लगातार प्रयासों के बाद सीएम धामी ने नजूल की समस्या का हल निकाला और उन्हें साढ़े चार साल बाद कुर्सी पर बैठाया। पट्टे आवंटन की पत्रावलियां तैयार होने में कुछ समय जरूर लगा, लेकिन आज सीएम धामी के आशीर्वाद से यह ऐतिहासिक दिन आया है। इसके लिए शहर के सभी लोग बधाई के पात्र हैं। उन्होंने शहर के पहले चेयरमैन स्व. सुभाष चतुर्वेदी को भी याद करते हुए कहा कि नजूल भूमि पर मालिकाना हक की लड़ाई सबसे पहले सुभाष चतुर्वेदी ने ही लड़ी थी आज उनका भी सपना पूरा हुआ है।

### कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद

विधायक अरविंद पांडेय, दर्जा राज्य मंत्री अनिल कपूर (डब्बू), उत्तम दत्ता, जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, गुंजन सुखीजा, निवर्तमान अध्यक्ष नगर पंचायत दिनेशपुर सीमा सरकार, जिला महामंत्री भाजपा अमित नारंग, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा, विवेक सक्सेना, सुरेश परिहार, भारत भूषण चुघ, प्रकाश हर्बोला, उपाध्यक्ष किसान आयोग राजपाल सिंह, धर्मेंद्र कोली, सुरेश कोली समेत मंडलायुक्त दीपक रावत, डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण अभिषेक रुहेला, एडीएम अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, एएसपी मनोज कत्याल, अभय प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### ग्राम प्रधान पर लगाए वित्तीय अनियमितता के आरोप

**काशीपुर।** अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य जय सिंह गौतम ने डीएम को पत्र भेजकर ग्राम सभा फिरोजपुर में हुई कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की है। डीएम को भेजे पत्र में गौतम ने कहा है कि उन्होंने आरटीआई के तहत ग्राम सभा फिरोजपुर में हुए कार्यों की जानकारी मांगी थी, लेकिन प्रधान ने सूचना देने की बजाए अभिलेख गुम हो जाने के संबंध में कोतवाली में सूचना दर्ज करा दी। आरोप है कि हैंडपंप की मरम्मत, सोलर लाइटों और राशन कार्डों में भी व्यापक अनियमितता बरती गई हैं। पूर्व में भी उन पर सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप लग चुके हैं। उधर मामले में ग्राम फिरोजपुर की प्रधान नेहा गौतम ने अपने ऊपर लगाए आरोपों को बेबुनियाद व निराधार बताया है। उनका कहना है कि उनपर चुनावी द्वेष भावना के चलते गलत आरोप लगाए गए हैं।

### सड़क हादसे में बाइक सवार मौत मामले में मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर।** थाना पंतनगर इलाके में टेंपो की भिड़ंत में घायल युवक की मौत के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चालक के खिलाफ कार्रवाई कर दी है। गोल मड़ैया राजा कॉलोनी थाना ट्रांजिट कैंप निवासी सोमपाल ने बताया कि उसका बेटा जितेंद्र अपने दोस्त सूरज रस्तोगी के साथ 12 फरवरी को बाइक से अपने तहेरे भाई सिडकुल कंपनी मिलने जा रहा था कि अचानक कंपनी चौराहे के समीप टैंपू ने उसे टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान 22 फरवरी को बेटे का निधन हो गया।

# एएनटीएफ ने कार से बरामद की 1.9 किलो चरस, दो तस्कर किए गिरफ्तार

## एसटीएफ सीओ पल्लवी त्यागी व एएनटीएफ के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में की कार्रवाई



किच्छा कोतवाली में आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** एसटीएफ कुमाऊं सीओ पल्लवी त्यागी व एएनटीएफ प्रभारी निरीक्षक पावन स्वरूप के नेतृत्व में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने एक कार से 1.909 किलो चरस बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 10 लाख रुपये आंकी जा रही है।

जानकारी के अनुसार टीम ने एक सूचना के आधार पर किच्छा कोतवाली अंतर्गत शनिदेव मंदिर के निकट कार संख्या यूके 04 यू 3473 को रोक लिया। इस दौरान टीम ने कार सवार दो अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर कार में रखी 1 किलो 909 ग्राम चरस बरामद कर कब्जे में ले ली। एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल के अनुसार पकड़े गए आरोपी लंबे समय से उत्तराखंड में चरस सप्लाई कर रहे थे।

पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम पता वार्ड नंबर 9, रीतापाता, थाना चैनपुर, जिला बजांग, नेपाल निवासी पदम बोहरा तथा इंदिरा नगर नंबर 1, बिंदुखत्ता, थाना लालकुआं, जनपद नैनीताल, उत्तराखंड निवासी नारायण सिंह बिष्ट बताया। एसएसपी अग्रवाल ने बताया कि आरोपियों के अनुसार उनके द्वारा नेपाल से चरस खरीद कर काठगोदाम, हल्द्वानी, लालकुआं, किच्छा आदि क्षेत्रों में बेची जा रही थी। बताया कि आरोपी नारायण सिंह पूर्व में थाना लालकुआं तथा आरोपी पदम बोहरा नेपाल में चरस तस्करी के आरोप में जेल जा चुका है। अग्रवाल ने बताया कि पकड़े गए नशा तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि कुमाऊं यूनिट ने वर्ष 2024 के करीब सवा दो महीने में 8 किलो 341 ग्राम चरस बरामद की है। नशे की रोकथाम के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। आरोपियों को गिरफ्तर करने वाली टीम में एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट निरीक्षक पावन स्वरूप, कोतवाली किच्छा प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, उप निरीक्षक विपिन चंद जोशी, उप निरीक्षक जगबीर शरण, मुख्य आरक्षी मनमोहन सिंह एवं संजय कुमार आदि शामिल रहे।

### पंतनगर में 77 नशीले इंजेक्शनों के साथ आरोपी दबोचा

**रुद्रपुर।** थाना पंतनगर इलाके में पुलिस ने गश्त के दौरान एक ऐसे नशीले इंजेक्शनों के सौदागर को गिरफ्तार किया है। जो पंतनगर यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को इंजेक्शन बेच रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी संख्या में प्रतिबंधित इंजेक्शन भी बरामद किए है और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। जानकारी के अनुसार थाना पंतनगर के दारोगा राकेश कठायत पुलिस टीम के साथ पांच मार्च को रात्रि गश्त कर रहे थे कि गश्त के दौरान शांतिपुरी नाला पटरी के समीप एक युवक पंतनगर यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को कुछ बेच रहा था। जब आरोपी ने पुलिस को देखा और भागने की कोशिश करने लगा। तो पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शांतिपुरी दो पंतनगर निवासी नीरज सिंह का र्की बताया और पुलिस ने उसके कब्जे से 77 अलग अलग कंपनियों के प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बहेड़ी से नशीले इंजेक्शनों की खेप लाता है और महंगे दामों पर नगला व पंतनगर यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को बेचता है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि विद्यार्थियों को नशे की लत लगाकर बड़ी संख्या में इंजेक्शनों की खेप बिक जाती है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## अस्पताल में दो पक्षों में झड़प, कर्मियों से की गाली-गलौज

**सितारगंज।** दो पक्षों में हुई मारपीट के बाद, ईलाज कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे दोनों पक्षों में पुनः खूनी झड़प हो गई। बीच बचाव करने पहुंची कर्मियों से भी आरोपियों ने हाथापाई एवं गाली गलौज कर दी। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने की मांग की।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ लक्ष्मण सिंह बृजवाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि, वह रात में इमरजेंसी ड्यूटी पर थे। तभी नानकमत्ता टुकड़ी निवासी लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग आपसी विवाद होने से चोटिल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए आए। कुछ ही समय पश्चात दोनों पक्ष चिकित्सालय परिसर में ही धारदार हथियार लहराते हुए एक दूसरे के साथ मारपीट व गाली गलौज शुरू कर दी।

इस दौरान अस्पताल परिसर में रखे फर्नीचर को भी आरोपियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। कर्मचारियों द्वारा समझाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने कर्मियों के साथ भी गाली गलौज व हाथापाई पर उतारू हो गए। आरोपियों ने अस्पताल कर्मियों को बीच में आने पर, जान से मारने की भी धमकी दी गई।

## सार-संक्षेप



बाजपुर रोड पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते एसडीएम। ● अमृत विचार

### फ्लाईओवर का एसडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित फ्लाईओवर की स्लैब पड़ने के बाद पेटिंग व रेलवे से एनओसी के बाद पुल के मार्च के अंतिम सप्ताह तक आवागमन के लिए चालू होने की उम्मीद है। जिसके बाद जल्द ही इस पुल पर वाहन दौड़ते नजर आऐंगे। बुधवार को उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह ने फ्लाईओवर पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। गुणवत्ता की जांच भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि शेष काम को शीघ्र ही खत्म करने के संबंधित निर्माण कंपनी को निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि मार्च के अंतिम सप्ताह या फिर अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक पुल पर आवागमन सुचारू हो सकता है। उधर निर्माणाधीन संस्था दीपक बिल्डर के अजय शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के लोगों के लिए पुल आवागमन की खुशखबरी मिल जायेगी। उन्होंने बताया कि फ्लाईओवर के निर्माण में देरी का कारण संबंधित विभागों से शीघ्र अनुमति नहीं मिलना भी है।

### कटोरी देवी मंदिर में किन्नर समाज करेगा हवन यज्ञ



गुरु किन्नर पिंकी।

**रुद्रपुर।** किन्नर समाज की गददी असीन गुरु सुनीता उर्फ पिंकी ने कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी रंपुरा स्थित कटोरी मंदिर में यूपी-उतराखंड के किन्नर जुटेंगे और भव्य हवन यज्ञ व पूजा-अर्चना के माध्यम से समाज की उन्नति की प्रार्थना करेंगे। इसी उद्देश्य के साथ गुरुवार को हवन यज्ञ किया जा रहा है। बुधवार को पत्रकार वार्ता में किन्नर पिंकी ने बताया कि जन कल्याण, सबकी सुख समृद्धि, आपसी सौहार्द व देश की तरक्की के लिए सात मार्च को रंपुरा बस्ती स्थित मां कटोरी देवी मंदिर में हवन यज्ञ के साथ ही पूजा-अर्चना की जाएगी। किन्नर समाज कई वर्षों से महा शिवरात्रि पर्व पर कटोरी देवी मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विशाल भंडारा करता है। सुबह 11 बजे से प्रांरभ हवन यज्ञ विधि विधान के साथ होगा। इसके बाद किन्नर समाज की कन्याओं को सम्मान सहित पूजा अर्चना करवाई जाएगी। धार्मिक अनुष्ठान में रुद्रपुर, हल्द्वानी, रामपुर, मुरादाबाद, किच्छा, काशीपुर, गदरपुर, बिलासपुर सहित कई शहरों के किन्नरों को बुलाया गया है।

## निविदा प्रपत्र बिक्री के दिन कर्मचारी नदारत

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में कराने वाले कार्यों के लिए बुधवार को निविदा बिक्री और सात मार्च को निविदा खोलने का दिन निर्धारित किया गया था। बुधवार को पूरे दिन नगर पालिका कार्यालयों में ताले लटके रहे जबकि निविदा खरीदने वाली कार्यदायी संस्थाओं के लोग भटकते रहे। उन्होंने इसमें अपने चहेतों को टेंडर देने के लिए मिलीभगत का आरोप लगाया है।

नगरपालिका द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से सात मार्च को अपराह्न 1 बजे तक सील बंद निविदाएं आमंत्रित की गई थी। जिसकी सूचना समाचार पत्रों में भी प्रकाशित की गई थी। निविदाओं को उसी दिन 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सामने शासन द्वारा गठित समिति द्वारा खोला जाना था। लेकिन बुधवार को प्रशासन के किसी भी अधिकारी व कर्मचारी के नहीं पहुंचने पर टेंडर की प्रक्रिया संपन्न नहीं हो पाई। जिससे ठेकेदारों में आक्रोश रहा। पंजीकृत ठेकेदारों ने नगर पालिका परिषद में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी तथा शासन द्वारा गठित समिति के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया व नारेबाजी की। ठेकेदारों ने बताया कि सुबह से अब तक प्रशासन का कोई भी कर्मचारी टेंडर प्रक्रिया में नहीं पहुंचा।

## फर्जी रजिस्ट्री करने के आरोपी को दबोचा

**काशीपुर।** किसी अन्य के प्लॉट की फर्जी रजिस्ट्री कर रुपए ठगने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खड़कपुर देवीपुरा निवासी हितेश कुमार ने कोतवाली में तहरीर सौंपी कहा था कि उसने परमजीत सिंह उर्फ परमप्रीत सिंह निवासी मालवा फार्म से एक प्लाट का सौदा किया था। परमप्रीत सिंह ने किसी अन्य का प्लाट उसे दिखाया और उस प्लाट की फर्जी रजिस्ट्री करवाकर धोखाधड़ी कर उससे रुपये हड़प लिये। बताया कि रुपये लेने के बाद भी प्लाट पर कब्जा नहीं दिया और न ही रुपये वापस किए। बीते दिन उप निरीक्षक संतोष देवरानी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया और मुखबिर की सूचना पर परमप्रीत सिंह को अपना घर सोसायटी से गिरफ्तार किया।

# युकांइयों ने किया धरना-प्रदर्शन



रामनगर रोड स्थित एसबीआई बैंक के बाहर धरना प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

**आरोप**

▸▸ इलेक्टोरल बॉंड दानदाताओं के नाम की सूची जारी नहीं करने का लगाया आरोप

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद एसबीआई बैंक के द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड दानदाताओं के नाम की लिस्ट उपलब्ध नहीं करने पर कांग्रेसियों ने नाराजगी जताई और इसको लेकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को कांग्रेस नगराध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन एवं नगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस राहुल रमनदीप काम्बोज के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी रामनगर रोड स्थित एसबीआई बैंक पहुंचे। जहां उन्होंने बैंक के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

मुशर्रफ हुसैन ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली सरकार है। कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद एसबीआई बैंक के द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड दानदाताओं के नाम की लिस्ट उपलब्ध नहीं करा है। यह सब सरकार के आदेश पर हो रहा है और सरकार चुनाव से पूर्व सूची सार्वजनिक नहीं करने पर तुली है। उन्होंने चुनाव से पूर्व सूची उपलब्ध कराने की मांग की। यहां विमल गुड़िया, लवदीप सिंह, हरीश एडवोकेट, जय सिंह गौतम, अनित मार्कण्डेय, अजिता शर्मा, चंद्रभूषण डोभाल, अनीस अंसारी, साजिद हुसैन, हनीफ गुड्डू, इकबाल रहे।



मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### चंद्रावती महाविद्यालय में मतदान के लिए किया जागरूक

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अन्तर्गत चुनाव का पर्व, देश का गर्व के अवसर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें महाविद्यालय की समस्त छात्राओं, प्राध्यापिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों ने हस्ताक्षर के माध्यम से चुनाव अभियान में सक्रिय भागीदारी एवं शत-प्रतिशत मतदान का प्रण लिया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्या डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, कैम्पस एंबेसडर डॉ. रंजना, डॉ. मंजू सिंह, डॉ. रमा अरोरा, डॉ. वंदना सिंह, डॉ.दीपा चनियाल, डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ.ज्योति गोयल, शीतल अरोरा, डॉ. ज्योति रावत, प्राची धौलाखण्डी आदि उपस्थित रहे।



बाजपुर में उपनिदेशक डॉ.गणेश सिंह का स्वागत करतीं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी।

### उपनिदेशक ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण

**बाजपुर।** बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाजपुर के निरीक्षण को पहुंचे होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं उत्तराखंड के उपनिदेशक डॉ. गणेश सिंह ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाजपुर की ओर से दी जा रहीं सेवाओं होम्योपैथिक परामर्श, निशुल्क औषधि वितरण, प्राथमिक जांचें, आउटरीच कैंप, हर्बल गार्डन एवं योगाभ्यास सत्र आयोजन आदि के बारे में जानकारी हासिल कर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिखा सम्मल एवं स्टाफ ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर फार्मासिस्ट वतन कुमार, योग अनुदेशक शहनाज, कुलदीप सिंह आशा कार्यकर्ता कुलविंदर कौर, नीलम, योग माया, रेखा आदि मौजूद रहे।

# मानवता ही पहला धर्म: गुरु मां

संवाददाता, गदरपुर



गुरु मां मिथिलेश का प्रवचन सुनतीं महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गुरु मां मिथिलेश सहारनपुर वालों के पावन सानिध्य में 37 वां महायज्ञ एवं संत सम्मेलन बापू कल्याण दास जी महाराज की पुण्य स्मृति में ओम बापू मंदिर में आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुरु मां मिथिलेश ने कहा कि मानव का प्रथम धर्म मानवता है।

बुधवार को विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज के दर्शन कर तीन दिवसीय समागम में भाग लिया। समागम के अंतिम दिन दिल्ली से पधारे भजन गायक गोपी शर्मा ने सुंदर भजनों का गुणगान किया गया। जहां समागम में पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने नाचते झूमते हुए समागम की खुशी का इजहार किया। समागम में पहुंचे संत गुरु मां मिथलेश ने कहा कि मानव का प्रथम धर्म मानवता है। जिसमें ऊंच नीच का भेदभाव किसी भी भावना का कोई स्थान नहीं होता। समागम के दौरान श्रीसंत कल्याण दास सेवा समिति अध्यक्ष बंशीधर गुम्बर महामंत्री सतीश बत्रा कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा, उपाध्यक्ष अशोक बांगा, कृष्ण लाल सुधा, सतीश अनेजा, केवल नारंग, सतीश दुआ, गुलशन मुरादादिया, बलदेव अनेजा, सुरेंद्र गुंबर, सुरेंद्र छाबड़ा, हरीश गुम्बर, दिलसुख राज गुम्बर, आशीष अनेजा, राजकुमार अनेजा, मनोज मुंजाल, सुनील छाबड़ा, राहुल बांगा, कोमल, सुनीता, राधा रानी उषा रानी, ज्योति छाबड़ा रहे।

## दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**काशीपुर।** बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र निवासी एक महिला ने एसएसपी को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2017 में उसका विवाह अमरोहा, यूपी निवासी मौहम्मद शोएब के साथ हुआ था। जिससे उसका एक चार साल का पुत्र भी है। महिला ने बताया कि शादी के दौरान उसके परिवार वालों ने अपनी सामर्थ्य अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन शादी के कुछ समय बाद से ही उसका पति व ससुराली दहेज में 10 लाख व कार की मांग करने लगे। महिला ने आरोप लगाया कि 15 सितम्बर 2022 को उसके पति व ससुरालियों ने उऐ मारपीट कर बच्चे सहित घर से निकाल दिया। बाद में 16 नवंबर 2022 को उसका पति व ससुराली उसके मायके आये और दहेज की मांग करने लगे।

# धूमधाम से मनाई राधा रानी की सगाई की रश्म

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** श्री राधा कृष्ण भागवत मंडल के तत्वावधान में सनातन धर्म मंदिर में विधिवत ठाकुर जी सगाई की रश्म को निभाया गया।

वर पक्ष से वरिष्ठ समाजसेवी विशन स्वरूप जिंदल ने परिवार कुटुंब सहित ठाकुर जी को व वधु पक्ष वरिष्ठ उद्योगपति शिवकुमार मित्तल ने परिवार कुटुंब सहित राधा रानी की संगीतमई सगाई को बहुत धूमधाम के साथ पूर्ण रीति रिवाज से निभाया। पूरे मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया व मंदिर परिसर में सुबह ही कृष्ण जी व राधा रानी को हल्दी उबटन लगाया गया व शाम को मेहंदी लगाई गई तत्पश्चात वृन्दावन से आये भजन गायक भावेश कृष्ण ने अपनी मण्डली के साथ संगीतमई शाम की शुरुआत राधा कृष्ण के भजनों के साथ की। गायक भावेश कृष्ण के मुखारविन्द से श्रीकृष्ण राधा राधा व कान्हा बोले मइया से मेरो ब्याह करा दे व आओ सखी मोहे मेहंदी लगा दो व आज बृज में होली मेरे रसिया आदि भजनों की अमृतवर्षा में भक्तजन झूम उठे। भजन संध्या में अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष महेश मित्तल, गौशाला कोषाध्यक्ष संदीप बंसल, विनय गर्ग, विनय मित्तल, मनीष मित्तल, भाजपा नेता पंकज गहतोड़ी, नितिन चौहान रहे।



गदरपुर राजकीय महाविद्यालय में शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

### सौम्या ने जीती शतरंज प्रतियोगिता

**गदरपुर।** बुधवार को राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय कीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परशुराम दिवाकर एवं प्राचार्य डॉ. शर्मिला सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि परशुराम दिवाकर ने कहा कि खेलों को शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलों को जरूरी बताया। प्रतियोगिता के पहले दिन बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बृजपाल सिंह प्रथम, विशाल द्वितीय व अमित कुमार ने तृतीय स्थान पर रहे। वहीं 200 मीटर दौड़ में अमित कुमार प्रथम, विशाल द्वितीय व बृजपाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 100 और 200 मीटर दौड़ में काजल प्रथम, मोनिका द्वितीय व शिखा तृतीय स्थान पर रहीं। बालिका वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में सौम्या एवं बालक वर्ग की कैरम प्रतियोगिता में सुमित सिंह विजेता रहे। इस मौके पर प्राचार्य शर्मिला सक्सेना डॉ. अशोक कुमार, डॉ. श्रीहरि प्रसाद, डॉ. प्रमोद वर्मा, डॉ. तनुजा परिहार, मोहम्मद इलियास, देवेंद्र पाल सिंह मौजूद थे।

**विकास की बात** | विधायक बोले-विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो की गति को और तेज किया जाएगा

# बेहड़ ने कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** नगर के मुख्य बाजार स्थित शास्त्री मार्केट में क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने वर्षों से क्षतिग्रस्त सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया। स्थानीय व्यापारियों ने विधायक बेहड़ का स्वागत कर आभार जताया।



किच्छा में निर्माण कार्य का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

इस दौरान विधायक बेहड़ ने कई क्षेत्र में करीब 62 लाख रुपये की लागत से तमाम विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ व्यापारी सतपाल गाबा, व्यापार मंडल महामंत्री विजय अरोड़ा, कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला के नेतृत्व में मौके पर पहुंचे तमाम व्यापारियों ने बताया कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले करीब दो माह पूर्व विधायक बेहड़ को शास्त्री मार्केट स्थित जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण कराने का आग्रह किया था। आज विधायक बेहड़ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, जिससे व्यापारियों में हर्ष की लहर है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में तेजी से चल रहे विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा। विधायक बेहड़ ने विधानसभा क्षेत्र में राज्य वित्त अनुदान, जिला योजना एवं विधायक निधि से निर्मित चार विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। विधायक बेहड़ ने ग्राम कनकपुर में विधायक निधि से 5 लाख की लागत से निर्मित श्री गुरुद्वारा साहिब में सौंदर्यकरण कार्य का लोकार्पण एवं ग्राम राघव नगर में राज्य योजना के तहत 17.21 लाख की लागत से सड़क निर्माण का लोकार्पण एवं जिला योजना से 40.22 लाख की लागत से किच्छा के वार्ड नंबर 3 किशनपुर एवं वार्ड नंबर 13 में 200 मीटर सड़क का नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, पूर्व पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, सुनीता कश्यप, दिलीप सिंह बिष्ट, जीवन जोशी, गिरीश चिटकारा, ओमप्रकाश दुआ, गुलशन सिंधी रहे।

### जसपुर से पेमेंट लेने आया युवक हुआ लापता

**काशीपुर।** जसपुर से काशीपुर पेमेंट लेने आया एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। वैशाली कॉलोनी काशीपुर निवासी मनदीप सिंह ने पुलिस को तहरीर बताया कि 4 मार्च 2024 को दोपहर के करीब तीन बजे पंजाबी कॉलोनी, जसपुर निवासी उसका भाई बलजीत सिंह अपनी सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी से पेमेंट लेने के लिए काशीपुर आया था। लेकिन वह वापिस घर नहीं पहुंचा। उन्होंने उसे अपनी समस्त रिश्तेदारी व आस पड़ोस में तलाश कर किया। लेकिन उसका कही कुछ पता नहीं चला। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



खुली गाड़ी में भाजपा प्रत्याशी सांसद अजय भट्ट, साथ में विधायक अरविंद पांडे।

### सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**गदरपुर।** नैनीताल लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित होने के बाद नगर में पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट का महतोश मोड़ पर विधायक अरविंद पांडे तथा भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट 5 लाख वोटों से विजयी होंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा भाजपा प्रत्याशी के स्वागत के लिए उमड़े सैलाब से लगता है कि भाजपा ने अभी से कांग्रेस पर बढ़त बना ली है। सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा केंद्रीय नेतृत्व ने जो उन पर विश्वास जताया है जनता के वोटो से उसे पूरा किया जाएगा। इस मौके पर सुरेश खुराना, लवली हुड़िया, ज्योति अरोरा, राकेश भुडडी, अभिषेक वर्मा, सुभाष गुंबर, नरेश हुंडिया, गुरजीत सिंह, अनिल जेटली, अभिषेक गुंबर, रोहित सुदामा, कुलबीर चौधरी, पूनम ग्रोवर रहे।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम में महिला श्रमिक को कंबल वितरित करते अतिथि।

### श्रम संविदा बोर्ड ने 700 श्रमिकों को बांटे कंबल

**रानीखेत :** ताड़ीखेत स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में श्रम संविदा बोर्ड ने एक कार्यक्रम के दौरान 700 श्रमिकों को कंबल, छाता व सेनेटरी वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बोर्ड के अध्यक्ष व राज्य मंत्री कैलाश पंत ने कहा कि श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। जिसके लिए सरकार प्रयत्नशील है। कहा कि श्रमिक देश की रीढ़ हैं। जब श्रमिक मजबूत होगा तभी देश भी मजबूत होगा। उन्होंने बताया कि श्रमिकों को दो पुत्रियों के विवाह के लिए 51-51 हजार तथा श्रमिक की मृत्यु होने पर 2.10 लाख व काम करते समय मृत्यु होने पर 4.10 लाख रुपया श्रम विभाग देगा। विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने कहा कि सरकार देश के चहुंमुखी विकास के लिए वचनबद्ध है। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख धन सिंह रावत, ध्यान सिंह नेगी, मंजीत भगत, सुरेंद्र फर्त्याल, विमला रावत, माया नैनवाल, रेखा आर्य, बबीता बिष्ट, भावना बुधौड़ी मौजूद रहे।


पुलिस और एसओजी टीम की गिरफ्त में स्मैक तस्कर।

### नौ ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बनबसा :** पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान दो स्मैक तस्करों को पकड़ा है। जिनके पास से 9.01 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। स्मैक की अंतर्राष्ट्रीय कीमत एक लाख रुपये बताई जा रही है। भारत-नेपाल शारदा नदी वैकल्पिक मार्ग पर चेकिंग के दौरान टीम ने नेपाल नंबर की बाइक पर सवार दो युवकों को रोका। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम विनोद बहादुर पुत्र तिलक बहादुर निवासी ग्राम भासी वार्ड 2 महेन्द्र नगर और सुमित चौधरी पुत्र परमेश्वर चौधरी निवासी ग्राम भासी वार्ड 8 बताया। तलाशी लेने पर विनोद के पास से 4.32 ग्राम स्मैक, 500 रुपये भारतीय और 1400 नेपाली रुपये बरामद हुए। वहीं सुमित के पास से 4.69 ग्राम स्मैक, 1500 रुपये भारतीय, 1300 रुपये नेपाली, दो मोबाइल बरामद हुए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बताया कि वह नानकमत्ता से स्मैक लेकर नेपाल में बेचते हैं और खुद भी स्मैक का नशा करते हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए बाइक को सीज कर दिया है। टीम में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, एसओजी प्रभारी मनीष खत्री, शारदा बैराज चौकी प्रभारी ललित पांडेय, हेड कांस्टेबल मतलूब खान, गणेश सिंह, जगवीर सिंह, संजय शर्मा शामिल रहे।

### कार ने कैंटर चालक को मारी टक्कर, घायल

**टनकपुर :** हाईवे में तेज रफ्तार कार ने पिथौरागढ़ निवासी कैंटर चालक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में चालक को टनकपुर उप जिला अस्पताल में लाया गया, जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। बुधवार की सुबह पीलीभीत चुंगी के पास तेज रफ्तार कार संख्या-एचआर-36एजे, 4387 ने पिथौरागढ़ के वड्डा निवासी 38 वर्षीय कैंट चालक भूपेंद्र सामंत पुत्र तेज कुमार को टक्कर मार दी। चालक पीलीभीत चुंगी के पास सरिया, सीमेंट अपने वाहन में लोड कराकर पैदल सड़क पार कर रहा था। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सउसे तुरंत उपजिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। सीएमएस डॉ. घनश्याम तिवारी ने बताया कि चालक के सिर और पैर में गंभीर चोट आई है। इधर एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि घटना के बाद कार चालक ने पुलिस के सामने समर्पण कर दिया। अभी तक कार चालक के विरुद्ध तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।


अल्मोड़ा में गोलू संदेश यात्रा की रणनीति पर मंथन करते लोग।

### कुमाऊं-गढ़वाल में एक माह चलेगी गोलू संदेश यात्रा

**अल्मोड़ा :** अपनी धरोहर संस्था की ओर से इस वर्ष भी 2200 किलोमीटर की गोलू संदेश यात्रा निकाली जायेगी। यात्रा को लेकर बुधवार को संस्था पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श किया और रणनीति बनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि गोलू संदेश यात्रा कुमाऊं और गढ़वाल समेत पूरे प्रदेश में एक माह तक चलेगी। बैठक में हरेला महोत्सव, महिला सम्मेलन एवं वार्षिक अधिवेशन को लेकर भी चर्चा की गई। साथ ही संस्कृति संरक्षण एवं भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर मंथन हुआ। बैठक में संस्था के अध्यक्ष विजय भट्ट, उपाध्यक्ष मनमोहन चौधरी, संरक्षक मनोहर सिंह नेगी, मंजू नेगी, जिला महिला संयोजक राधा तिवारी, मंजू जोशी, सुरेश कांडपाल, डॉ. भूपेंद्र वाल्दिया, राधा बिष्ट, लता तिवारी, कमल कुमार, डॉ. जेसी दुर्गापाल, मनोज सनवाल, गोदावरी चतुर्वेदी, मीना भैसोड़ा, गीता मेहरा, शोभा जोशी, मंजू जोशी, राधा तिवारी, प्रमोद चंद्र लोहनी, पीसी तिवारी, धरम सिंह, राधा बिष्ट, दयाकृष्ण कांडपाल आदि मौजूद रहे।

# जाखनदेवी मार्ग खस्ताहाल, भड़के लोग

## माल रोड पर दो घंटे जाम लगाकर किया धरना-प्रदर्शन, लिखित आश्वासन पर माने

- **कार्यदायी संस्था पर लगाया कार्य में अनियमितता का आरोप, जमकर की नारेबाजी**

संवाददाता, अल्मोड़ा


नगर के मुख्य माल रोड पर धरना-प्रदर्शन कर जाम लगाते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जाखनदेवी क्षेत्र में सीवर लाइन कार्य पूरा न होने और सड़क की खस्ताहालत से बुधवार को लोगों का पारा चढ़ गए। उन्होंने माल रोड पर धरना-प्रदर्शन कर जाम लगा दिया और सड़क को शीघ्र ठीक करने की मांग करने लगे। सूचना पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। बाद में पेयजल निगम अधिकारियों के लिखित आश्वासन देने के बाद धरने से उठे।

सामाजिक कार्यकर्ता विनय किरौला, आदित्य पांडे व विनोद तिवारी के नेतृत्व में लोगों ने माल रोड पर धरना-प्रदर्शन पेयजल निगम और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि सीवर लाइन का काम शुरू हुए तीन माह हो गए हैं, लेकिन अब तक कार्य पूरा नहीं हो पाया है। कार्यदायी संस्था की लापरवाही से मार्ग की हालत खस्ता हो गई है, जिससे एक व्यक्ति की असमय मौत भी हो चुकी है। लेकिन विभाग के अधिकारी आंखें मूंद कर बैठे हैं।

माल रोड पर जाम लगने की सूचना पर कोतवाल व तहसीलदार तितिशा जोशी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग सड़क को ठीक करने की मांग पर अड़े रहे। जाम के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। काफी देर हंगामे के बाद कार्यदायी संस्था जल निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को दस दिनों में कार्य पूरा कर मार्ग को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने का लिखित आश्वासन दिया। जिसके बाद लोग धरने से उठे और जाम खुला।

धरना-प्रदर्शन में अमित साह, सुशील साह, अजय कुमार, वकुल साह, भैरव गोस्वामी, कमल जोशी, नरेंद्र साह, देवेंद्र सिंह, ललित जोशी, दीवान सिंह, प्रवीा कुमार, दिनेश चंद्र, अनिल अग्रवाल, भुवन जोशी, कन्नू तिवारी, नासिर, महेंद्र रावत, अनुज तिवारी, कमल जोशी समेत कई लोग शामिल रहे।

### व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण 10 मार्च को

**टनकपुर :** टनकपुर उद्योग व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 10 मार्च को होगा। सभी पदाधिकारियों को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा शपथ दिलायेंगे। एक बैठक के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी भगवत सरन ने बताया कि 10 मार्च को डिग्री कॉलेज रोड स्थित मिलन वाटिका में दोहपर 12 बजे से शपथ ग्रहण समारोह होगा। बैठक में धर्मानंद पांडे, सत्य प्रकाश गुप्ता, राजीव आर्या, शाहिद हुसैन, वैभव अग्रवाल, संजय पांडे, कोषाध्यक्ष गिरीश वर्मा, उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# विधायक की सद्बुद्धि को किया हवन

- **नगर आयुक्त से अभद्रता मामले में कांग्रेसी हुए आक्रामक**

संवाददाता, अल्मोड़ा


मरचूला में भाजपा विधायक की सद्बबुद्धि के लिए हवन यज्ञ करते कांग्रेसी।

**अमृत विचार :** नगर निगम कार्यालय में सल्ट विधायक महेश जीना ने निगम आयुक्त से की अभद्रता के मामले में कांग्रेस आक्रामक हो गई है।

बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा विधायक जीना की सद्बुद्धि के लिए मरचूला स्थित शिव मंदिर में हवन यज्ञ किया। बता दें कि विधायक ने बीते मंगलवार को अपने चहेते को टेंडर न दिए जाने के विरोध में निगम कार्यालय में नगर आयुक्त के साथ अभद्रता की थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। युवा कांग्रेस नेता नारायण सिंह रावत ने कहा कि एक तरफ सरकार मुख्यमंत्री जीरो टॉलरेंस की बात करती है, दूसरी तरफ उनके विधायक अधिकारियों को डरा धमका कर चहेतों को सरकारी काम दिलाने में लगे हैं। हवन यज्ञ में देवेंद्र रावत, हरीश सिंह, अमित, बख्तावर सिंह समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने उठाई पुरानी पेंशन बहाली की मांग

- **बैठक कर पदोन्नति और निर्माण कार्यों का भुगतान नहीं होने पर जताई नाराजगी**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने प्रदेश सरकार से कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की मांग उठाई है।

संगठन की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि लंबी मांग के बाद भी सरकार पुरानी पेंशन मामले में कोई ठोस कदम नहीं ले पाई है। उन्होंने पदोन्नति और निर्माण कार्यों का भुगतान न होने पर कड़ी नाराजगी जताई। बैठक में पदाधिकारियों ने जूनियर हाईस्कूल में प्रधानाध्यापक समेत चार पद करने, प्रधानाध्यापक की अगली पदोन्नति उप शिक्षा अधिकारी के पद पर करने, 2005 के बाद नियुक्त सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने समेत विभिन्न मांगें उठाई और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष संजय सिंह बिष्ट, जिला मंत्री युगल मठपाल, जगत सिंह नेगी, पंकज पांडे, विनोद थापा, जीवन चंद्र अधिकारी, जगदीश उपाध्याय, त्रिलोक सिंह अधिकारी, ख्याली दत्त रिखाड़ी, चंद्रा दत्त पांडे, किशन सिंह भंडारी मौजूद रहे।

### टनकपुर और चंपावत में राष्ट्रीय लोक अदालत 9 को

**टनकपुर :** टनकपुर और चंपावत न्यायालय में 9 मार्च को विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सीनियर सिविल जज शिवानी पसबोला ने बताया कि न्यायाधीश कहकशा खान की अध्यक्षता में 9 मार्च को सुबह 10 बजे से चंपावत मुख्यालय व बाहय न्यायालय टनकपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

### रानीखेत सिविल एरिया को पालिका में मिलाने की आस

**रानीखेत :** केंद्र सरकार ने पांच छावनी परिषद के नागरिक क्षेत्र को स्थानीय निकाय में शामिल करने की घोषणा का गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। इससे रानीखेत छावनी परिषद में भी उत्सुकता बढ़ गई है। रानीखेत में बीते एक वर्ष से स्थानीय निकाय में छावनी के नागरिक क्षेत्र को शामिल करने को लेकर धरना-प्रदर्शन चल रहा है। कयास लग रहे हैं कि आचार संहिता से पूर्व रानीखेत छावनी परिषद नागरिक क्षेत्र का भी स्थानीय निकाय में विलय हो जाएगा।

### फर्जी दस्तावेज बनाकर रजिस्ट्री कराने पर मुकदमा

**अल्मोड़ा :** सल्ट विकास खंड में कार्यरत एक रजिस्ट्रार कानूनगो ने एक व्यक्ति के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्री कराने की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने मामले में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तल्ला सल्ट में कार्यरत रजिस्ट्रार कानूनगो पूरन प्रकाश ने तहरीर में कहा है कि कुछ समय पूर्व गुलशन राय शर्मा निवासी ग्राम चंदनी पूर्णागिरि चंपावत हाल निवासी डहरिया हल्द्वानी के खिलाफ एक प्रार्थना पत्र मिला था। जिसमें आरोप था कि गुलशन राय ने फर्जी बैनामा कराया है। शिकायती पत्र की जांच की तो सामने आया कि आरोपी ने फर्जी दस्तावेज पेश कर अपने पक्ष में रजिस्ट्री कराई है। आरोपी के नाम वर्ष 2023 से पूर्व तहसील पूर्णागिरि जिला चंपावत में कोई भूमि दर्ज नहीं है। साथ ही आरोपी ने फर्जी कृषक प्रमाण प्राप्त बनाकर अपने नाम दाखिले की कार्रवाई की है। इसके अलावा निबंधक कार्यालय भिकियासैंण में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने नाम ग्राम डभरासौराल में भूमि क्रय कर फर्जी रजिस्ट्री कर ली। उसने सभी प्रक्रियाओं में फर्जी दस्तावेजों का प्रयोग किया। इस मामले में भतरौंजखान के एसओ मदन मोहन जोशी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# सीमा पर आपसी समन्वय से काम करें सुरक्षा एजेंसियां

- **सीमा सुरक्षा समन्वय व मैत्री बैठक में पुलिस अधीक्षक ने दिए अधिकारियों को निर्देश**

संवाददाता, बनबसा


बैठक में मौजूद भारत-नेपाल सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को भारत-नेपाल की सुरक्षा एजेंसियों के बीच सीमा सुरक्षा समन्वय व मैत्री बैठक हुई। जिसमें पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने अधिकारियों को भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने और आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए।

एनएचपीसी गेस्ट हाउस में बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए मादक पदार्थों, मानव तस्करी से संबंधित मामलों, संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और अपराधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। साथ ही सीमा पर अनाधिकृत अतिक्रमण, सुरक्षा प्रबंधनों, आपराधिक व्यक्तियों को चिन्हित करने और गश्त बढ़ाने को कहा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों के बीच आपस में सूचनाओं का आदान-प्रदान हो, जिससे कार्य पारदर्शिता के साथ हो सके। उन्होंने प्रतिबंधित मार्गों से तस्करी करने वालों और नाव/राफ्ट की सहायता से नदी पार कर भारत-नेपाल के बीच प्रतिबंधित सामग्री की तस्करी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में एसपी कंचनपुर नेपाल चक्रराज जोशी, एसएसआई गड्डा चौकी राधा कृष्णनाथ, एसएसआई यातायात भुवन विक्रम शाह, कमांडेंट एसएसबी 57 बटालियन अनुराग, असिस्टेंट कमांडेंट राम नारायण विश्वास , असिस्टेंट कमांडेंट पांच बटालियन एसएसबी भागीरथ लावा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### टेबल टेनिस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दो शिक्षकों का चयन

**अल्मोड़ा :** जनपद के दो शिक्षकों का अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड की टीम में चयन हुआ है। प्रतियोगिता 10 से 14 मार्च तक गुजरात के गांधीनगर में आयोजित होगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज पीपली के सहायक अध्यापक मुकेश कुमार व महिला वर्ग में जीजीआईसी जलना की परवीन बख्श अपना हुनर दिखाएंगे। शिक्षकों के राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर सांसद अजय टम्टा, अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, मुख्य शिक्षाधिकारी अंबा दत्त बलोदी, बीईओ लमगड़ा प्रेमा बिष्ट, शिक्षक संघ के जिला मंत्री भूपाल सिंह चिलवाल, नवीन वर्मा, विनोद कुमार, नारायण सिंह, गणेश शाही, दीपक, सुरेश वर्मा, शिवराज बनकोटी ने खुशी व्यक्त की है।

## वर्ग पहेली-2

**बाएं से दाएं**

1. 1. बादशाह, महाराज, राजा 2. पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्र तथा पंजाब के मुसलमानों की एक सम्मानजनक उपाधि, मुसलमानों की एक जाति 3. पंजाब में रहने वाले हिंदुओं की एक जाति 4. एक कुलनाम या सरनेम।

2. 1. उजाड़ने वाला 2. बर्बाद करने वाला।

4. 1. बचाव 2. बख़्तर 3. ढाल 4. रथ का घेरा 5. समूह 6. फ़ौज, सेना।

5. 1. कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला दीपों का त्योहार, दीवाली 2. दीपों की पंक्ति, श्रेणी।

6. मुख, मुंह, मुखड़ा, चेहरा, सूरत, शक्ल।

8. बल्ला, क्रिकेट का बल्ला।

9. सितार की तरह का एक प्रकार का वाद्ययंत्र।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. छोटा मठ 2. एक प्रकार की चूड़ी।

2. किसी काम को जल्द करने की हड़बड़ी, बेचैनी, अधीरता, जल्दबाज़ी।

3. 1. कुआं, कूप 2. पशुओं के जल पीने के लिए कुएं के समीप निर्मित हौज 3. जल एकत्र करने के निमित्त निर्मित गड्ढा 4. दूध दुहने का बरतन 5. आश्रय स्थल 6. इस प्रकार पीना कि कुछ शेष न रहे, नि:शेष (अशेष)।

5. 1. जिसे धर्म पर विश्वास हो, धार्मिक, धर्माचारी 2. जिसमें विनम्रता हो 3. नमाज़गुज़ार।

7. 1. दो वस्तुओं का आपस में मिलना, पास आना 2. चिपकना, छूना 3. साथ होना 4. जुड़ना, भिड़ना 5. मारपीट होना।



### वर्ग पहेली - 1 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | प | री | | 2 झु | | |
| | | | 3 वि | रा | ग | |
| | 4 तु | न | क | ना | | |
| | | | ल | | | 5 अ |
| | 6 ह | रि | ता | 7 भ | | व |
| | रा | | | रै | | ले |
| 8 सा | ठा | | 9 मा | या | मो | ह |

## सुडोकू-81

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 4 | | 5 |
| | | 8 | | 7 | | | 6 | |
| | 1 | | 2 | | | 3 | | |
| 3 | 9 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | 6 | | | 5 | | 2 | |
| | 8 | | | | 4 | | 5 | |
| | 5 | | | 6 | | 7 | | |
| 7 | | 9 | | | 3 | | | |

### सुडोकू - 80 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 3 | 1 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 01.19 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 13.03 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** – आज व्यवसाय में उन्नति काफी अच्छी रहेगी। काफी मजबूती के साथ निर्णय लेंगे। वैवाहिक जीवन मे परेशानियां बढ़ सकती है। गूढ़ विषयों के अध्ययन के प्रति रुचि जागृत होगी। धन से जुड़ी समस्याओं का निवारण होगा।

**वृष** – आज अविवाहित लोगों के विवाह की चर्चा हो सकती है। भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। किसी मित्र के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। पिता की सलाह से लाभ मिल सकता है। दूसरों के सामने अपने मन की बातें शेयर न करें।

**मिथुन** – आज आप अपनी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार भी थोड़ा अपमानजनक हो सकता है। आज लोग आपके विरुद्ध कड़वी बात बोल सकते हैं। अनैतिक माध्यम से धन अर्जित करने से बचें।

**कर्क** – आज व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर बेहद सन्जीदा रहेंगे। अपने कार्यों को लेकर काफी आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पुराने गिले-शिकवे भूलने की कोशिश करेंगे। नया काम करने में आपको लाभ होगा।

**सिंह** – आज आपका मनोबल मजबूत रहेगा। धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। घर का माहौल थोड़ा अशान्त हो सकता है। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान ढूंढने का प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं।

**कन्या** – आज प्रिय मित्रों से फोन पर बात होगी। बौद्धिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन की समस्याओं का निदान होगा। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। संतान की उन्नति से उत्साहित रहेंगे।

**तुला** – आज परिवार के लोगों का खास ख्याल करना पड़ेगा। कफ संबंधी परेशानियों के कारण स्वास्थ्य कमजोर होगा। मौसम में बदलाव के कारण शरीर में थकान की अनुभूति होगी। गुस्से पर नियंत्रण रखें। सम्पत्ति से जुड़े मामलों में जल्दबाजी करने से बचें।

**वृश्चिक** – आज धर्म-कर्म में अच्छी ख़ासी रुचि लेंगे। लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आत्मविश्वास और पराक्रम मे वृद्धि होगी। जॉब मे आपका सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। सोशल मीडिया में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**धनु** – आज आप किसी से वायदा करने से बचें। नौकरी पेशा लोगों को अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं से अच्छी तरह से बात करें। धन के कारण परिवार में कलह हो सकती है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मकर** – आज आर्थिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों के वेतन में बढ़ोत्तरी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहने वाली है। इसके बावजूद आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मनोरञ्जन के कार्यों में रुचि लेंगे। जीवनसाथी का व्यवहार काफी अच्छा रहेगा।

**कुंभ** – आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर विश्वास की कमी रहेगी। अनजाने में की हुई पुरानी गलती भारी पड़ सकती है। अनुभवी लोगों से सलाह लेकर कोई फैसले लें। कार्यक्षेत्र में आपको अचानक निर्णय लेने से बचना चाहिए। उधार धन के लेन-देन में सावधानी रखें।

**मीन** – आज सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। भोग-विलास में वृद्धि होगी। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आध्यात्मिक गतिविधियों जैसे योग और ध्यान आदि में रुचि लेंगे। धैर्य और मेहनत दोनों का अच्छा संयोजन रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies: कर्मा – सुबह : 09.00; रूप की रानी चोरों का राजा – शाम : 06.00

Sony Max: अफवाह – सुबह : 11.24; यारियां 2 – शाम : 06.59

Sony Pix: अल्फा – सुबह : 11.00; जर्नी 2 – शाम : 05.02

Zee Cinema: गुंजन सक्सेना – सुबह : 08.30; बाजीगर – दोपहर : 03.35

Colors Cineplex: गब्बर इज बैक – सुबह : 09.26; बुड्ढा होगा तेरा बाप – शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी (पति से)- कुछ साल पहले मेरा फिगर पेप्सी की बोतल की तरह था।
पति- वो तो तुम्हारा अब भी है
पत्नी- सच में!
पति- हां पहले बोतल 300ml की थी अब 2 लीटर की है।

पत्नी ने पति से पूछा पत्नी- अच्छा यह बताओ कि तुम मूर्ख हो या मैं?
पति- (शान्त मन से) प्रिये ये बात तो सब लोग जानते हैं कि तुम अत्यन्त तीव्र बुद्धि की स्वामिनी हो इसलिए यह कभी हो ही नहीं सकता कि तुम किसी मूर्ख व्यक्ति से शादी करो पति का नाम राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भेजा गया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो यः स पंडित उच्यते॥

जो व्यक्ति विपुल धन-संपत्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# बीमा योजना के तहत

प्रकृति पर निर्भरता के कारण खेती में जोखिम और अनिश्चितताएं आम हैं। सूखा, बाढ़, बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि आदि सीधे खेती को प्रभावित करते हैं। ऐसी परिस्थितियों में फसलों का बीमा करना प्रमुख रणनीति मानी जाती है। फसल बीमा किसानों को फसल के नुकसान की स्थिति में भुगतान के माध्यम से जोखिम से निपटने में मदद करता है और कृषि क्षेत्र में आपदा भुगतान पर बोझ को कम करके सरकार की मदद करता है। किसानों की समस्याओं पर ध्यान देते हुए सरकार ने वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) शुरू की थी। जिसका उद्देश्य कम पैदावार या पैदावार के नष्ट हो जाने की स्थिति में किसानों को मदद मुहैया कराना था। सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के कारण, योजना के तहत कवरेज साल-दर-साल बढ़ रही है। गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन के पिछले 8 वर्षों में 56.80 करोड़ किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए हैं और 23.22 करोड़ से अधिक किसान आवेदकों को दावे प्राप्त हुए हैं। इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31,139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान दावे के रूप में किया गया। यह योजना खासकर उन किसानों का बोझ कम करने में मदद कर रही है, जो खेती के लिए ऋण लेते थे और खराब मौसम में फसल बर्बादी के कारण उसी ऋण को चुका पाने में असमर्थ रहते थे। इसके बावजूद देश में फसल बीमा को किसानों के बीच ज्यादा लोकप्रियता नहीं मिली है। इसका कारण यह है कि अधिकांश राज्यों द्वारा उनके प्रीमियम सब्सिडी शेयर का समय पर भुगतान नहीं कराया जाता है।

गौरतलब है कि भारतीय फसल बीमा 'क्षेत्र दृष्टिकोण' पर काम करता है। क्षेत्रीय दृष्टिकोण तभी अच्छा काम करता है जब किसानों की उपज और फसल काटने के प्रयोगों में उपज के बीच सहसंबंध अधिक हों। इस शर्त को शायद ही कभी पूरा किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप 'बुनियादी जोखिम' होता है, यानी, किसान को फसल का नुकसान होता है लेकिन मुआवजा नहीं मिलता है। इसके अलावा, उन लोगों के लिए जिन्हें अंततः मुआवजा मिलता है, अधिकांश मामलों में भुगतान में काफी देरी होती है। कई बदलावों के बाद पीएमएफबीवाई शुरू की गई, जो पहले की समान योजनाओं का एक उन्नत संस्करण है। हालांकि कई मुद्दे और चुनौतियां हैं, अतः इस योजना के उद्देश्य की पूर्ति हेतु सरकार को योजना के समक्ष आने वाली उपरोक्त सभी चुनौतियों के संबंध में जल्द-से-जल्द समाधान का रास्ता तलाशना चाहिए।

# कैंसर से जंग की नई उम्मीदें



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है।

पिछले 20 सालों में दुनिया भर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। हर साल देश और दुनिया में कैंसर से लाखों मौत होती है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आईसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन में अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी। आईसीएमआर का अध्ययन इनमें से 40 फीसदी मामलों की वजह इन सात में से एक कैंसर को बचाता है-फेफड़े, स्तन, भोजन नलिका, मुख, पेट, लीवर और गर्भाशय ग्रीवा।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। इम्यूनोथेरेपी से कई अलग-अलग प्रकार के कैंसर का इलाज अब होने लगा है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हास्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्होंने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा (टेबलेट) ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टैबलेट विकसित की है। टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानि कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा के डाक्टर्स इस टैबलेट पर करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। इस दवा को जून-जुलाई में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथारिटी ऑफ इण्डिया (एफएसएसएआई) से मंजूरी मिलने की संभावना है। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों (कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी) पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया। लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानि ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल का समय लगेगा।

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डा.टी.के. चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए है। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगान्तरकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाईयों का नैदानिक परीक्षण करता है। इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था।

किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए समान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है-पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टोक्सीकोलॉजिकल) परीक्षण ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं का प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। पोषक ऊर्जा के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रियाएं देखी गईं उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी ओर दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे।

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थी। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉक्टर उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है जो कल 1621 मानवीय भोज्यों के विस्तार से काट छांट कर विकसित पोषक ऊर्जा है।

सन् 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए। जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अन्ततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव परिणाम की सकारात्मकता रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही। पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े, स्तन सर्विकल, मुख, बृहदान्त्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज का नैनो-इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके सम्पर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलाजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। कैंसर जैसा खतरनाक रोग भारतीयों के लिए भीषण संकट खड़ा कर रहा है। कैंसर की दवाओं की सुरक्षा व लागत को लेकर निरंतर प्रयोग जारी हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में छलांग

भारत का सेमीकंडक्टर मिशन बड़ी सफलताओं के साथ बहुत ही कम समय में अमरीका, ताइवान और दक्षिण कोरिया की तरह प्रमुख चिप हब बन रहा है। वह दिन अब ज्यादा दूर नहीं, जब देश में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित हो जाएगा। इतना ही नहीं, देश में जल्द ही विश्वस्तरीय भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर की स्थापना होने जा रही है। यह सेंटर रिसर्च की दिशा में मील का पत्थर बनेगा। अभी हाल में केन्द्र सरकार ने तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां लगाने को मंजूरी दी है। अगले 100 दिन के भीतर तीनों इकाइयों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। ये इकाइयां 20 हजार उन्नत प्रौद्योगिकी कार्यों में प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 60 हजार अप्रत्यक्ष रोजगारों का सृजन करेंगी।



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश सरकार ने भी राज्य को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अग्रणी रखने के लिए कौशल प्रशिक्षण/अनुसंधान और विकास में कंपनियों को समर्थन देने प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। प्रदेश सरकार ने यूपी सेमीकंडक्टर नीति-2024 के तहत राज्य में सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने पर निवेशकों के लिए सब्सिडी और छूट देने की घोषणा की है। यह सभी छूट केंद्र द्वारा दी जाने वाली छूट के अलावा होगी। निवेश प्रोत्साहन और ब्याज सब्सिडी के अलावा भूमि लेनदेन पर स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। सरकार मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत पांच वर्षों तक हर वर्ष 500 छात्रों को 20,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगी। इसका फोकस बीटेक और एमटेक ग्रेजुएट्स पर होगा।

भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग का परिदृश्य सार्थक रूप से नए आयाम और मायने की ओर बढ़ रहा है। इन आयामों से जहां डिजिटल प्रौद्योगिकियों और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं आईटी क्षेत्र में लाखों नई नौकरियां भी बढ़ेंगी। साधारण शब्दों में, सेमीकंडक्टर को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स का 'मस्तिष्क' कहा जाता है। कोई शक नहीं कि भविष्य की हमारी दुनिया जिस मजबूत आधार पर टिकी हुई होगी, वह है सेमीकंडक्टर।

देश को सेमीकंडक्टक्टर उत्पादन का वैश्विक हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है। भारत ने रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सरकार ने यह तथ्य अच्छी तरह समझा है कि युवाओं की क्षमता का इस्तेमाल देश में ही किया जाए। सरकार ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में स्टार्ट-अप और एसएमई (छोटे और मध्यम उद्यमों) का समर्थन करने के लिए एक पैनल भी बनाया है। प्रौद्योगिकी से जुड़े विशेषज्ञ सेमीकंडक्टर को आज के युग का 'न्यू ऑयल' कहते हैं। लगभग हर प्रमुख सेमीकंडक्टर कंपनी की भारत में मौजूदगी है। भारत के युवा दुनिया के कुछ सबसे उन्नत चिप्स डिजाइन करते हैं, प्रोडक्ट की पैकेजिंग और टेस्टिंग भी करते हैं लेकिन उन्हें बनाने के लिए अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया या ताइवान भेजा जाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए ये एक बड़ा बोझ है जिसे आने वाले समय में निश्चित कम किया जा सकेगा।

भारत में 300 से ज्यादा ऐसे बड़े कॉलेजों की पहचान की गई है, जहां सेमीकंडक्टर पर कोर्स उपलब्ध होंगे। आजीविका संवर्धन के लिए स्किल्स एक्वीजीशन एंड नॉलेज अवेयरनेस फॉर लिविलीहुड प्रमोशन (संकल्प) कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य ईएसडीएम/सेमीकंडक्टर उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 10 मिलियन लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। सरकार ने हाल में, नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी दी है। 2023-24 से 2030-31 तक के लिए 6003.65 करोड़ रुपये का बजट घोषित किया गया है।

आंकड़ों की बात की जाए तो 2014 में भारत का इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद 30 बिलियन डॉलर से भी कम था। 2014 से पहले भारत में सिर्फ 2 मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स थीं। आज इनकी संख्या बढ़कर 200 से ज्यादा हो चुकी है। अगर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की बात करें तो 2014 में भारत में 6 करोड़ यूजर्स थे। आज उनकी संख्या भी लगभग बढ़कर 80 करोड़ यूजर्स से ज्यादा हो चुकी है। मौजूदा दशक में ही भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 110 अमेरिकी डॉलर तक जा सकता है जो वैश्वक व्यवसाय का 11 फीसद है। वैश्विक कंसल्टिंग कंपनी मैकेंजी के अनुसार 2030 तक सेमीकंडक्टर उद्योग का राजस्व एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन के अनुसार सेमीकंडक्टर का भारतीय बाजार 2028 तक 80.3 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

# एआई: सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं।

विज्ञान जहां दिन-प्रतिदिन हमारे जीवन को सुगम बनाता रहा, वहीं इसके दुष्प्रभाव मानवता के समक्ष संकट भी उत्पन्न करते रहे। यही कारण रहा कि समय-समय पर चिंतकों-विचारकों ने इसके प्रति 'सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार' जैसे तमाम संकेत देकर विज्ञान के संयमित और संतुलित प्रयोग के प्रति सचेत भी किया।

शिक्षा में विज्ञान का क्रमिक प्रवेश होने से शिक्षा गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। चाहे वह शिक्षण विधियों को ज्यादा विद्यार्थी अनुकूल बनाने में सूचना संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग हो अथवा विद्यार्थियों को स्व-निर्देशात्मक सामग्री की उपलब्धता। विज्ञान ने गूढ़ व जटिल संरचनाओं को लाइव मोड में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया तो उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी एक क्लिक में प्रस्तुत किया। वर्तमान समय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' या 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) का है। इस दिशा में निरंतर हो रहे शोध एवं नवाचारों ने इसे मानव के समक्ष एक ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है कि पुनः इस बात पर ज़ोर-शोर से चर्चा होने लगी है कि इसके उपयोग की सीमाएं क्या हों। कहीं ऐसा तो नहीं कि यह 'कृत्रिम मेधा' वास्तविक मेधा के समक्ष सच में संकट खड़ा कर दे।

यहां हम 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' क्या है और शिक्षा में इसका क्या भविष्य है, इस बिंदु पर विचार करेंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित विज्ञान का ऐसा सॉफ़्टवेयर, रोबोट अथवा अन्य कोई टूल है जो मनुष्य की तरह सोचने का तरीक़ा प्रस्तुत करता है। यहां विशेष बात यह है कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' मानव द्वारा निर्मित उपकरण अथवा मशीन की मेधा है इसलिए इसकी तुलना प्राकृतिक बुद्धिमत्ता से करना बेमानी है। हां, इतना ज़रूर है कि इसके दुरुपयोग की संभावनाएं भी इसके उपयोग जितना ही प्रबल हैं।

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं। इसकी मदद से विद्यार्थियों की रुचियों-रुझानों का पता लगाना आसान होगा तथा उनके अनुरूप आवश्यक संसाधन-संदर्भों की सहज उपलब्धता होगी। इससे संबंधित उपकरणों की मदद से बच्चों का सतत आकलन करते हुए त्वरित फीडबैक, सहयोग व पुनर्बलन सुगम होगा।

निस्संदेह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से शिक्षा में सीखने-सिखाने की नवीन संभावनाओं के द्वार खुलेंगे पर इससे जुड़ा दूसरा पक्ष भी है। वह है इसके अनियोजित व दुराग्रही प्रयोग के दुष्परिणाम। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी टूल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' केवल उतनी ही जानकारी भर है जितनी जानकारी पर इसे सेट किया गया है। इसमें भावनात्मक स्तर पर सोचने-समझने और तदनुरूप प्रतिक्रिया का अभाव होता है। इससे विभिन्न स्तरों पर पक्षपात अथवा पूर्वाग्रह पूर्ण व्यवहार की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अधिकांशतः 'डेटा आधारित' होने के कारण इसके द्वारा प्रदत्त जानकारियां भ्रामक, त्रुटिपूर्ण या अपूर्ण हों, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता। अतः यहां से प्राप्त जानकारियों की पर्याप्त एवं वैध पुष्टि आवश्यक होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोगी पहलुओं में यह भी गिना जाता है कि यह विद्यार्थी की शिक्षक पर निर्भरता कम करते हुए उसके वैयक्तिक स्तर पर सीखने के अनुभवों में वृद्धि करेगी। पर यहां विचारणीय यह भी है कि शिक्षण अधिगम के दौरान शिक्षक की भूमिका एक सतत एवं सहयोगी निगरानी कर्ता की भी होती है। नितांत वैयक्तिकता विद्यार्थियों को सहभागिता और सामाजीकरण से दूर कर देगी। सीखना- सिखाना एक अनुकूल परिवेश में सृजित किया जाने वाला अनुभव है जो इस कृत्रिम परिस्थिति में भटकाव का कारण बन सकता है। मशीनों पर अधिक निर्भरता न केवल रोज़गार के अवसरों को कम करेगी बल्कि नैतिक मानदंडों, मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, और सामाजिक जीवन के लिए अनिवार्य और अपरिहार्य तत्वों को भी कमज़ोर करेगी इसकी भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सार्थक उपयोग हेतु इसकी संभावित कमियों को ध्यान में रखते हुए बेहद सजग व संतुलित क्रियान्वयन योजना तैयार करनी आवश्यक होगी। इसको शिक्षकों का विकल्प मानने या बनाए जाने के बजाय यह ज्यादा ज़रूरी होगा कि इन दोनों के मध्य सहक्रियात्मक संबंध स्थापित किए जाएं जिनमें मशीन और भावना का समन्वित सम्मिलन हो।

## सोशल फोरम

# सर्वहारा की सामाजिकता

ऐसे ही एक दिन शाम को टहलने निकले। लगा सड़क पर भीड़ बहुत बढ़ गई है। सामने से आती हुई गाड़ियां ऐसे लग रही थीं मानों उड़ती चली आ रहीं हैं। जरा दाएं-बाएं होने में देर की नहीं कि रौंद कर निकल जाएंगी। दुनिया बहुत हड़बड़ी में है।

टहलते हुए कालपी रोड पर आ गए। चार-पांच किलोमीटर की टहलाई काफी दिन बाद हुई थी। नहर के पास सड़क थोड़ा ऊंची है। सड़क किनारे बनी पुलिया के पास खड़ा एक आदम, अपनी साइकिल पकड़े, नहर के बहते पानी को देख रहा था। चुप खड़ा। पास पहुंचकर बातचीत शुरू हुई। बात करते हुए साइकिल सवार साइकिल पकड़े हुए मेरे साथ पैदल चलने लगा। बताया कि काम के सिलसिले में भौंती जाता है। करीब 28 किलोमीटर की दूरी। मतलब करीब 56 किलोमीटर की दूरी रोज साइकिल से रोजी-रोटी के सिलसिले में तय होती है।



अनूप शुक्ल
कानपुर

हमने कहा- 'यह तो बहुत दूर पड़ जाता है।' 'का करें? पेट के कारण सब करना पड़ता है।'- उसने निर्लिप्त भाव से जवाब दिया।

घर, परिवार और बाल-बच्चों के बारे में बात करते हुए वह साथ चलता रहा। जिस सड़क पर हम चल रहे थे वह ऊंचाई पर थी। ढलान से नीचे उतरते हुए वह हमारे साथ पैदल चल रहा था। हमने कहा- 'अब तुम चलो। ढलान भी है। इसी के सहारे दूर तक चले जाओगे। आराम रहेगा।' इस पर वह बोला- 'हां लेकिन साथ चलते हुए थोड़ा बोल-बतिया ले रहे हैं तो रास्ता अच्छा कट गया।' फिर थोड़ी देर और साथ चलने के बाद साइकिल पर सवार होकर चला गया। साथ चलते हुए बोलते-बतियाते हुए रास्ता आसानी से कटने की बात सुनकर लगा कि दुनिया में अकेलेपन से मुक्ति की चाहना कितनी है लोगों में। लोग अकेलापन महसूस करते हैं। उससे मुक्त होना चाहते हैं। लेकिन तमाम कारणों से मौके नहीं मिलते। सोशल मीडिया पर लोगों की भयंकर भागीदारी इस अकेलेपन से मुक्ति की चाहना का ही परिणाम है। अपने को अभिव्यक्त करके सामाजिक हो जाने का एहसास लोगों को इससे जोड़ता है। अलग बात है कि लोगों की सामाजिकता की चाहना को सोशल मीडिया अपनी कमाई के लिए उपयोग करता है।

-फेसबुक वॉल से

# सीता की प्रतिष्ठा में वृद्धि की जाए



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं।

मनु के द्वारा बसाई गई विश्व प्रसिद्ध अयोध्या नगरी का इतिहास आरोहों अवरोहों से परिपूर्ण रहा है। वह कई बार बसी और उजड़ी। कहीं लिखत पढ़त में तो नहीं, किंतु एक लोक श्रुति के अनुसार इस नगरी को सीता जी का शाप है। परिस्थितियां और कारण कुछ भी रहे हों, पर उन जगज्जननी को यहां वह सम्मान और न्याय तो नहीं ही मिल सका, जिसके वे योग्य थीं। वे त्रिलोकपति श्रीराम से वैसी ही अभिन्न हैं जैसे वाणी और उसका अर्थ तथा जल और उसकी लहर। गोस्वामी तुलसीदास ने सही ही कहा है,"गिरा अरथ जल बीचि सम,कहियत भिन्न न भिन्न। बन्दौं सीता राम पद जिन्हइ परम प्रिय खिन्न"।। गोस्वामी जी ने गुणग्राम भी दोनों के साथ साथ गाए जाने के इशारे किए हैं।" सीतारामगुणग्राम पुण्यारण्य विहारिणौ। वन्दे विशुद्ध विज्ञानौ कवीश्वर कपीश्वरौ"। युद्धोपरांत लंकापुरी से वापस लाए जाने पर,राम ने उनसे कटु वचन भी कहे,जैसा कि वाल्मीकि रामायण में उल्लेख है। पश्चात् उनकी चारित्रिक शुचिता की 'अग्नि परीक्षा'ली गई थी, जिसमें वे पूर्णतया उत्तीर्ण हुईं थी। यही नहीं आदि कवि ने लिखा है कि रावण पहले उन्हें अपने महल में ही ले गया था। लंकापुरी का समस्त वैभव,अपनी पत्नियां और स्वयं को भी उनके अधीन करने का आश्वासन देता हुआ अपनी भार्या बनाने का प्रलोभन देता रहा।

यह सीता जी का ही आत्मबल था कि वे झुकीं नहीं और प्रलोभनों को तिरस्कृत करती हुईं, उसे फटकार लगाई। तब विफल खल नायक ने उन्हें अशोक वाटिका में आवासित करवा दिया। अयोध्या आकर, राजपाट सम्हालने के बाद, श्रीराम ने उनका परित्याग 'लोकापवाद'को शमित करने हेतु किया था,न कि उनके अशुचि होने के कारण। हालांकि अन्याय तो हो ही गया। ऐसे में यदि यह नगरी अभिशप्त हुई,तो बात समझ में आती है। कालिदास के 'रघुवंश'में एक वृत्तांत आया है। राम पुत्र कुश(महाराज कुशध्वज) रात अपने महल में लेटे थे।अर्द्ध रात्रि को जब वे तंद्राग्रस्त थे, तो एक विवर्ण मुख नारी सामने आ कर खड़ी हुई। महाराज चकित रह गए कि चारों ओर से सुरक्षित उनके शयन कक्ष में यह कौन नारी प्रवेश कर सकी। नारी बोली,'राजन्! मैं अयोध्या नगरी हूं। जबसे तुम्हारे पिता जी संपूर्ण नगर निवासियों सहित संतानिक लोक प्रस्थान कर गए, तब से मैं सूनी पड़ी हूं। महाराज कुश तत्काल तैयार हुए और दल बल सहित अयोध्या पहुंचकर उसे फिर से बसाया।

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं। सीता जी के सम्मान में वृद्धि की जाय। निर्मित हो रहे मंदिर परिसर में किसी उचित स्थान पर सीताराम युग्म की प्रतिमा स्थापित हो, तथा उन माता के भूमि से उद्भव से लेकर पृथ्वी के गर्भ में समाने तक के चित्र या विग्रह प्रतिष्ठित किये जाएं। अयोध्या में कन्याओं को ग्रेजुएशन तक की निःशुल्क शिक्षा देने वाला महाविद्यालय सरकार खोले। सनातन धर्मावलंबी अब कभी भी अपने इस धाम का अवरोह नहीं देखना चाहेंगे।

# पुलिस हिरासत में भी असुरक्षित

जब विश्व श्रमिक संगठनों के वजूद और हड़ताल के विचार से दुनिया अनजान थी। तब 8 मार्च 1857 को न्यूयार्क में बेकरी की गंदी अंधेरी कोठरियों में बेहद कम मजदूरी पर 12 से 14 घंटे काम करने वाली महिलाओं ने त्रस्त हो कर काम ठप किया और सड़क पर आ गई। 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की नींव मैडम क्लारा जेटकिन के प्रयासों से दूसरी अंतराष्ट्रीय महिला कांग्रेस में पड़ी। अभी तक महिला दिवस मार्च के किसी भी दिन मानने की प्रथा थी। किंतु प्रथम विश्व युद्ध के समय 8 मार्च को तमाम कामकाजी महिलाओं ने अपनी फैक्ट्री और उद्योगों से निकल कर एक नारा दिया हमें रोटी चाहिए। युद्ध नहीं हजारों महिला और पुरुष एक रैली के रूप में बाहर निकले। इस आंदोलन से रूसी क्रांति की नींव पड़ी। इसके बाद इसे कामकाजी महिला दिवस के रूप में मनाया और जाना गया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

देश में महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाएं लगातर बढ़ रही हैं। यह बहुत ही दुखद है कि जब हम इस बार का महिला दिवस आयोजित कर रहे है नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट बहुत ही चौकाने वाली आई है। इसके अनुसार पुलिस हिरासत में भी महिलाएं असुरक्षित हैं। 2017 से 2022, के मध्य 5 वर्षो में ऐसी 270 घटनाएं हुई है, जिनमे पुलिस, जेल अधिकारियों आदि ने हिंसा की घटनाओं को अंजाम दिया। पुलिस हिरासत में रेप के मामले यूपी और एमपी में सर्वाधिक हैं। जहां क्रमशः 92, और 42, मामले दर्ज हुए एनसीआरबी के अकड़े बताते हैं कि महिलाओं पर हिंसा ब्लैक मेलिंग, दहेज उत्पीड़न बच्चियों पर रेप की घटनाएं लगातार बढ़ी है। निसंदेह भारतीय श्रमिक वर्ग को इन अपराधों को रोकने को आगे आना होगा, जिसमें महिलाओं की बड़ी भूमिका होगी।

# सेवा क्षेत्र नीति कैबिनेट में होगी पेश: धामी

## यूआईआईडीबी की बोर्ड बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, कार्यों में तेजी लाने को कहा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में सेवा क्षेत्र नीति लागू करने के लिये प्रस्ताव आगामी कैबिनेट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही कार्यों में तेजी लाये जाने के लिये नीतिगत मामलों को छोड़कर शेष विषयों पर विभागीय स्तर पर निर्णय लेकर कार्यों का त्वरित निस्तारण करने को कहा है।

बुधवार को सचिवालय में उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) की दूसरी बोर्ड बैठक में मुख्यमंत्री ने यूआईआईडीबी के अधीन संचालित होने वाली योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि बोर्ड के कार्य संचालन हेतु स्वीकृत पदों पर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। उन्होंने कहा कि पहले लोक महत्व एवं तात्कालिक योजनाओं पर ध्यान दिया जाए तथा उनके क्रियान्वयन पर फोकस किया जाए, ताकि इसके अपेक्षित परिणाम सामने आ सके।



सचिवालय में यूआईआईडीबी की योजनाओं को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने सचिव पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन को जॉलीग्रांट-पंतनगर तथा नैनीसैनी में विमानों की नाइट लैंड़िग की संभावनाओं की कार्ययोजना तैयार करने और चारधाम की भांति मानसखंड मंदिर श्रृंखलाओं के सौन्दर्यीकरण की योजनाओं पर भी तेजी से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि मानसखंड मंदिर माला मिशन पूर्ण होने पर प्रदेश में वर्षभर पर्यटकों का बड़ी संख्या में आवागमन होगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में पहचान दिलाने के लिये भी समेकित प्रयासों की जरूरत बताई। इसके लिये विभिन्न स्थलों का चयन कर वहां अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने वेडिंग प्लानरों, होटल समूहों से सहयोग लेकर इसके प्रचार-प्रसार पर भी ध्यान देने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने वर्तमान आवासीय अवस्थापनाओं के दृष्टिगत चिन्हित पुनर्विकास योजनाओं के प्रस्तावों, हरिद्वार ऋषिकेश गंगा कोरीडोर, शारदा कॉरीडोर, दो नयी टाउनशिप विकसित करने तथा कैंची धाम परियोजना के कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य हित में जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिये यूआईआईडीबी का गठन किया गया, उसके परिणाम शीघ्र धरातल पर दिखाई दें इसके लिये प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य किया जाये। बैठक में सचिव नियोजन आर. मीनाक्षी सुन्दरम ने यूआईआईडीबी की कार्ययोजना से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया। जबकि सचिव पर्यटन सचिव कुर्वे ने पर्यटन विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान वित्त मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव विनय शंकर पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## महिलाओं ने हर क्षेत्र में दिखाया हुनर

**अल्मोड़ा :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सोबन सिंह जीना विवि के शिक्षा संकाय में तीन दिवसीय कार्यशाला जारी है। दूसरे दिन कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं आज किसी क्षेत्र में कमजोर नहीं हैं। उन्होंने अपनी प्रतिभा के दम पर हर जगह अपने हुनर का जलवा दिखाने में कामयाबी हासिल की है। लक्ष्मी देवी टम्टा महिला अध्ययन केंद्र की ओर से आयोजित कार्यशाला में संकाय की विभागाध्यक्ष प्रो. भीमा मनराल ने कहा कि वर्तमान में महिलाएं घर परिवार संभालने के साथ ही हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। विवि की डॉ. रिजवाना सिद्दीकी ने शिक्षा संकाय के महिला उत्थान कार्यों की सराहना की। केंद्र की डॉ. संगीता पंवार ने महिलाओं के लिए समाज में किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। कार्यशाला में डॉ. नीलम, डॉ. ममता कांडपाल, अंकिता कुमारी, देवेंद्र चम्याल, मंजरी तिवारी, सरोज जोशी आदि मौजूद रहे।

# आपसी समन्वय से प्रवर्तन कार्रवाई को प्रभावी बनाएं

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवी आरसी पुरुषोत्तम ने बुधवार को केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय बैठक की। उन्होंने सभी प्रवर्तन एजेंसियों से प्रदेश में निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के लिए आपसी समन्वय बनाते हुए प्रवर्तन कार्रवाई को और प्रभावी बनाने को कहा।

उन्होंने निर्देश दिये कि जिन एजेंसियों को इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम इएसएमई में दैनिक कार्रवाई की रिपोर्ट अपलोड करने संबंधी किसी प्रकार की कठिनाई आ रही हो, उन एजेंसियों की पुनः ट्रेनिंग करा दी जाए। साथ ही जब्त की जाने वाली अवैध शराब के मूल्यांकन में एकरुपता लाने को कहा। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे, आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, नारकोटिक्स ब्यूरो, नागरिक उड्डयन, जीएसटी इंटेलिजेंस यूनिट, आबकारी विभाग, पुलिस विभाग, केंद्रीय सशस्त्र बलों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के दिए निर्देश

**देहरादून :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवी आरसी पुरुषोत्तम ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए बूथ लेवल इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रत्येक बूथ का बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप तैयार करने को कहा। कहा कि राज्य के अंदर अन्य स्थानों पर जा चुके मतदाताओं के साथ ही राज्य के बाहर जा चुके मतदाताओं से भी संपर्क स्थापित कर मतदान हेतु प्रेरित किया जाए।

# लोकसभा चुनाव को लेकर अलर्ट रहें पुलिस अधिकारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बुधवार को अल्मोड़ा कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने कोतवाली की विभिन्न व्यस्थाओं का जायजा लेते हुये अधिकारियों को लोकसभा चुनावों के मद्देनजर अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाने, कर्मचारी बैरक, हवालात और भोजनालय का निरीक्षण कर सभी अभिलेखों की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित विचेचनाओं को समय से निस्तारित करने, शिकायती पत्रों की जांच और न्यायालय के वारंटों की समय से तामीली कराने के निर्देश दिए। साथ ही यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने, मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, साइबर और महिला अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करने की बात कही। कहा कि पुलिस अधिकारियों को लोकसभा चुनावों के मद्देनजर हर समय अलर्ट रहना होगा।

निरीक्षण के दौरान जवानों से कोतवाली में रखे गए शस्त्रों का अभ्यास भी कराया गया। एसएसपी ने कहा कि पुलिस कार्यों के अलावा अधिकारी समय-समय पर क्षेत्र में जागरूकता अभियान भी चलाते रहें, ताकि लोग जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन व नियमों का पालन करना सीख सकें। इस दौरान उप निरीक्षक रमेश नेगी, कृष्ण कुमार, दिनेश परिहार समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# हिमालय के सतत विकास को ठोस रणनीति बनाने की अपील

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** डॉ. आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी के महानिदेशक वीपी पांडे के दिशा-निर्देशन में राज्य आपदा एवं पुनर्वास विभाग के सहयोग से पं. दीन दयाल वित्त संस्थान सुद्धोवाला में सतत विकास हिमालयन नॉलेज नेटवर्क विषयक कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें सड़क, रेल, सुरंग निर्माण हेतु भूगर्भीय तथ्यों पर चर्चा की गयी। साथ ही वन भूमि का उपयोग अन्य परियोजन में कैसे किया जा सकता है, इस पर मंथन हुआ।

निदेशक ओम प्रकाश ने कार्यशाला में उठाये गये विषयों एवं सुझावों को सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग को प्रेषित करने तथा हिमालय के सत्त विकास के लिए एक ठोस रणनीति बनाने को सभी से अपील की, ताकि हिमालय के ज्ञान को संरक्षित किया जा सके।



कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर चर्चा करते अधिकारी। ● अमृत विचार

सचिव आपदा प्रबंधन/निदेशक सीटीआरएफए डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों व कार्यशाला टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान अधिशासी निदेशक डॉ. पीयूष रौतेला, डॉ. वीके बहुगुणा, कल्याण सिंह रावत, डॉ. सोम प्रकाश, डॉ. मंजू पाण्डे, डॉ. प्रियंका त्यागी आदि मौजूद रहे।

# उत्पीड़न होने पर तुरंत वन स्टॉप सेंटर से करें संपर्क

▸▸ कार्यशाला में घरेलू हिंसा पर महिलाओं को दी जानकारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने और इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को बाल विकास परियोजना भैंसियाछाना ने कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं को बताया कि घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए संविधान में कानून बनाया गया है। इसलिए घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाएं न्याय पाने के लिए अपनी आवाज उठा सकती हैं।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सखी वन स्टॉप सेंटर से पहुंची नीलिमा जोशी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी महिलाओं का जीवन पहाड़ जैसा कठिन है। घर के दैनिक कार्यों के अलावा परिवार की जिम्मेदारियों के बीच उन्हें कई बार तमाम यातनाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने महिलाओं को बताया कि यदि परिवार में कोई भी सदस्य उन्हें किसी तरह से प्रताड़ित या किसी कार्य के लिए मजबूर करता है तो वह घरेलू हिंसा के अंतर्गत आता है। जिसकी शिकायत वह आसान माध्यमों से कर सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही परेशानी आने पर वन स्टॉप सेंटर से संपर्क करने सलाह दी। कार्यशाला में प्रेमा जोशी, चंदन सिंह मेहरा, रमा, पुष्पा जोशी, सुनीता समेत विकास खंड की अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

## मांगों को लेकर कार्यकत्रियों का धरना-प्रदर्शन जारी

**टनकपुर/लोहाघाट :** मानदेय बढ़ाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कार्य बहिष्कार जारी है। बाराकोट ब्लॉक में कार्यकत्रियों का धरना-प्रदर्शन 17वें दिन भी जारी रहा। संगठन की जिलाध्यक्ष मीना बोहरा के नेतृत्व में कार्यकत्रियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि सरकार केवल वार्ता तक ही सीमित है।

कहा जब तक मांग पूरी नहीं होगी उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान मंजू बिष्ट, जानकी जोशी, ममता बिष्ट, हेमा जोशी, तुलसी बिष्ट, सरोज जोशी, रेखा जोशी, कलावती देवी, आशा देवी, दीपा मेहता, अनीता देवी, हंसी देवी, रेनू देवी, सीता देवी, परमेश्वरी, मीरा देवी मौजूद रहीं।

# अल्मोड़ा-दौलाघट मार्ग निर्माण का हुआ शुभारंभ



दौलाघट मोटर मार्ग पर सड़क निर्माण का शुभारंभ करते सांसद टम्टा।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों को सड़क सुविधा मुहैया कराने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार गंभीर है। इससे गांवों के विकास में तेजी आएगी और रोजगार के साधन पैदा होंगे। ये बात सांसद अजय टम्टा ने बुधवार को अल्मोड़ा-दौलाघट मोटर मार्ग निर्माण का शुभारंभ करते हुए कही। टम्टा ने कहा कि पहले फेज का कार्य पूरा होने के बाद कलमट, सुरक्षा दीवार और डामरीकरण की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। शीघ्र ही इस मार्ग को बड़सीमी गांव तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, महेश नयाल, आनंद डंगवाल, ग्राम प्रधान कमलेश कुमार, प्रमोद जोशी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### अक्षय पात्र फाउंडेशन को मिले दो इलेक्ट्रिक वाहन

**देहरादून :** अक्षय पात्र फाउंडेशन की केंद्रीय रसोई के लिए बाघ बकरी फाउंडेशन ने बुधवार को दो इलेक्ट्रिक डिलीवरी वाहन प्रदान किए, जिससे 20 शासकीय विद्यालयों के करीब 1200 विद्यार्थियों तक संस्था के गर्म एवं पौष्टिक भोजन पहुंचाने में सहायता मिलेगी। अक्षय पात्र इस रसोई से 24,000 से अधिक सरकारी स्कूल के बच्चों को सेवा प्रदान करता है। इस अवसर पर वाघ बकरी चाय के बिक्री अध्यक्ष विकास मित्तल, अजय सिसिलिया, अक्षय पात्र फाउंडेशन यूनिट प्रमुख वैनतेय दास, दीपक चुघ आदि की मौजूदगी में इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाई गई।

# दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर हो दूरसंचार व्यवस्था

संवाददाता, चंपावत

**अमृत विचार :** डीएम नवनीत पांडेय ने बुधवार को जिला टेलीकॉम समिति की बैठक लेते हुए अधिकारियों को जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में संचार व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए।

बैठक में भारत दूरसंचार निगम के मंडलीय अभियंता आशीष कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में 29 मोबाइल टावर जनपद में स्थापित किये जा रहे हैं। 20 टावरों का कार्य पूर्ण पूरा हो गया है। 9 मोबाइल टावर में से 2 में वन भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। शेष 7 में कार्यशीघ्र ही प्रारंभ कर लिया जाएगा।

डीएम पांडेय ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मथियाबांज, तल्ली खटोली, दुर्गा बुगा पीपल, बुडम सल्ली, पूर्णागिरि, विविल, कफलटा, कोलीकुलाड़ी, धरसो में विद्युत संयोजन स्थापित कर 25 मार्च तक सभी मोबाइल टावर संचालित करने के निर्देश दिए। डीएम ने अन्य संचार एजेंसियों एयरटेल, जिओ, रिलायंस के अधिकारियों को भी संचार व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## उत्तर प्रदेश

# आगरा मेट्रो की शुरुआत, बना अनोखा रिकार्ड

▸▸ प्रधानमंत्री ने कोलकता से वर्चुअली दिखाई हरी झंडी, योगी ने बच्चों के साथ किया सफर

राज्य ब्यूरो, आगरा/लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को कोलकाता से आगरा मेट्रो ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाते ही एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। मेट्रो ट्रेन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एक के चुने गए 32 बच्चों संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सफर किया। गुरुवार से पहले चरण के छह स्टेशनों के बीच आम जनता के लिए यात्री सेवा आरंभ हो जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिवाजी महाराज के गौरव से जुड़े आगरा शहर को होली से पहले मेट्रो ट्रेन की सौगात मिली है।



आगरा मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाते सीएम योग व अन्य। ● अमृत विचार

आधुनिक सुविधाओं का केंद्र यह शहर बने इसके लिए मेट्रो आवश्यक थी। पीएम का आभार जताते हुए कहा कि मेट्रो के साथ आगरा में अन्य सुविधाएं जैसे आगरा के पास अपना एयरपोर्ट हो, उसके सिविल टर्मिनल का कार्य भी तेजी के साथ आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यहां पर जायका प्रोजेक्ट के अंतर्गत गंगाजल की उपलब्धता पेयजल के लिए उपलब्ध हो।

आईटी सेक्टर के रूप में भी इस सिटी को डेवलप करने के लिए तेजी के साथ उन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य भी सरकार प्राथमिकता के आधार पर कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाने के बाद ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने विजिटर बुक में अपने अनुभव सांझा करते हुए लिखा कि आगरा मेट्रो का प्रधानमंत्री ने वर्चुअली शुभारंभ किया। प्रोजेक्ट की क्वालिटी के साथ ही समयबद्धता महत्व रखती है। आगरा मेट्रो ने इस मानक को बनाये रखा है।इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, स्थानीय सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चोरी करने आए युवकों की कार पलटी, एक की मौत

सहारनपुर, एजेंसी

**अमृत विचार :** जिले के रामपुर मनिहारान में बीती रात चोरों ने एक जिम का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। लोगों के शोर मचाने पर चोर भाग खड़े हुए। बताया जा रहा है कि चोर कार में सवार होकर चोरी करने आए थे। भागते समय उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें एक चोर की मौत हो गई। जबकि दो घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

घटना मंगलवार देर रात की है। कस्बे के मोहल्ला महल निवासी शौकीन पुत्र मीरहसन का इस्लामनगर रोड पर आर्नोल्ड नाम से एक जिम है। जिम के पीछे ही शौकीन का मकान है। बीती रात करीब तीन बजे शौकीन टॉयलेट जाने के लिए उठा तो जिम की लाइट जली हुई थी। शक होने पर शौकिन ने शोर मचाया तो आसपास के लोग बाहर निकल आए। लोगों को आता देख चोर भाग खड़े हुए। कॉम्बिग के दौरान पुलिस को एक ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने बताया कि इस्लामनगर रोड पर रुहाड़े के पुल के नीचे एक कार दुर्घटनाग्रस्त हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार सवार तीन लोगों को बाहर निकाला। अस्पताल में जिला मुज़फ्फरनगर के मिर्जापुर निवासी आमिर आजम पुत्र मुशर्रफ की मौत हो गई है। जबकि जनपद शामली के लिलोनखेड़ी निवासी आबिद व सहारनपुर के खाता खेड़ी के रहने वाले हसन का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# 61 हजार से अधिक छात्र बने कौशल विकास में प्रवीण

▸▸ पढ़ाई के साथ कौशल विकास से जोड़ने की योजना पर राज्य सरकार का फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** छात्र- छात्राओं को पढ़ाई के दौरान ही कौशल विकास से जोड़ने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट प्रवीण का असर दिखने लगा है। कक्षी 9वीं से 12वीं तक के 61 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों निःशुल्क स्किल ट्रेनिंग और नए जमाने के कोर्स के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण माध्यमिक शिक्षा और उप्र कौशल विकास मिशन के बीच हुए एक एमओयू के तहत संचालित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य राज्य के एजुकेशन सिस्टम और करिकुलम को नया रूप देना है। प्रोजेक्ट प्रवीण की शुरुआत वर्ष 2022-23 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। प्रदेश के 150 राजकीय माध्यमिक बालक एवं बालिका विद्यालयों में 20,582 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भी इस योजना से जोड़े गए हैं, जिनमें 3,450 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष 2023-24 में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत कुल 315 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को शामिल किया गया है। इन संस्थानों के जरिए अब तक 61,400 विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार चुने हुए ट्रेड्स में में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया।

# मौलाना तौकीर पर किसने नहीं होने दी कार्रवाई...

▸▸ भाजपा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल के सवाल का तीर कई निशानों पर लगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गंभीर आरोपों के दर्जन भर से ज्यादा आपराधिक केस होने के बाद भी मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ कार्रवाई न होने देने का जिम्मेदार कौन है, बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल की ओर से चलाया गया इस सवाल का तीर कई निशानों पर जाकर लगा।

अपनी ही पार्टी सत्ता में होने के बावजूद राजेश ने सीधा आरोप लगाया कि शासन और हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी तौकीर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि सिर्फ तत्कालीन अधिकारी ही नहीं, मौजूदा अधिकारी भी तौकीर को बचाने के लिए जिम्मेदार हैं।



राजेश अग्रवाल।

मंगलवार को ही कोर्ट ने तौकीर रजा को शहर में हुए 2010 के दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब करने का आदेश जारी किया था। इसके बाद वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश अग्रवाल ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि तौकीर रजा खां के खिलाफ वर्ष 2000 के पहले तक के मामले लंबित हैं। खुद उन्होंने तौकीर के खिलाफ 12-14 आपराधिक केसों का ब्योरा जुटाया है। बड़ा सवाल यह है कि इतने केस होने के बावजूद तौकीर पर कोई कार्रवाई न होने देने के लिए जिम्मेदार कौन है। अग्रवाल ने कहा कि शहर में हुए दंगों की विभीषिका लोग आज भी नहीं भूले हैं। दंगाइयों के हौसले इतने बुलंद थे कि तत्कालीन डीआईजी तक को घेर लिया गया था। थाना प्रेमनगर में तौकीर का गिरफ्तारी वारंट पड़ा रहा लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। बोले, वह शांति की स्थापना के लिए प्रयास कर रहे हैं। दोषियों पर कार्रवाई जरूर होगी। उन्होंने कहा कि उनके पास डीजीपी का फोन आया था। वह कहेंगे तो पूरा रिकॉर्ड भी दिखा देंगे।

### अफसर सरकार की नहीं सुनते तभी पैदा होते हैं सुल्ताना

राजेश अग्रवाल ने नाम लिए बगैर मौलाना तौकीर की तुलना सुल्ताना जैसे लोगों से की। कहा, दुर्भाग्य है कि विश्वप्रसिद्ध कुल का व्यक्ति धर्म की आड़ में समाज को जलाने की बात कहता है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लिए अपशब्दों के साथ घर आने पर मारने की बात बोलता है। बोले, प्रकृति न्याय करती है। इसके बाद भी उस पर कार्रवाई नहीं की गई तो कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। इस एक्शन से समाज को ऐसे लोगों से निजात मिलेगी। राजेश ने कहा कि सरकार के निर्देशों का पालन न होने से ही सुल्ताना जैसे लोग पैदा होते हैं। अफसरों को यह कहकर निशाने पर लिया कि ये दो-चार साल ही रहेंगे। जलना तो हमें और आपको है। इसीलिए वह चाहते हैं कि दोषियों को बख्शा न जाए।

### महंत ने लगाया था भाजपा नेता पर ही संरक्षण देने का आरोप

कुछ ही दिन पहले शहर के साईं धाम मंदिर के महंत सुशील पाठक ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पिछले दिनों शहामतगंज में हुए बवाल के बाद तौकीर रजा खां के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। महंत ने अपने इस पत्र में तौकीर पर शहर में फिर दंगा कराने की कोशिश का आरोप लगाते हुए यह भी कहा था कि एक भाजपा नेता की ओर से ही मौलाना तौकीर को संरक्षण दिया जा रहा है।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,085.99 | 22,474.05 |
| बढ़त | 408.86 | 117.75 |
| प्रतिशत में | 0.55 | 0.53 |



## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1850, राज श्री 1360, फॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1805, फॉर्चुन ली0 1610, जय जवान 1435, सचिन 1495, सूरज 1460, अवसर 1580, राग गोल्ड 1590, गृहणी 1490, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1600, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**- डालमियां 4000, पीलीभीत 3980, नवाबगंज (नई) 3970, बहेड़ी (नई) 3980 रुपये।

# 6.8% की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी

## अगले वर्ष के लिए रेटिंग एजेंसी ने जताया अनुमान, 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला बनेगा देश

नई दिल्ली, एजेंसी

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाते हुए बुधवार को कहा कि यह 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और अर्थव्यवस्था भी दोगुनी होकर सात लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने इंडिया आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को घरेलू संरचनात्मक सुधारों और चक्रीय स्थितियों से समर्थन मिलेगा और यह वर्ष 2031 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपनी वृद्धि संभावनाओं को बरकरार रखने के साथ उसमें सुधार भी कर सकती है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में उम्मीद से बेहतर 7.6 प्रतिशत वृद्धि रहने के बाद भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में थोड़ा मध्यम होकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि अगले सात वित्त वर्षों (2024-25 से 2030-31) में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर सात लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंच जाएगी। क्रिसिल ने कहा-इस अवधि में 6.7 प्रतिशत की अनुमानित औसत वृद्धि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगी और 2030-31 तक इसकी प्रति व्यक्ति आय भी उच्च-मध्यम आय समूह तक पहुंच जाएगी। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। क्रिसिल को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उस समय तक देश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और भारत उच्च-मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा।




### घरेलू हवाई यात्रियों के आंकड़ों में होगी बढ़ोत्तरी

**मुंबई।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि घरेलू हवाई यात्री यातायात के चालू वित्त वर्ष में आठ-13 प्रतिशत बढ़कर कोविड-पूर्व स्तर से आगे 15-15.5 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। महामारी से पहले घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 14.12 करोड़ थी। रेटिंग एजेंसी ने अगले दो वित्त वर्षों में विमानन उद्योग के शुद्ध घाटे में खासी गिरावट का अनुमान जताने के साथ ही कहा है कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियां और इंजन से जुड़े मसले निकट अवधि में प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में निरंतर सुधार और अपेक्षाकृत स्थिर लागत वातावरण के बीच इक्रा ने घरेलू विमानन उद्योग को लेकर 'स्थिर' दृष्टिकोण कायम रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय एयरलाइंस के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2022-23 में कोविड-पूर्व स्तर को पार कर गया था लेकिन यह वर्ष 2018-19 में दर्ज 2.59 करोड़ के उच्चतम स्तर से पीछे था। चालू वित्त वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 2.5-2.7 करोड़ रहने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना: शाह

मुंबई, एजेंसी

- सहकारिता मंत्री ने मुंबई में एक सम्मेलन को संबोधित किया

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पांच 'नाजुक अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शाह ने यहां 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। उन्होंने कहा कि आज भारत एक नीति-संचालित देश के रूप में उभरा है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा।



शाह ने कहा-हमने 2025 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी और 2040 तक एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने की योजना भी है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा-हम अपनी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन और अगले 25 साल की रूपरेखा के साथ चुनाव में उतर रहे हैं। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'दूरदर्शी प्रधानमंत्री' बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरा होने तक भारत पूरी तरह से विकसित व आत्मनिर्भर होगा।

### भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश

गृह मंत्री ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश है। इसने खुद को एक निष्क्रिय सरकार से एक गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और एक नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति की तुलना संप्रग सरकार के शासनकाल से की जानी चाहिए।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,150-49,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,750 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 90-110 मसूरी 70-98 बासमती 135-160, **दाल दलहन**-काला चना 85-110 साबुत चना दाल 105 मूंग साबुत 110-125 राजमा 140-156 दाल उड़द 120 साबुत मसूर दाल 114 मसूर दाल 105-115 उड़द साबुत 120-140 काबुली चना 142-185 अरहर दाल 161 लोबिया/करमानी 110- 135 सोयाबीन 115 मूंगफली 120-135 मटर (सूखी) 60-70 मक्का 35 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**- दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये।

# सोना 150 रुपये चढ़कर 65,150 रुपये के नए रिकॉर्ड पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- चांदी की कीमत में 400 रुपये की आई गिरावट

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की बढ़त के साथ 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

लगातार दूसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोने की कीमत 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपये की गिरावट के साथ 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजार में सोना (24 कैरेट) 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये की तेजी को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,122 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## बैंक कार्ड जारी करते समय ग्राहक को नेटवर्क चुनने का विकल्प दें

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे पात्र ग्राहकों को क्रेडिट या डेबिट कार्ड जारी करते समय कई कार्ड नेटवर्क में से एक को चुनने का विकल्प मुहैया कराएं। केंद्रीय बैंक ने क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं से यह भी कहा है कि वे कार्ड नेटवर्क के साथ कोई भी ऐसा समझौता या व्यवस्था न करें जो ग्राहकों को दूसरे नेटवर्क की सेवाएं लेने से रोकता हो। आरबीआई ने कहा, समीक्षा करने पर यह पाया गया कि कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच मौजूद कुछ व्यवस्थाएं ग्राहकों के लिए विकल्प उपलब्ध कराने के लिहाज से अनुकूल नहीं हैं।

# पेटीएम वॉलेट उपयोग करने वाले लोगों को नहीं होगी कोई समस्याः दास

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि पेटीएम वॉलेट का उपयोग करने वाले 80-85 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को नियामकीय कार्रवाई के कारण किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

वहीं शेष उपयोगकर्ताओं को अपने ऐप को अन्य बैंकों से जोड़ने की सलाह दी गई है। रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार करने से रोक दिया। दास ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े वॉलेट को अन्य बैंकों के साथ जोड़ने की समयसीमा 15 मार्च तय की गई है। उन्होंने समयसीमा आगे बढ़ाये जाने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि 15 मार्च तक का दिया गया समय पर्याप्त है और इसे आगे बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है।



## राष्ट्रीय

# लालू और उनका परिवार सबसे बड़ा गुनहगार

## प्रधानमंत्री ने बिहार में राजद-कांग्रेस गठबंधन पर जंगल राज कायम करने का लगाया आरोप

बेतिया (बिहार), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनका परिवार बिहार का सबसे बड़ा गुनहगार है और उन पर एक दशक से अधिक के कार्यकाल के दौरान राज्य में जंगल राज कायम करने का आरोप लगाया।

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि राजद-कांग्रेस गठबंधन के कुशासन के परिणामस्वरूप बिहार के युवा बड़ी संख्या में पलायन करने के लिए मजबूर हुए और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सत्ता संभालने के बाद ही राज्य में चीजें बेहतर दिखने लगीं। उन्होंने कहा-जंगल राज के लिए जिम्मेदार परिवार...वे बिहार के सबसे बड़े गुनहगार हैं। उनके कुशासन ने एक पूरी पीढ़ी के भविष्य को खतरे में डाल दिया। युवाओं को देश के अन्य हिस्सों में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि केवल एक परिवार समृद्ध हुआ।

मोदी ने प्रसाद के उनका ''कोई परिवार नहीं होने'' के कटाक्ष पर पलटवार करते हुए कहा-जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया, बाबासाहेब आंबेडकर और कर्पूरी ठाकुर जैसे लोग जीवित होते तो ये लोग अपने स्वयं के परिवारों को बढ़ावा न देने के लिए उन पर भी हमला करते। उन्होंने कहा-मुझसे उनकी शिकायत यह है कि मेरा कोई परिवार नहीं है। मेरे लिए पूरा देश मेरा परिवार है और आज पूरा देश कह रहा है कि वह खुद को मोदी के परिवार के रूप में देखता है। राजद प्रमुख की टिप्पणी पर भाजपा नेताओं और समर्थकों ने प्रधानमंत्री के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए अपने सोशल मीडिया खाते के नाम के साथ ''मोदी का परिवार'' भी जोड़ दिया।



### अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे श्रीनगर का दौरा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म किये जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को अपनी पहली कश्मीर यात्रा के दौरान श्रीनगर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर' कार्यक्रम में शामिल होंगे और केंद्र शासित प्रदेश में कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा चुनाव नजदीक आने और विपक्षी दलों द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा की मांग के मद्देनजर सबकी नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर क्या कहते हैं।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना की कांग्रेस में वापसी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। यह जेना की पार्टी में वापसी है। उन्हें 2019 में पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था। कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजय कुमार ने पार्टी मुख्यालय में 73 वर्षीय जेना का पार्टी में स्वागत किया। जेना ने कहा-मैं शुरू से ही कांग्रेसी हूं। कुछ गलतफहमियां थीं, वो दूर हो गईं। मैंने कांग्रेस नेतृत्व के साथ बातचीत की और अब वापसी कर रहा हूं। उन्होंने बीजू जनता दल और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-ओडिशा में एक चुनौती है। बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब खुलकर साथ आ गए हैं। मुझे भरोसा है कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन बीजद-भाजपा का सामना करेगा तथा उन्हें पराजित करेगा।

# भाजपा मुख्यालय में देर रात तक जारी रहा चुनावी मंथन

नई दिल्ली, ब्यूरो

- उत्तर प्रदेश की कानपुर सुल्तानपुर व गोंडा सहित 29 सीटों पर चर्चा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में बुधवार को बिहार एवं उत्तर प्रदेश के टिकट दावेदारों की सर्वाधिक चहलकदमी रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अलग-अलग कई बैठकों में दावेदारों के साथ चुनावी मंथन किया। बैठकों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

सर्वाधिक चर्चा बिहार, उत्तर प्रदेश की शेष 29 सीटों को लेकर हुई। बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी नेताओं के साथ जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति, राष्ट्रीय लोक मोर्चा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के नेताओं में गतिरोध जारी है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में बिहार के टिकट दावेदारों का जमावड़ा लगा रहा। बीजेपी ने अपने कोटे की 17 सीटों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक बिहार से लौटने के बाद देर रात तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन नाम का अवलोकन करेंगे और गुरुवार को बिहार से भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। लोक जनशक्ति पार्टी को लेकर बीजेपी में चर्चा हुई है जिसमें चिराग पासवान और उनके चाचा के बीच तनाव की बात सामने आई है। बीजेपी ने दोनों गुटों को 6 सीटें देना तय किया है। केंद्रीय मंत्री पशुपतिनाथ एवं चिराग पासवान के बीच 6 सीटों में बंटवारा होना है। जनता दल यूनाइटेड ने 17 सीटों पर दावा किया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के जीतन राम मांझी ने भी एक-एक सीट पर दावा किया है। बिहार में इस समय बीजेपी के 17, जनता दल यूनाइटेड के 16 एवं लोक जनशक्ति पार्टी के 6 सांसद हैं।

उत्तर प्रदेश की भी कुछ सीटों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से कई नेताओं की मुलाकात हुई है। अभी कानपुर, सुल्तानपुर व गोंडा की सीटों पर फैसला नहीं हुआ है। वहीं अकबरपुर संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद देवेंद्र सिंह भोले का टिकट फाइनल होने के बाद कानपुर संसदीय क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की दावेदारी कमजोर हो गई है। भाजपा हाई कमान कानपुर से किसी ब्राह्मण उम्मीदवार की खोज में है। कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी अपनी बेटी के लिए टिकट मांग रहे हैं। गोंडा से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का भी टिकट विवादों में है। सुल्तानपुर से मेनका गांधी की जगह किसी नए चेहरे पर विचार किया जा रहा है जिसमें प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक एवं लखनऊ के विधायक राजेश्वर सिंह के नाम पर भी चर्चा हुई है। उत्तर प्रदेश में 29 उम्मीदवारों की सूची जारी होना है।

## एक नजर

### दिल्ली विधानसभा से सात भाजपा विधायकों का निलंबन रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने विधानसभा में बजट सत्र के प्रारंभ में उपराज्यपाल वी के सक्सेना के अभिभाषण में व्यवधान डालने को लेकर सदन से निलंबित कर दिए भाजपा के सात विधायकों के निलंबन को रद कर दिया। सात भाजपा विधायकों- मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओ पी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल बाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता ने अपने निलंबन को चुनौती देते हुए पिछले महीने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### दक्षिणी दिल्ली में व्यक्ति ने खुद को मारी गोली

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के नेब सराय इलाके में 38 वर्षीय व्यक्ति ने अपने दोस्त के घर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले की हत्या समेत सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान भरत सचदेवा के रूप में हुई है जो पेशे से एक ऑटो-रिक्शा चालक था। हाल ही में उसकी नौकरी छूट गई थी। भरत के पिता ने हालांकि आरोप लगाया है कि उनके बेटे की हत्या की गई है।

# स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार अन्य पांच आरोपी गिरफ्तार

**दुमका।** झारखंड में दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में बीते दिन स्पेन की रहने वाली महिला की लज्जा भंग करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को पांच अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खैरवार ने मंगलवार देर शाम को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शर्मसार कर देने वाली इस घटना पर त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीररता को देखते हुए गहन छानबीन कर रही है।

# शरद पवार ने सीबीआई जांच संबंधी याचिका को दी चुनौती

मुंबई, एजेंसी

### निर्माण करने की अवैध अनुमति देने का मामला

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने पुणे के लवासा में एक निजी हिल स्टेशन का निर्माण करने की कथित अवैध अनुमति देने के लिए उनके, उनकी बेटी सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

राकांपा (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष ने अधिवक्ता जोएल कार्लोस के माध्यम से दायर आवेदन में एक वकील की जनहित याचिका में प्रतिवादी बनाये जाने की मांग की है ताकि वह याचिका के खिलाफ अपनी दलील पेश कर सकें। अधिवक्ता नानासाहेब जाधव ने पिछले साल पीआईएल दायर कर अनुरोध किया था कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को कथित अनियमितताओं के मामले में तीनों के खिलाफ और राज्य सरकार के कुछ अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया जाए।

# मुख्य संदिग्ध के बारे में जानकारी देने पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनआईए ने कैफे विस्फोट के मामले में की घोषणा

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट के मामले में संदिग्ध बम हमलावर की जानकारी देने पर 10 लाख रुपये के नकद इनाम की बुधवार को घोषणा की। एनआईए ने 'एक्स' पर संदिग्ध बम हमलावर की तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह टोपी, मास्क और चश्मा लगाकर कैफे के अंदर दाखिल होते हुए दिख रहा है।

एनआईए ने फोन नंबर और ईमेल आईडी साझा करते हुए कहा है कि इनके माध्यम से लोग इस अज्ञात व्यक्ति के बारे में सूचना भेज सकते हैं। यह अज्ञात व्यक्ति को हमले को अंजाम देने वाला माना जा रहा है। एनआईए ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। कैफे में विस्फोट की जांच इस सप्ताह के प्रारंभ में एनआईए को सौंपी गयी थी। एक मार्च को पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे के अंदर विस्फोट होने से कम से कम दस लोग घायल हो गये थे। संदेह है कि आईईडी के माध्यम से यह विस्फोट किया गया। धमाके के शीघ्र बाद कर्नाटक पुलिस ने कठोर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।




**गृह मंत्री परमेश्वर बोले-पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले :** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि एक मार्च को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और वह गुत्थी सुलझाने के करीब पहुंच रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि पुलिस को पिछले दो दिन में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। परमेश्वर ने कहा कि हमारे अधिकारी (मामले को सुलझाने के लिए) करीब पहुंच रहे हैं। कल और परसों कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिसे हमने बहुत गंभीरता से लिया है।

# निर्वाचन आयोग ने राहुल को दी सतर्क रहने की सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी

### प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ टिप्पणी का मामला

- जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करने का निर्देश

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' संबंधी बयानों के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने को कहा है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पिछले साल दिसंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने गांधी से कहा कि वह स्टार प्रचारकों और राजनीतिक नेताओं के लिए जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करें। एक मार्च को जारी परामर्श में आयोग ने चेतावनी दी थी कि दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए सिर्फ 'नैतिक निंदा' के बजाय कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पूर्व में नोटिस मिल चुके हैं, उन्हें बार-बार आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस नेता की ओर से प्रधानमंत्री के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर आयोग ने पिछले साल गांधी को नोटिस जारी किया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 21 दिसंबर को आयोग से इन टिप्पणियों के लिए गांधी को जारी किए गए नोटिस पर फैसला करने के लिए भी कहा था, जिसमें कहा गया था कि नवंबर 2023 में दिए गए एक भाषण के दौरान कांग्रेस नेता द्वारा दिया गया बयान 'अरुचिकर' (नॉट इन गुड टेस्ट) था।

### आदिवासियों को वनवासी कहना उनका सबसे बड़ा अपमान

**बदनावर (धार)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज आदिवासियों के बीच बिना किसी का नाम लिए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है और ये आदिवासियों का सबसे बड़ा अपमान है। श्री गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मध्यप्रदेश के धार जिले के बदनावर में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी उपस्थित रहे। सभा में बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासियों को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत राज्य के सीधी कांड का संदर्भ देते हुए की। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा ऐसी ही है। भाजपा सिर्फ आदिवासियों के साथ नहीं, दलितों और गरीब पिछड़ों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार करती है। भाजपा के लोग सभी जगह कमजोरों का अपमान करते हैं।



## स्टालिन, शेखर बाबू और ए राजा के खिलाफ याचिकाएं खारिज

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्रियों- उदयनिधि स्टालिन और पी के शेखर बाबू एवं सांसद ए राजा के खिलाफ एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों की ओर दायर की गईं याचिकाओं पर 'अधिकार पृच्छा' रिट जारी करने से इनकार कर दिया। एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों ने इन नेताओं द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध कथित रूप से टिप्पणी करने के बाद पद पर बने रहने पर सवाल उठाए थे। याचिकाओं में सवाल किया गया था कि किस अधिकार से वे सरकारी पदों पर बने हुए हैं। न्यायमूर्ति अनीता सुमंत ने हिंदू मुन्नानी के दो पदाधिकारियों तथा एक अन्य व्यक्ति की ओर से दायर याचिकाओं का निस्तारण कर दिया।

# फिट और उपलब्ध होने पर घरेलू क्रिकेट खेलना अहम: रोहित

## बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से किया गया था बाहर



धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बनाने वाले खिलाड़ी खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखें, बशर्ते बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें 'अनफिट' घोषित न किया हो।

बीसीसीआई ने अनुबंधित क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी थी और रणजी खेलने के बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंधित पूल से बाहर कर दिया था। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट से पूर्व रोहित ने स्पष्ट किया कि यह कदम सभी पर लागू होता है। रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों को खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध कराना होगा जब तक कि उन्हें चिकित्सा समूह से प्रमाण पत्र नहीं मिल जाए उन्हें आराम की जरूरत है। अगर आप उपलब्ध हैं, आप फिट हैं, अगर आप ठीक हैं, तो यह अहम है कि हम जाएं और खेलें। रोहित धर्मशाला टेस्ट की तैयारी में व्यस्त हैं लेकिन फिर भी उन्हें रणजी के सेमीफाइनल को देखने का समय मिला है, जिसमें उनकी अपनी घरेलू टीम मुंबई ने भाग लिया था। उन्होंने कहा कि आपने इस सप्ताह खेली गई रणजी देखी। मैंने मुंबई और तमिलनाडु का मुकाबला देखा। मुझे लगता है कि विदर्भ ने जीत हासिल की। कप्तान ने कहा कि जब इस तरह के मुकाबले होते हैं तो आप देखते हैं कि गुणवत्ता और हर चीज सबके सामने आ जाती है।

### अश्विन की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम

**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा ने 100वां टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में लगे रविचंद्रन अश्विन को दुर्लभ प्रतिभा का खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि इस ऑफ स्पिनर की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी। भारत 5 मैच की श्रृंखला में पहले ही 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर चुका है तथा इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच के परिणाम का श्रृंखला के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन यह मैच अश्विन और इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का 100वां टेस्ट होगा। रोहित ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए 100 टेस्ट खेलना बड़ी उपलब्धि होती है। वह हमारे लिए मैच विजेता खिलाड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 5-7 वर्षों में उसके प्रदर्शन को देखिए। प्रत्येक श्रृंखला में उसने योगदान दिया है। उस जैसे खिलाड़ी दुर्लभ होते हैं। अश्विन के नाम पर टेस्ट में 507 विकेट दर्ज हैं। भारतीय कप्तान ने रजत पाटीदार का भी समर्थन किया। रोहित ने कहा कि पाटीदार योग्य खिलाड़ी है। मैं उसे पसंद करता हूं। मैं उसे एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में देखता हूं। हमें उसे कुछ और समय देना होगा। रोहित ने कहा कि टीम की मुश्किल परिस्थितियों में वापसी करने की क्षमता असाधारण है।

# मां ने अस्पताल में कहा था, टेस्ट मैच चल रहा है तुम्हें जाना चाहिए: अश्विन

धर्मशाला, एजेंसी



- माता-पिता के त्याग को याद कर भावुक हुए भारतीय ऑफ स्पिनर

चेन्नई के अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में लेटी चित्रा रविचंद्रन बार-बार बेहोश हो रही थीं, लेकिन जब उन्होंने बेटे अश्विन को अपने पास देखा तो उनके मन में बस एक सवाल था, 'तुम यहां क्यों आए?' मां के बीमार होने होने पर अश्विन राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच के बीच में घर चले गए। अश्विन की मां अचेत थी और अस्पताल में भर्ती थी।

अश्विन ने कहा कि जब मैं अस्पताल पहुंचा, तो मेरी माँ होश में आने के बाद बेहोश हो जा रही थी। मुझे वहां देखने के बाद उन्होंने पहली चीज मुझसे पूछी, 'तुम क्यों आए'? अगली बार जब वह होश में आई तो उसने कहा, मुझे लगता है कि तुम्हें वापस जाना चाहिए क्योंकि टेस्ट मैच चल रहा है। इस ऑफ स्पिनर ने अपने माता-पिता रविचंद्रन और चित्रा के त्याग को याद करते हुए कहा कि दोनों ने उन्हें क्रिकेटर बनाने के लिए कई कुर्बानियां दी है।

उन्होंने कहा कि मेरा पूरा परिवार क्रिकेट और मेरे करियर को सुविधाजनक बनाने के लिए बना है। यह आसान नहीं है। यह उनके लिए कठिन रहा है। यह उनके लिए भावनात्मक तौर पर काफी उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। मैं अब 35 साल से अधिक का हूं और मेरे पिता अब भी ऐसे मैच देखते हैं जैसे यह मेरा पहला मैच हो। यह उनके लिए बहुत मायने रखता है। अगर मै तुलना करूं तो मेरे मैच मुझ से ज्यादा उनके लिए मायने रखते हैं। अश्विन के पिता क्रिकेट के प्रशंसक है। वह टीएनसीए के प्रथम श्रेणी लीग मैचों को देखने के लिए भी मैदान पर मौजूद रहते हैं।

## खेल डायरी

### विदर्भ रणजी फाइनल में, अब मुकाबला मुंबई से

**नागपुर, एजेंसी।** तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर की गेंदबाजी से विदर्भ ने बुधवार को मध्य प्रदेश को 62 रन से हराकर रणजी के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना 41 बार के चैंपियन मुंबई से होगा। मध्य प्रदेश ने मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 228 रन से आगे बढ़ाई। तब वह लक्ष्य से 93 रन पीछे था लेकिन ठाकरे और ठाकुर (दोनों दो-दो विकेट) की तेज गेंदबाजी के सामने उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए और टीम 258 रन पर आउट हो गई। यह तीसरा अवसर है जबकि विदर्भ ने रणजी फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले दोनों अवसरों पर वह चैंपियन बना था। उसने 2017-18 में दिल्ली और 2018-19 में सौराष्ट्र को हराया था। मध्य प्रदेश 2021-22 का रणजी चैंपियन है। उसके सामने 321 रन का लक्ष्य था तथा 6 विकेट गंवाने के बावजूद उसके पास जीतने का मौका था लेकिन उसके निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं चल सके। ठाकरे ने कल के अविजित बल्लेबाज कुमार कार्तिकेय को बोल्ड करके उन्हें खाता भी नहीं खोलना दिया। ठाकरे ने अनुभव अग्रवाल (0) को भी बोल्ड करके मध्य प्रदेश का स्कोर 8 विकेट पर 234 रन कर दिया। सारांश जैन (25) ने कुछ देर तक संघर्ष किया। ठाकुर ने उनको बोल्ड करके विदर्भ की जीत तय की।

**इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट**

### अंतिम क्वालीफाइंग राउंड में हारे नागल

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में द. कोरिया के सियोंग चान होंग से हार गए। मंगलवार को खेले गए इस मैच में नागल को 6-2, 2-6, 6-7 (4-7) से हार का सामना करना पड़ा। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिका के खिलाड़ी स्टीफन डोस्टानिक को सीधे सेटों में हराया था। क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हारने के बावजूद नागल को 10 रैंकिंग अंक और 14400 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। नागल इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे।

### एमबापे के दो गोल की मदद से पीएसजी क्वार्टर फाइनल में

**सैन सेबेस्टियन (स्पेन), एजेंसी।** किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने रीयाल सोसिडाड को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी की जीत में दोनों गोल एमबापे ने किए जिससे उनकी टीम 4-1 के अंतर से जीत गई। पीएसजी ने पहले दौर का मैच 2-0 से जीता था और उसमें भी एमबापे ने एक गोल किया था। एमबापे पहले ही कह चुके हैं कि पीएसजी के साथ यह उनका अंतिम सत्र होगा। पीएसजी ने अभी तक चैंपियंस लीग का खिताब नहीं जीता है। वह 2020 में उपविजेता रहा था जबकि 2021 में उसने सेमीफाइनल ने जगह बनाई थी। इस बीच म्यूनिख में खेले मैच में बायर्न म्यूनिख ने हैरी केन के दो गोल से लाजियो को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ी होंगे सरकारी नौकरी के पात्र: अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी मिलेगी। ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया पैरा गेम्स और खेलो इंडिया विंटर गेम्स के सभी खेलों के खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में मौका मिलेगा। खेल मंत्री ने एक्स पर लिखा, हमारे प्रधानमंत्री के अनुरूप एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के दृष्टिकोण को जमीनी स्तर पर प्रतिभा का पोषण करना और खेल को आकर्षक और व्यवहार्य करियर विकल्प में बदलना। खेलो इंडिया एथलीट अब सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, इंडिया स्पोर्ट्स के परामर्श से यह अभूतपूर्व कदम अब खेलो इंडिया गेम्स- यूथ, यूनिव से पदक विजेताओं की सरकारी नौकरियों के लिए पात्रता बढ़ाता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न खेलों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए खेलों और आयोजनों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। ये संशोधित नियम भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने में हमारे एथलीटों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक हैं।

# मैच को यादगार बनाने उतरेगा भारत जीत संग स्वदेश जाना चाहेगा इंग्लैंड

## भारतीय ऑफ स्पिनर अश्विन और इंग्लैंड के बेयरस्टो खेलेंगे अपना 100वां टेस्ट मैच

धर्मशाला, एजेंसी



तीन मैच में जीत से श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को अपने स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए यादगार बनाने की कोशिश करेगी जिनका यह 100वां मैच होगा। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां मैच होगा और उनकी टीम भी जीत के साथ अभियान का समापन करने को प्रतिबद्ध है।

भारत ने रांची में चौथा टेस्ट जीत कर घरेलू धरती पर शानदार रिकार्ड बरकरार रखा। अब भारत की निगाह श्रृंखला 4-1 से जीत कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचने की है। वहीं, यहां की पिच और मौसम को देखकर इंग्लैंड को घरेलू धरती पर होने का अहसास हो रहा है। मैच के पहले दो दिन तापमान 10 डिग्री तक रहने की संभावना है। मैच की पूर्व संध्या पर पिच सपाट नजर आ रही है लेकिन नमी से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन स्पिनरों की भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता है।

हाल में यहां खेले गए रणजी मैचों में टीमों ने कई बार 300 रन से अधिक का स्कोर बनाया। बड़ौदा ने एक मैच में 482 रन बनाए जो वर्तमान सत्र में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर है। हालांकि भारत के दो तेज गेंदबाजों और तीन स्पिनरों के साथ उतरने की संभावना है। जसप्रीत बुमराह की वापसी से भारतीय आक्रमण मजबूत हुआ है। मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी और अश्विन, जडेजा और कुलदीप के कंधों पर स्पिन की जिम्मेदारी होगी। कुलदीप ने 2017 में इसी मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। केएल राहुल ने अभी तक पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं की है और ऐसे में रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। टीम में जगह बनाए रखने के लिए यह उनके पास आखिरी मौका हो सकता है।

भारतीय टीम प्रबंधन के पास मध्यक्रम में देवदत्त पडिक्कल के रूप में एक अन्य विकल्प है। सरफराज खान ने राजकोट में पहले मैच में शानदार बल्लेबाजी की थी लेकिन रांची में उनका बल्ला नहीं चला था और वह उसकी भरपाई यहां करना चाहेंगे। यशस्वी जायसवाल एक और बड़ी पारी खेल कर किसी एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बनने की कोशिश करेंगे। केवल सुनील गावस्कर के नाम यह उपलब्धि हैं।

**मैच : सुबह 9.30 बजे से**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

**इंग्लैंड :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर।

# धर्मशाला की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल: स्टोक्स

धर्मशाला, एजेंसी



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने धर्मशाला की पिच को पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल बताया और यही मुख्य कारण है कि उन्होंने भारत के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट के लिए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को टीम में नहीं चुना।

धर्मशाला में सामान्य से अधिक ठंड होने से गेंदबाजों की दिलचस्पी बनी रहती है लेकिन पिच पर कोई घास नहीं छोड़े जाने से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इंग्लैंड ने अंतिम एकादश में ओली रोबिन्सन की जगह मार्क वुड को लिया है। स्टोक्स ने कहा कि यहां पहुंचने से पहले हम सोच रहे थे कि आक्रमण में 3 तेज गेंदबाज और 1 स्पिनर शामिल होगा लेकिन फिर जब हमने विकेट देखा और आज इसे फिर से देखा तो मुझे लगता है कि दो तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों के साथ जाना शायद सही होगा।

उन्होंने कहा कि हमें लगा कि हम जहां हैं, उसके कारण शायद विकेट पर थोड़ी घास होगी लेकिन विकेट बल्लेबाजी के अनुकूल दिखता है इसलिए दो तेज गेंदबाजों को खेलना और फिर भी बैश (शोएब बशीर) तथा टॉम (हार्टले) के होने से हमें एक अच्छा मिश्रण मिलता है। मैं इस बारे में थोड़ा अनिश्चित हूं कि जैसे-जैसे टेस्ट आगे बढ़ेगा तो क्या होगा। इंग्लैंड ने स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में शुरू हुए 'बैजबॉल' युग में पहली बार टेस्ट श्रृंखला गंवाई है।

### इंग्लैंड ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों पर लगाया दांव

**धर्मशाला।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजी के साथ स्पिनरों को टीम में तरजीह दी है। इंग्लैंड की टीम और प्रबंधन ने बुधवार को पिच का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद उन्होंने टीम में एक बदलाव करते हुए तेज गेंदबाजों को कल होने वाले मैच में खिलाने के लिए ओली रॉबिन्सन की जगह मार्क वुड प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। इंग्लैंड ने कल के टेस्ट के लिए स्पिनर टॉम हार्टले और शोएब बशीर को टीम में बरकरार रखने का फैसला किया। हालांकि चौथे टेस्ट में 70 ओवर के दौरान बशीर की उंगली में चोटिल हो गई थी।

# केवल 'वास्तविक' पहलवानों को ही ट्रायल्स में भाग लेने देगा महासंघ

नई दिल्ली, एजेंसी




कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने स्पष्ट किया है कि वह 10 मार्च से शुरू होने वाले दो दिवसीय चयन ट्रायल्स में केवल उन्हीं पहलवानों को भाग लेने की अनुमति देगा जो अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। डब्ल्यूएफआई ने पहलवानों को एक से अधिक वजन वर्गों में प्रतिस्पर्धा की अनुमति का भी फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई ने लिखा कि जयपुर में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहलवान अपने राज्य की वास्तविकता की पुष्टि करने के लिए डब्ल्यूएफआई की लाइसेंस बुक, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लेकर आएंगे। हरियाणा के कई पहलवानों ने जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा कराई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अरुणाचल और सिक्किम का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि सिक्किम और अरुणाचल मान्यता प्राप्त इकाइयां नहीं है। हम किसी को प्रतिस्पर्धा से नहीं रोक सकते हैं लेकिन पहलवान को अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करना होगा। अगर अरुणाचल का कोई पहलवान ट्रायल्स में आता है तो हम उसे भाग लेने की अनुमति देंगे।

# शबनीम ने महिला क्रिकेट में सबसे तेज गेंद फेंकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 130 किमी से अधिक की रफ्तार से द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज ने डाली गेंद



द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर नया इतिहास रचा। गेंद की रफ्तार नापने वाली मशीन 'स्पीड गन' आने के बाद यह पहला अवसर है जबकि महिला क्रिकेट में किसी गेंदबाज ने 130 किमी से अधिक की रफ्तार से गेंद की।

डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस से खेलते हुए इस्माइल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान 132.1 किमी (80.08 मील) प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करके नया रिकॉर्ड बनाया। महिला क्रिकेट की यह सबसे तेज गेंद ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग के पैड से टकराई। यह तीसरे ओवर की दूसरी गेंद थी। मुंबई के खिलाड़ियों ने पगबाधा की अपील की लेकिन अंपायर ने ठुकरा दिया। द. अफ्रीका से महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली इस्माइल ने पिछले साल घरेलू धरती पर खेली गई इस प्रतियोगिता के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने 2022 में महिला विश्व कप के दौरान दो बार 127 किमी की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने कहा कि जब मैं गेंदबाजी करती हूं तो वास्तव में बड़ी स्क्रीन की तरफ नहीं देखती हूं। इस्माइल हालांकि इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई तथा उन्होंने 4 ओवर में 46 रन देकर 1 विकेट लिया।

# बॉलीवुड हलचल

## अजय देवगन की फिल्म मैदान का पोस्टर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर मैदान का पोस्टर शेयर किया, जिसमें उन्हें युवाओं को गले लगाते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर में टैगलाइन है 'एक आदमी, एक विश्वास, एक भावना और एक राष्ट्र'। अजय देवगन ने पोस्टर के कैप्शन में लिखा, एक व्यक्ति, एक टीम, एक राष्ट्र और उस अटूट विश्वास का गवाह बनें, जिसने फुटबॉल के इतिहास पर एक अविश्वसनीय छाप छोड़ी। फिल्म में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद पर रिलीज होने वाली है।

### योद्धा के लिए सिद्धार्थ ने की कड़ी मेहनत



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने फिल्म योद्धा के लिए कड़ी मेहनत की है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। योद्धा में सिद्धार्थ आर्मी जवान हैं। फिल्म में कई एक्शन दृश्य हैं। कोरियोग्राफर क्रेग मैक्रै ने चाकू की तकनीक और हाथ से हाथ का मुकाबला डिजाइन किया है। सिद्धार्थ की छह महीने की तैयारी में फिटनेस आहार भी शामिल था। पुष्कर ओझा ने कहा कि हमने बेहतरीन विवरण के साथ स्टोरीबोर्ड किया। फिर, फाइट कोरियोग्राफर हमारे साथ बैठा और इसमें जोड़ा। जब सिद्धार्थ ने दृश्य में प्रवेश किया, तो उन्होंने सबसे पहले मॉक सेट पर एक्शन किया। निर्देशक सागर आम्ब्रे का कहना है कि उन्होंने सिद्धार्थ के किरदार अरुण को पारिवारिक व्यक्ति के रूप में गढ़ा है। अरुण सच्चे सैनिक हैं।

## देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'देवरा' से उनका लुक रिलीज कर दिया गया है। 'देवरा : भाग 1' में मैन ऑफ मास एनटीआर जूनियर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार जाह्नवी कपूर आज अपना जन्मदिन मना रही हैं और उन्हें विश्व स्तर पर शुभचिंतकों और नेटिज़न्स से प्यार मिल रहा है। आज विशेष अवसर को चिह्नित करते हुए, 'देवरा : पार्ट 1' के निर्माताओं ने जाह्नवी कपूर को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और एक नए पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें जाह्नवी 'थंगम' के किरदार में नजर आ रही हैं। निर्माताओं ने लिखा, हमारी प्यारी थंगम, जाह्नवी कपूर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! जाह्नवी ने इसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया और लिखा, सेट पर वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती, कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 10 अक्टूबर 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

### रामचरण संग आरसी 16 में होंगी जाह्नवी

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों के स्टार रामचरण के साथ फिल्म आरसी 16 में नजर आएगी। जाह्नवी कपूर का आज जन्मदिन है। इस खास दिन पर जाह्नवी कपूर की एक फिल्म की अनाउंसमेंट भी हुई है, जिसमें वह राम चरण के साथ नजर आएंगी। वृद्धि सिनेमा प्रोडक्शन कंपनी और मैत्री मूवी मेकर्स ने जाह्नवी की एंट्री आरसी 16 में कन्फर्म की है। यह फिल्म पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होगी। इस फिल्म को सुकुमार ने लिखा है और एआर रहमान ने संगीत तैयार किया है।

## जीनत बोलीं- मेरे बिना मेरी बायोपिक बनाना मूर्खता



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जीनत अमान ने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है जीनत सोशल मीडिया पर लगातार फैंस को अपना अपडेट देती रही हैं। जीनत ने इंस्टाग्राम पर अपनी पुरानी फोटो शेयर की और इसी के साथ मैसेज भी लिखा। इसमें उन्होंने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है। जीनत ने कैप्शन में लिखा, हो सकता है कि आप इसे एक बूढ़ी औरत की शिकायत कहकर खारिज कर दें, लेकिन मेरी राय में, मुझे शामिल किए बिना मेरे बारे में बायोपिक बनाना मूर्खता होगी। बिल्कुल स्पष्ट रूप से, कोई भी मुझे उस तरह नहीं जानता जैसे मैं जानती हूं। इसलिए इस संबंध में कोई भी शोध मेरे इनपुट के बिना अधूरी, यहां तक कि त्रुटिपूर्ण भी होगा। मैं शर्त लगाती हूं कि मेरे बारे में सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हर तथ्य के लिए सैकड़ों और तथ्य हैं जो केवल मुझे पता हैं। यहां बहुत सारे मील के पत्थर, उपाख्यान और व्यक्तिगत रहस्योद्घाटन हैं जो मेरी यात्रा को समझने के लिए अभिन्न अंग हैं। यह वास्तव में एक दिलचस्प जीवन रहा है। जीनत ने लिखा, संभावित बायोपिक को लेकर मेरी बात हुई है और मैं खुद धीरे-धीरे इस विचार पर विचार कर रही हूं। क्या ऐसा होगा? कौन जानता है? मेरी बायोपिक के लिए संवेदनशील निर्देशक, बहादुर लेखक, बेदाग कलाकार की जरूरत होगी...!

### बिग गर्ल्स डोंट क्राई का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो की नई सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' एक गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल की कहानी है और इसमें सारे मुख्य किरदार यंग लड़कियां हैं। यह सीरीज नित्या मेहरा द्वारा बनाई गई है और इसका निर्देशन सुधांशु सरिया, करण कपाड़िया और कोपल नैथानी के साथ नित्या ने किया है। बिग गर्ल्स डोंट क्राई ट्रेलर' का ट्रेलर 'वंदना वैली' स्कूल में बोर्डिंग लाइफ की झलक दिखाता है, जहां 7 लड़कियों का एक ग्रुप स्कूल पर शासन करने के इरादे से अपने आखिरी साल की तैयारी कर रहा है। एक लड़की, काव्या यादव दोस्त बनाने और जीवन जीने की उम्मीद में स्कूल में आती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चल जाता है कि यहां के माहौल में ढलने के लिए उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' 14 मार्च से अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### रूस में भारतीय नागरिक की मौत भारतीय दूतावास ने दी जानकारी

**मॉस्को।** रूस में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। भारतीय दूतावास ने बताया है कि मृतक की पहचान मोहम्मद असफान के रूप में हुई है। हालांकि दूतावास ने उसकी मौत की परिस्थितियों के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। फिलाहल दूतावास अधिकारी भारत भेजने की तैयारी कर रहें है। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय नागरिक असफान की मृत्यु के बारे में पता चला है। हम परिवार और रूसी अधिकारियों के संपर्क में हैं। मिशन उनके शव को भारत भेजने का प्रयास करेगा। मीडिया में आईं खबरों मुताबिक रूसी सेना में सुरक्षा सहायक के रूप में भर्ती किए गए कई सीमावर्ती क्षेत्रों में लड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

### रूस-चीन चंद्रमा पर परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की बना रहे योजना

मॉस्को। रूस और चीन अगले दशक में चंद्रमा पर परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की परियोजना पर विचार कर रहे हैं। अंतरिक्ष उड़ानों और अनुसंधान के लिए जिम्मेदार रोस्कोस्मोस के सीईओ यूरी बोरिसोव ने कहा कि इस तरह के मिशन को स्वचालित रूप से अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तकनीकी समाधान लगभग तैयार हैं। बोरिसोव ने कहा कि हम 2033 और 2035 के बीच अपने चीनी भागीदार के साथ संयुक्त रूप से चंद्रमा तक पहुंचने और वहां एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की परियोजना पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

### नेपाल के त्रिशूली नदी में गिरी यात्री बस, सात की मौत

काठमांडू। नेपाल के बागमती प्रांत में बुधवार तड़के एक यात्री बस के नदी में गिर गई। घटना में महिला समेत सात लोगों की मौत हुई है, जबकि 30 अन्य घायल हुए हैं। नेपाल की मीडिया के मुताबिक काठमांडू जा रही यात्री बस पर घाटबेसी इलाके में चालक नियंत्रण नहीं रख सका, बस त्रिशूली नदी में गिर गई। धाडिंग जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौतम केसी ने कहा दुर्घटना में सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल सेना के साथ स्थानीय लोगों ने बचाया। घायलों को बचा लिया गया और स्थानीय स्वास्थ्य सुविधा में प्राथमिक उपचार के बाद आगे के इलाज के लिए काठमांडू ले जाया गया।

### छत्तीसगढ़ सरकार एनआईए की तर्ज पर एसआईए का गठन करेगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में कृषक उन्नति योजना शुरू करने,मीसा बन्दियों को दी जाने वाली सम्मान निधि को फिर से बहाल करने तथा एनआईए की तर्ज पर राज्य इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) के गठन का निर्णय लिया हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रि परिषद की बैठक में राज्य के किसानों की आय, फसल उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने और फसल की कास्त लागत में कमी करने के उद्देश्य से कृषक उन्नति योजना को मंजूरी दी गई।

# सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में द. कोरिया के साथ भारत में हो विस्तार: एस जयशंकर

सियोल, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत दक्षिण कोरिया के साथ महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करना चाहता है ताकि द्विपक्षीय संबंधों को और समकालीन बनाया जा सके।

जयशंकर ने अपने समकक्ष चो ताइ युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह अध्यक्षता करने के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2015 में दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। बता दें, जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में सोल में हैं। मंत्री ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि हम उस पर खरा उतरें। हम बीते वर्षों में मजबूती से आगे बढ़े हैं। हम एक दूसरे के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण भागीदार बन गए हैं। हमारे द्विपक्षीय आदान-प्रदान, व्यापार, निवेश, रक्षा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग सभी ने सहयोग के पारंपरिक क्षेत्रों में गति बनाए रखते हुए एक स्थिर विकास देखा है।


दक्षिण कोरिया के सियोल में राष्ट्रीय संग्रहालय में भारत की बौद्ध कला प्रदर्शनी को देखते जयशंकर।

### हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते

जयशंकर ने कहा, मैंने बहुत उम्मीदों के साथ संयुक्त आयोग से संपर्क किया था। मैं जानता हूं कि हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते हैं। हमारी चुनौती इसे व्यावहारिक परिणामों में बदलना है। उन्होंने कहा, हमारे नेताओं ने पिछले साल हिरोशिमा और नई दिल्ली में दो बार मुलाकात की। मुझे लगता है कि उनकी चर्चा ने हमें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया है।

# राष्ट्रपति चुनाव: ट्रंप और बाइडन की भिड़ंत तय, दौड़ से बाहर हुईं निक्की हेली

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला होगा। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी 52 वर्षीय निक्की हेली को चुनावी दौड़ से बाहर कर दिया है, लेकिन वह किसी भी अन्य रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी की तुलना में लंबे समय तक 77 वर्षीय ट्रंप के सामने टिकी रहीं।

### पार्टी के समर्थक एकजुट: ट्रंप



डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात को घोषणा की कि रिपब्लिकन के समर्थक उनके पीछे एकजुट है, लेकिन कुछ ही समय बाद एक बयान में हेली के प्रवक्ता ओलिविया पेरेज-क्यूबास ने कहा, केवल यह दावा करने से एकता हासिल नहीं होती है, हम एकजुट हैं। सुपर ट्यूजडे के चुनाव बाद ट्रंप के पास 893 डेलीगेट हो गए हैं, जबकि हेली को 66 डेलीगेट का समर्थन है। पार्टी उम्मीदवारी के लिए कम से कम 1215 डेलीगेट की जरूरत होती है। परेज क्यूबास ने कहा कि आज एक के बाद एक राज्य में रिपब्लिकन प्राथमिक मतदाताओं का एक बड़ा समूह बना हुआ है, जो डोनाल्ड ट्रंप के बारे में गहरी चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

### डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में राष्ट्रपति बाइडन की बल्ले-बल्ले



जो बाइडन को प्राइमरी चुनाव में किसी भी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने अभी तक सभी डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में कामयाबी हासिल की। जिसका मतलब साफ है कि डेमोक्रेटिक नामांकन के लिए बाइडन के सामने अन्य नेता मैदान में नहीं है। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन के सामने ट्रंप एक बार फिर से देखे जा सकेंगे।

### किसने कितना फंड जुटाया

राष्ट्रपति बाइडन ने प्रचार फंड में सितंबर तक 590 करोड़ रुपये जुटाए हैं। उनका औसतन दान 40 डॉलर (3324 रुपये) का था और 97% दानदाताओं ने 200 डॉलर (16621 रुपये) से कम पैसे दिए थे। वहीं, ट्रंप ने पिछले 9 महीनों में 598 करोड़ रुपये जुटाए हैं। दूसरी तरफ निक्की हेली का फंड 340 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

### हेली राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस से पीछे हटी



हेली के करीबी ने बताया है कि, उन्होंने फैसले की पुष्टि की कि राष्ट्रपति पद के लिए अपना नाम वापस ले रहीं है। हेली उदारवादी रिपब्लिकन और स्वतंत्र मतदाताओं के गठबंधन का समर्थन अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। बता दें फरवरी 2023 में रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति बनने की रेस में ट्रंप के खिलाफ वह सामने आई थी। गौरतलब है कि निक्की हेली के पीछे हटने की चर्चाओं के बाद ट्रंप का रिपब्लिकन से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने का रास्ता साफ हो गया है।

# भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वे नवीनीकरण नहीं करेगा मालदीव

## मुइज्जू बोले-जलीय सीमा में खुद ही सर्वेक्षण करेंगे, इसके लिए सरकार बना रही योजना

माले, एजेंसी

भारत और मालदीव के बीच राजनयिक तनाव बना हुआ है। ऐसे में माले ने नई दिल्ली को एक और झटका देते हुए मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वे को समाप्त करने का मन बनाया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू नहीं किया जाएगा।

राष्ट्रपति मुइज्जू ने एलान किया कि भारत के साथ मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू नहीं किया जाएगा और इस अभ्यास के लिए आवश्यक सुविधाओं और मशीनों को हासिल करने की योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने कहा, पिछले साल चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद से भारत-मालदीव संबंधों को झटका लगा है। नवंबर 2023 में शपथ लेने के कुछ घंटों बाद ही मुइज्जू ने मालदीव की संप्रभुता सुनिश्चित करने की कसम खाई और पहला कदम उठाते हुए भारत से अपने सभी सैनिकों को वापस लेने की मांग करने लगा। मुइज्जू ने यह एलान एक चीनी रिसर्च जहाज 'जियांग यांग होंग 03' माले के आसपास तकरीबन एक सप्ताह का वक्त गुजारने के कुछ दिनों बाद किया। मुइज्जू ने सोमवार को जिन द्वीपों का दौरा किया था उनमें से एक पर एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मालदीव का रक्षा मंत्रालय स्वयं ही हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के लिए जरूरी सुविधाएं हासिल करने की कोशिशों में जुटा हुआ है। गौरतलब है कि मुइज्जू की हालिया घोषणा को चीनी अनुसंधान पोत की गतिविधि से भी जोड़ा जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण मामले में मुइज्जू का बयान चीनी पोत के माले के आसपास लगभग एक सप्ताह और मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के ठीक बाहर एक महीने से अधिक समय बिताने के कुछ दिनों बाद आई है।

### पूर्ववर्ती सरकार ने किया था भारत से समझौता



तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के नेतृत्व में प्रशासन ने मालदीव के पानी के नीचे की विशेषताओं का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण कराने के लिए भारत सरकार के साथ एक समझौत पर दस्तखत किए थे, लेकिन मौजूदा राष्ट्रपति ने इस समझौते को रिन्यू करने से इनकार करते हुए कहा कि हम अपने पानी के भीतर की विशेषताओं के बारे में खुद ही सभी जानकारियां हासिल करेंगे और चार्ट तैयार करेंगे।

### जरूरी मशीन अपने स्तर से हासिल कर रही मालदीव सरकार

खबरों के मुताबिक मालदीव का रक्षा मंत्रालय हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के लिए जरूरी मशीन और सुविधाएं अपने स्तर पर हासिल करने के प्रयास कर रहा है। मालदीव की मीडिया ने राष्ट्रपति के हवाले से बयान जारी किया गया। इसके मुताबिक राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि मालदीव को अपनी जलीय सीमा के भीतर खुद ही सर्वेक्षण की अनुमति मिल जाएगी। इसके बाद सरकार समुद्र के भीतर की विशेषताओं के बारे में सभी जानकारियां हासिल कर सकेगी। जानकारी जुटाने के बाद चार्ट तैयार किया जाएगा।

## फांसी से पहले पूर्व पीएम जुल्फिकार भुट्टो का ट्रायल निष्पक्ष नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो, जिन्हें 44 साल पहले हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद फांसी दी गई थी, को निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिली। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संस्थापक भुट्टो, जो अब उनके पोते और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा संचालित हैं, को 1979 में दिवंगत जनरल जिया-उल-हक के सैन्य शासन के तहत एक मुकदमे के बाद फांसी दे दी गई थी।

मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने फैसले का सीधा प्रसारण करते हुए कहा, हमने नहीं पाया कि निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया की आवश्यकताएं पूरी की गईं। उन्होंने कहा कि यह उनकी अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ का सर्वसम्मत निर्णय था। यह फैसला भुट्टो जरदारी के पिता आसिफ अली जरदारी द्वारा 2011 में राष्ट्रपति के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान दायर एक न्यायिक संदर्भ के जवाब में आया था। इसमें पीपीपी संस्थापक को दी गई मौत की सजा पर फिर से विचार करने पर शीर्ष अदालत से राय मांगी गई थी।

# सिंगापुर शीर्ष कोर्ट की जज संविधान पीठ में हुई शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी



- बतौर मेहमान जूडिथ प्रकाश खनिज-खनन पर रॉयल्टी टैक्स को लेकर करेंगी सुनवाई

सिंगापुर सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जूडिथ प्रकाश को बुधवार को भारतीय सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ में शामिल किया गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में नौ जजों की ये पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है कि क्या केंद्र सरकार द्वारा खनिज-खनन पर ली जाने वाली रॉयल्टी को टैक्स माना जा सकता है या नहीं।

जस्टिस जूडिथ प्रकाश संविधान पीठ में बतौर मेहमान जज शामिल की गई हैं। जूडिथ प्रकाश दिल्ली आर्बिट्रेशन वीकेंड में शामिल होने के लिए भारत आई हुई हैं। बुधवार को जस्टिस जूडिथ प्रकाश का स्वागत करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कुछ महीने पहले सिंगापुर के मुख्य न्यायाधीश सुंदरेश मेनन हमारे साथ थे और जस्टिस जूडिथ प्रकाश हमारे बीच हैं। वे दिल्ली आर्बिट्रेशन वीक में शामिल होने आई हैं, जहां वे संबोधन देंगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और खनिज-खनन पर रॉयल्टी मामले में दलीलें रख रहे वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने भी जस्टिस जूडिथ प्रकाश का स्वागत किया।

### महिलाओं को बड़े पदों पर बढ़ावा देना अहम कदम

महिलाओं से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा कि महिलाओं को बड़े पदों पर बढ़ावा देना और सम्मेलनों में मुख्य वक्ताओं के रूप में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना, पैनलों में उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना अचेतन पूर्वाग्रह पर काबू पाने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बढ़ावा देने से वास्तविक मूल्य को पहचान मिलेगी। न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा कि युवा महिला वकीलों को इंटर्नशिप देने, कानूनी विभागों और सरकारी क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के दरवाजे खोलने से कानून फर्मों, न्यायाधीशों और न्यायाधिकरणों और आयोगों के सदस्यों के रूप में उनके भविष्य में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। कोहली ने कहा कि निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए मध्यस्थों के बीच लिंग आधारित विविधता अनिवार्य है।

### पीएम के स्वागत के लिए तैयार घाटी...



**श्रीनगर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सात मार्च को घाटी दौरे पर हैं। पूरे जम्मू-कश्मीर में असाधारण सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पीएम के दौरे से एक दिन पहले झेलम नदी पर गश्त करते मरीन कमांडो। घाटी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तैयार है। पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पीएम मोदी की ये घाटी की पहली यात्रा होगी। ● एजेंसी

# अमेरिकी युद्धक जहाजों पर हूती विद्रोहियों का हमला

दुबई, एजेंसी



- लाल सागर में बढ़ा तनाव, हूती संगठन के प्रवक्ता ने दी जानकारी

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के दो युद्धक जहाजों को लाल सागर में निशाना बनाने का दावा किया है। हूती संगठन के प्रवक्ता याहया सरेया ने टेलीविजन पर जारी किए गए बयान में ये बड़ा दावा किया है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि उन्होंने लाल सागर में अमेरिका के दो युद्धक जहाजों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। हालांकि अभी तक अमेरिका की तरफ से इसे लेकर कोई बयान सामने नहीं आया है।

इजराइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से ही हूती विद्रोही फिलिस्तीन के समर्थन में अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग रूट पर लाल सागर, अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इन हमलों के चलते कई व्यापारिक फर्म ने अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट की बजाय अपने जहाजों को दक्षिण अफ्रीका के लंबे रूट से भेजना शुरू कर दिया है। इसके चलते दुनिया में महंगाई बढ़ने की आशंका है। साथ ही हूती विद्रोहियों के हमले से इस्राइल हमास युद्ध के पूरे अरब क्षेत्र में फैलने का खतरा बढ़ गया है। अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग रूट की सुरक्षा के लिए अमेरिका ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर निगरानी बढ़ा दी है।

# प्राकृतिक कारणों से हुई थी एलेक्सी नवलनी की मौत

मॉस्को, एजेंसी



- मौत पर उपजे अंतर्राष्ट्रीय आक्रोश पर विदेशी खुफिया के निदेशक ने दिया बयान

रूस की विदेशी खुफिया सेवा के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि नेता एलेक्सी नवलनी की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। उनका यह बयान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर विरोधी की मौत पर उपजे अंतर्राष्ट्रीय आक्रोश को शांत करने के क्रेमलिन के प्रयासों को दर्शाता है।

विदेशी खुफिया सेवा के निदेशक सर्गेई नारीश्किन ने एक साक्षात्कार में यह बयान दिया। उन्होंने जेल में नवलनी की मौत का कारण नहीं बताया। लेकिन उन्होंने कहा कि देर-सबेर जीवन समाप्त हो जाता है और लोग मर जाते हैं। उसी तरह नवलनी की मृत्यु भी प्राकृतिक कारणों से हुई है। उन्होंने कहा, नवलनी की 16 फरवरी को मास्को से लगभग 1,900 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित एक जेल में मौत हो गई थी। वह चरमपंथ के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे।

रूसी अधिकारियों ने अब तक उनकी मौत के कारण की घोषणा नहीं की है और कई पश्चिमी नेताओं ने इसके लिए पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, क्रेमलिन ने आरोप को खारिज कर दिया। नवलनी को शुक्रवार को मास्को में दफनाया गया।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में संदिग्ध नक्सलियों ने भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी है। बता दें, पिछले एक साल में प्रभावित इलाकों में भाजपा नेता की यह आठवीं हत्या है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के जांगला थाना क्षेत्र के अंतर्गत भुर्रीपानी गांव के निकट संदिग्ध नक्सलियों ने कैलाश नाग (40) की हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। जानकारी मिलने पर पुलिस के दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। नाग भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष थे। पुलिस ने कहां आगे की जांच की जा रही है।

# गुजरात दंगों के 22 साल बाद गुलबर्ग सोसाइटी में लौटी रौनक

अहमदाबाद, एजेंसी

- गोधरा कांड के बाद एक परिवार में हुई शादी, सेरेमनी में शामिल हुए स्थानीय लोग

गुजरात में गोधरा कांड के बाद फैले दंगे के दौरान अहमदाबाद की गुलबर्ग सोसाइटी में हिंसा भड़क गई थी। दंगों में 69 लोगों की मौत हुई थी। हिंसा के बाद अधिकतर लोग गुलबर्ग सोसाइटी छोड़कर चले गए थे और यह इलाका वीरान सा हो गया था। अब गुजरात दंगों के 22 साल बाद गुलबर्ग सोसाइटी में पहली बार जश्न मना।

दरअसल यहां एक परिवार में शादी हुई, जिसका हल्दी का कार्यक्रम गुलबर्ग सोसाइटी में आयोजित किया गया। गुलबर्ग सोसाइटी के रहने वाले रफीक मंसूरी की 19 साल की बेटी मिसबाह की बुधवार को शादी है। शादी से पहले रफीक मंसूरी, उनके दोस्त और परिवार के अन्य लोग गुलबर्ग सोसाइटी में इकट्ठा हुए और मिसबाह की हल्दी सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान फिल्मी गानों पर लोगों ने डांस किया और खाना-पीना खाया। रफीक मंसूरी ने बताया कि बीते 22 वर्षों में पहली बार गुलबर्ग सोसाइटी में जश्न मनाया गया, जो कि 2002 के दंगों के बाद से लगभग वीरान पड़ी हुई थी। शादी का समारोह मध्य प्रदेश के बड़वानी में हो रहा है।

रफीक मंसूरी ने बताया कि दंगों के दौरान उन्होंने अपने परिवार को 19 लोगों को खोया था। दंगों के बाद यहां रहने वाले लोग पलायन कर गए थे, जिसकी वजह से गुलबर्ग सोसाइटी वीरान हो गई थी। मंसूरी ने बताया कि जब 2002 में दंगे हुए तो उस वक्त वे 30 साल के थे।

**विज्ञान** जीवन की तलाश की राह महासागरीय बर्फीले ग्रहों की ओर बढ़ी

# शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ऐसा कैसे संभव है कि ब्रह्मांड में इकलौता जीवन पृथ्वी पर ही मौजूद है। खगोल वैज्ञानिक ऐसा सोचते हैं। जिस कारण पिछले कई दशकों से ब्रह्मांड में जीवन की तलाश में वैज्ञानिकों का बड़ा समूह जुटा हुआ है।

तलाश की यह राह अब महासागरीय बर्फीले उपग्रहों की ओर बढ़ चली है। शनि का उपग्रह एन्सेलेडस , बृहस्पति का यूरोपा और गेनीमेड पर वैज्ञानिको को यकीन है कि यह तीन उपग्रह बर्फ से ढके हुए हैं और इनकी सतह में महासागर समाए हुए हैं। इन महासागरों में जीवित जीवों के उद्भव की अनुकूल परिस्थितियाँ हो सकती हैं। इन चंद्रमाओं पर जीवन के संकेत मिले है। जिस कारण खगोलविद इन ग्रहों पर खुदाई कर जीवन तलाशने की योजना बना रहे हैं।

पृथ्वी से करोड़ों किलोमीटर दूर इन ग्रहों पर खुदाई का काम बेहद जटिल तकनीकी चुनौती है। इस खोज का आधार अंटार्कटिका की संरचना को बनाया गया है। अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने हालही में कई किमी में फैली अंटार्कटिका की विशाल बर्फ की सिल्लियों का अध्ययन किया है।

जिससे पता चला कि हमारी पृथ्वी पर मौजूद अंटार्कटिका की बर्फ की संरचना शनि व बृहस्पति के उपग्रहों से कई मायनों में समान हैं। जिस कारण इन ग्रहों पर जीवन की संभावना प्रबल नजर आती है और इस दिशा में कड़ी मेहनत के जरिए सफलता हासिल की जा सकती है। वैज्ञानिक इस खोज में लगें हुए है।


बर्फ से ढके बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा की तस्वीर।

### आधुनिक तकनीक के जरिए संभव है जीवन की खोज

खगोलविदों का मानना है कि पिछले पांच दशकों में दिनपरदिन तकनीक में सुधार आते रहे हैं। जिसके चलते ब्रह्मांड में खोज की दिशा में अद्वितीय सफलता हासिल कर चुके हैं। बृहस्पति व शनिग्रह हमसे बहुत दूर नही हैं। इन ग्रहों तक हमारी पहुच है और आधुनिक तकनीक के जरिए मंजिल तक पहुच सकते हैं और एक मुकाम हासिल कर सकते हैं।

# कम बीमार पड़ रहे लॉकडाउन में जन्में बच्चे, शोध में हुई पुष्टि

डबलिन, एजेंसी

- आयरलैंड की विवि के शोधकर्ताओं ने किया अध्ययन, बच्चों के पेट में अलग तरह के जीवाणु मिले



लॉकडाउन में पैदा हुए बच्चों का इम्यून सिस्टम पहले पैदा हुए बच्चों से बेहतर है। आयरलैंड की यूनिवर्सिटी कॉलेज कॉर्क के शोधकर्ताओं द्वारा किए अध्ययन में पाया गया कि जो बच्चे लॉकडाउन में पैदा हुए थे, उनके पेट के माइक्रोबायोम दूसरों से अलग हैं। इससे कोविड में जन्में बच्चों में पहले के बच्चों की तुलना में एलर्जी में कमी आई।

अध्ययन में पाया गया कि कोविड में पैदा हुए बच्चों में सिर्फ 5 फीसदी बच्चों को ही एलर्जी हुई, जबकि पहले ये दर लगभग चार गुना यानी 22.8 फीसदी थी। वहीं सिर्फ 17 फीसदी बच्चों को एक साल के अंदर किसी एंटीबायोटिक्स की जरूरत पड़ी। इससे पहले 1 साल तक 80 फीसदी बच्चों ने एंटीबायोटिक्स ली थी। मां के साथ पर्यावरण ने भी दिए एंटीबायोटिक गुण: गर्भवस्था में माताओं ने बच्चों को एंटीबायोटिक गुण दिए। बच्चों के जन्म के बाद उन्हें वातावरण से अतिरिक्त गुण मिले। लॉकडाउन के दौरान पर्यावरण में प्रदूषण कम होने से बच्चों में संक्रमण कम था क्योंकि वे कीटाणुओं-बैक्टीरिया के संपर्क में नहीं थे।